


# आदिवासी एक्सप्रेस

आमजन का एक मात्र हिंदी दैनिक अखबार

रांची, शनिवार
31 मई 2025
वर्षः 38, अंकः 175
पृष्ठः 12, मूल्यः 3 रु
RNI NO.: 49065/1989
DAVP CODE: 130961



देश
पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने किया सामलेश्वर महादेव मंदिर का रुद्राभिषेक



झारखंड
जदयू ने दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में नए उपायुक्त आदित्य रंजन को पुष्प गुच्छ भेंट कर किया स्वागत



हज़ारीबाग
एचजेडबी आरोग्यम कुणाल हॉस्पिटल का सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा भव्य उद्घाटन


# चाईबासा में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, आईईडी ब्लास्ट में एक जवान घायल

**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**चाईबासाः** पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराइकेला थाना अंतर्गत तिरिलपोसी में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है. इस मुठभेड़ में कोबरा बटालियन के एक जवान के घायल होने की सूचना है. इस घटना की पुलिस अधीक्षक कार्यालय से पुष्टि की गई है.



ओडिशा के केबलांग थाना क्षेत्र अंतर्गत लौह अयस्क खदान ले जा रहे विस्फोटक लदे ट्रक को नक्सलियों के द्वारा दो दिन पहले लूट लिया गया था. जिसके बाद झारखंड और ओडिशा पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान चलाया जा रहा था. इसी क्रम में शुक्रवार को जिला पुलिस और सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन-209 के संयुक्त दल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई.

घटना की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय से बताया गया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटु लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत और रापा मुंडा अपने दस्ता सदस्यों के साथ सारंडा-कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील होने की सूचना मिली थी.

सूचना के आधार पर चाईबासा पुलिस, कोबरा 203 BN, 209 BN, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ 26 BN, 60 BN, 134 BN, 174 BN, 193 BN, और 197 BN, की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है. इनके संबंध में विश्वस्त आसूचना प्राप्त होने के आलोक में 4 मार्च 2025 से एक विशेष संयुक्त अभियान छोटानागरा और जराईकेला थाना के सीमावर्ती जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है. अभियान के दौरान 30 मई 2025 को लगभग 12 बजे दोपहर में जराईकेला थाना अंतर्गत तिरिलपोसी के आस-पास पहाड़ी जंगल क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के उग्रवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई. मुठभेड़ के क्रम में सुरक्षा बलों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल और पहाड़ का लाभ उठाते हुए भाग खड़े हुए.

मुठभेड़ के बाद अग्रतर सर्च अभियान के दौरान विस्फोटक और अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री को बरामद किया गया. जिसे विधिवत जब्त किया गया है. वहीं दूसरी ओर उक्त क्षेत्र में सुरक्षा बलों को भ्रमित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये IED को विस्फोट किया गया. जिसकी चपेट में आने से कोबरा 209 BN, के सीटी/जीडी सुनील कुमार टीएस मामूली रूप से जख्मी हो गये. फिलहाल जख्मी जवान की स्थिति स्थिर है.

पुलिस बल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उक्त जख्मी जवान को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल भेजा जा रहा है. फिलहाल संचालित नक्सल विरोधी अभियान जारी है. सर्च अभियान के दौरान विस्फोटक समाग्री, वर्दी और अन्य दैनिक उपयोग के सामान बरामद किए गए हैं.

## जमशेदपुर में कोरोना का पहला केस, बेंगलुरू से लौटी महिला संक्रमित



**संवाददाता द्वारा**

**जमशेदपुरः** देश में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे है. झारखंड में भी धीरे-धीरे कोरोना पैर पसार रहा है. जमशेदपुर से कोरोना का पहला केस सामने आया है. पूर्वी सिंहभूम जिले की एक महिला रैपिड टेस्ट में कोरोना संक्रमित पाई गई है. हालांकि, अभी आरटीपीसीआर रिपोर्ट नहीं आई है. उक्त रिपोर्ट का इंतजार है. 44 वर्षीय महिला सरायकेला बाजार की रहने वाली है, फिलहाल वह कदमा में रह रही है. वह बीते 25 मई को बेंगलुरु से लौटी थी. जानकारी के अनुसार, बेंगलुरु से लौटने के बाद महिला महिला की तबीयत बिगड़ गयी. उसे इलाज के लिए कदमा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया. अस्पताल में रैपिड टेस्ट में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई, जिसके बाद महिला को उनके घर में ही आइसोलेट कर दिया गया है. इधर, स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि जब तक आरटीपीसीआर रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक कुछ कहा नहीं जा सकता है. मरीज का सैंपल लेकर जांच के लिए एमजीएम अस्पताल भेजा गया है. 48 घंटे में रिपोर्ट आने की संभावना है.

## 5 जून को राजभवन के समक्ष झामुमो का धरना-प्रदर्शन




**राजनीतिक संवाददाता द्वारा**

**रांची।** जनगणना प्रपत्र में अलग सरना धर्म कोड देने की मांग को लेकर झारखंड की सत्तारूढ़ राजनीतिक पार्टियां कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ज्यादा आक्रामक नजर आ रही हैं. अभी 26 मई को झारखंड कांग्रेस की ओर से राजभवन के समक्ष धरना-प्रदर्शन और 27 मई को झामुमो की ओर से राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन के कुछ ही दिन बीते हैं कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने एक और प्रदर्शन की घोषणा कर दी है.

झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झामुमो ने पहले से ही घोषणा कर रखा है कि अलग सरना धर्म कोड की मांग पूरी होने तक चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा. उसी कड़ी में 27 मई को राज्यव्यापी आंदोलन के बाद अब 5 जून को राजभवन के समक्ष विशाल धरना-प्रदर्शन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है. सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि अलग सरना धर्म कोड जनजातीय समुदाय की पहचान और अस्मिता से जुड़ा हुआ मामला है.

उन्होंने कहा कि पार्टी जनजातीय समुदाय की इस मांग के साथ खड़ी है और 05 जून को राजभवन के समक्ष धरना-प्रदर्शन कर राज्यपाल के माध्यम से देश की राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा जाएगा. 5 जून के धरने में मुख्यमंत्री सह जेएमएम के अध्यक्ष हेमंत सोरेन के भी शामिल होने की संभावना जताई जा रही है.

क्या अलग सरना धर्म कोड की मांग को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष खुद 5 जून को सड़क पर उतरेंगे, इस सवाल का सीधा जवाब देने की जगह पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि उनके नेता हेमंत सोरेन के शरीर में उसी आंदोलनकारी का खून दौड़ रहा है जिसने लड़कर अलग झारखंड राज्य का निर्माण करवाया.

उन्होंने कहा कि आज अगर हक और अधिकार की बात आई और जरूरत पड़ी तो एक-एक कार्यकर्ता के साथ कंधा से कंधा मिलाकर मुख्यमंत्री और पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन साथ चलेंगे. झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि अलग सरना धर्म कोड की मांग निश्चित रूप से हमारे लिए एक बड़ा मुद्दा है और हम इसे निर्णायक मुकाम तक पहुंचाने के लिए जोरदार आंदोलन करेंगे.

## बीआईटी मेसरा के छात्र निडूमोलू लक्ष्मी नारायण राव को 1 करोड़ 45 लाख का पैकेज



**संवाददाता द्वारा**

**रांची।** रांची के बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) मेसरा में कंप्यूटर साइंस के एक छात्र को अब तक का सबसे बड़ा पैकेज मिला है। यह पैकेज मिला है कंप्यूटर साइंस के छात्र निडूमोलू लक्ष्मी नारायण राव को। उन्होंने बीआईटी मेसरा के इतिहास में नया रिकॉर्ड बना दिया है। उन्हें प्रतिष्ठित टेक कंपनी रूब्रिक से 1.45 करोड़ रुपये सालाना का पैकेज मिला है। यह संस्थान के लिए अब तक का सबसे ऊंचा प्लेसमेंट पैकेज है, जिससे पूरे कैंपस में उत्साह का माहौल है।

**प्लेसमेंट सीजन में आई 190 से अधिक कंपनियां :** बीआईटी मेसरा में 2021-25 बैच के छात्रों के लिए प्लेसमेंट प्रक्रिया जारी है। अब तक 190 से अधिक कंपनियां कैंपस में आ चुकी हैं, और लगभग 69त्न छात्रों को नौकरी मिल चुकी है। प्लेसमेंट विभाग के अनुसार, इस साल कई छात्रों को देश और विदेश की नामी कंपनियों से उच्च पैकेज के ऑफर मिले हैं।

**निडूमोलू की मेहनत बनी सफलता की कुंजी :** विशाखापत्तनम के रहने वाले निडूमोलू लक्ष्मी नारायण राव ने अपनी सफलता का राज साझा करते हुए बताया कि उन्होंने मैथ्स, डेटा स्ट्रक्चर, एल्गोरिदम और फुल स्टैक डेवलपमेंट पर विशेष ध्यान दिया। इसके अलावा, उन्होंने एनआईएमएल (Natural and Interpretable Machine Learning) को भी गहराई से सीखा। उनका कहना है कि भविष्य में वे इसी क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करना चाहते हैं। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने शिक्षकों, परिवार और दोस्तों को दिया।

**माइक्रोसॉफ्ट सहित कई कंपनियों से शानदार ऑफर :** इस साल माइक्रोसॉफ्ट ने बीआईटी मेसरा के छह छात्रों को 52 लाख रुपये सालाना का पैकेज दिया है। वहीं अन्य छात्रों को भी औसतन 11.55 लाख रुपये सालाना का पैकेज मिला है। यह आंकड़े संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और इंडस्ट्री के साथ मजबूत संबंधों को दर्शाते हैं।

**बीते वर्षों में भी दर्ज हुए शानदार पैकेज :** पिछले कुछ वर्षों में भी बीआईटी मेसरा के छात्रों को अच्छे पैकेज मिले हैं। 2023-24 और 2022-23 में सबसे बड़ा पैकेज 52 लाख रुपये रहा, जबकि 2021-22 में यह 58 लाख रुपये था। 2020-21 में भी 52 लाख रुपये का उच्चतम पैकेज दर्ज हुआ था।

**छात्रों में दिखा उत्साह और प्रेरणा :** निडूमोलू की ऐतिहासिक उपलब्धि ने बाकी छात्रों में भी नई ऊर्जा भर दी है। वे अब कड़ी मेहनत करके बेहतर प्लेसमेंट की दिशा में प्रयास कर रहे हैं। बीआईटी मेसरा ने एक बार फिर साबित किया है कि वह न केवल तकनीकी शिक्षा में अग्रणी है, बल्कि अपने छात्रों को बेहतरीन करियर अवसर भी प्रदान करता है.

# शराब घोटालाः अगर विभाग को लगता है मैंने घोटाला किया तो...आईएएस चौबे



**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**रांची।** राज्य में शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत जांच कर रहे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने शुक्रवार की सुबह उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के पूर्व प्रधान सचिव सह जेएसबीसीएल के पूर्व महाप्रबंधक विनय कुमार चौबे को रिमांड पर लिया। उन्हें गुरुवार से ही रिमांड पर लिया जाना था, लेकिन मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट विलंब से मिलने के चलते एक दिन विलंब हुआ। एसीबी के अधिकारियों ने चौबे से नियम विरुद्ध जाकर दो प्लेसमेंट एजेंसियों को लाभ पहुंचाने के मामले में सवाल किया और यह भी बताया कि इसके चलते सरकार को 38 करोड़ के राजस्व का नुकसान पहुंचा। एसीबी के सूत्रों की मानें तो विनय कुमार चौबे ने पूरी मजबूती के साथ अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि अगर विभाग को लगता है कि उन्होंने घोटाला किया है तो विभाग इसकी केंद्रीय जांच एजेंसी से जांच करवा ले। उन्होंने कोई घोटाला नहीं किया है। उन्हें जबरन इस मामले में फंसाया जा रहा है। हालांकि, चौबे के जवाब से एसीबी के अधिकारी संतुष्ट नहीं हुए। आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे से एसीबी ने मेसर्स मार्शन इनोवेटिव सिक्यूरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड व मेसर्स विजन हॉस्पिटालिटी सर्विस एंड कंस्ल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड के फर्जी बैंक गारंटी को लेकर भी सवाल किया। उन्होंने पूछा कि अगर बैंक गारंटी फर्जी थे तो उसका सत्यापन क्यों नहीं कराया गया। कैसे दोनों मैनपावर आपूर्ति करने वाली आरोपित प्लेसमेंट एजेंसियों को काम दे दिया।

मामला उजागर होने के बाद तुरंत एक्शन क्यों नहीं लिया। कागजात जांचने वाले विभाग के अधिकारियों-कर्मियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई क्यों नहीं की। इसपर विनय कुमार चौबे संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। आईएएस विनय कुमार चौबे से शनिवार को भी एसीबी पूछताछ करेगा।

# शिकंजे में साइबर अपराधी, क्रेडिट कार्ड का चार्ज कटने के नाम पर उड़ाए थे रुपये




**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**रांचीः** क्रेडिट कार्ड के नाम पर ठगी करने वाले एक साइबर अपराधी को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है. साइबर अपराधी की गिरफ्तरी देवघर जिले से हुई है. इसकी पुष्टि डीआईजी सह रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने की है. उन्होंने बताया कि 24 घंटे के अंदर एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार करना बड़ी कामयाबी है. साइबर थाना की टेक्निकल टीम के सहयोग से न सिर्फ अपराधी को गिरफ्तार किया गया, बल्कि उसके द्वारा ठगी के पैसे से खरीदे गए सभी सामान भी जब्त कर लिए गए हैं.

डीआईजी सह एसएसपी ने बताया कि 28 अप्रैल को रांची के साइबर थाने में सूरज नाम के एक व्यक्ति ने आवेदन देकर बताया कि आरबीएल क्रेडिट कार्ड का चार्ज कटने के नाम पर एक व्यक्ति ने व्हाट्सएप पर लिंक और एपीके फाइल भेजकर उनके क्रेडिट कार्ड से कुल 1,08,479 रुपये की अवैध निकासी कर एक कमर्शियल वेबसाइट से कई कीमती सामान ऑर्डर किया है.

आवेदन मिलने के बाद साइबर अपराध थाना में आईटी एक्ट के अंतर्गत कांड दर्ज किया गया. मामले की जानकारी डीआईजी सह एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा को भी दी गई. जिसके बाद एसएसपी के निर्देशानुसार एसआईटी गठित की गई.

अनुसंधान के क्रम में साइबर अपराध थाना रांची से प्राप्त तकनीकी डेटा के आधार मालूम हुआ कि पीड़ित के क्रेडिट कार्ड से साइबर ठगी की गई राशि का उपयोग कर 1.5 टन का एसी, 246 लीटर का फ्रीज और मोबाइल फोन आर्डर किया गया है. सामान की डिलीवर करने के लिए जो एड्रेस दिया गया था, जब उसकी जांच की गई तो वह झारखंड के देवघर जिले का निकला. जिसके बाद पुलिस की टीम देवघर पहुंच गई और वहां जैसे ही डिलीवरी का सभी सामान पहुंचा मौके से रंगेहाथ साइबर अपराधी अजय को गिरफ्तार कर लिया.

# वित्तीय सहायता और संसाधनों के आवंटन में झारखंड के साथ न्याय किया जायेः झामुमो



**राजनीतिक संवाददाता द्वारा**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने 16वें वित्त आयोग के सामने राज्य की विशेष जरूरतों और समस्याओं रखा. पार्टी ने आयोग से आग्रह किया है कि राज्य की अनोखी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए वित्तीय सहायता और संसाधनों के आवंटन में झारखंड के साथ न्याय किया जाये। झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि झारखंड की मांगें केवल आर्थिक नहीं, बल्कि राज्य के सामाजिक और सांस्कृतिक सशक्तिकरण से भी जुड़ी हुई हैं. पार्टी का मानना है कि यदि वित्त आयोग इन बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करता है, तो झारखंड को विकास की मुख्यधारा में लाने की दिशा में बड़ा कदम होगा.

**झामुमो ने गिनाई झारखंड की चुनौतियां और मांगेः** भौगोलिक और संरचनात्मक चुनौतियांः झारखंड एक अनुसूचित जनजाति बहुल राज्य है, जो सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से देश के अन्य राज्यों की तुलना में अधिक पिछड़ा हुआ है. झामुमो ने वित्त आयोग से आग्रह किया है कि राज्य की इन खास परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उसे सहायता अनुदान प्रदान किया जाए.

**कर व्यवस्था में असमानताः** झामुमो ने आयोग का ध्यान इस ओर दिलाया है कि वर्तमान कर व्यवस्था में अधिकांश कर संग्रहण केंद्र सरकार के द्वारा किया जाता है, जिससे बड़े और विकसित राज्यों को अधिक लाभ मिलता है. झामुमो की मांग है कि करों के बंटवारे में पिछड़े राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ाई जाए.

**खनिज संपदा का सही उपयोगः** झारखंड खनिज संपदा से भरपूर है, लेकिन इसका अधिकांश लाभ केंद्र सरकार को मिलता है. झामुमो ने मांग की है कि डीएमएफटी में राज्य की हिस्सेदारी बढ़ाई जाए ताकि खनन प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्वास और विकास पर समुचित खर्च किया जा सके.

**केंद्र सरकार के उपक्रमों पर बकायाः** झारखंड सरकार के अनुसार केंद्र सरकार के उपक्रमों पर राज्य का करीब 1 लाख 40 हजार करोड़ रुपये बकाया है. झामुमो ने वित्त आयोग से अपील की है कि इस राशि की वसूली में राज्य सरकार की मदद की जाए.

अनुसूचित क्षेत्रों को विशेष संरक्षण- झारखंड के कई क्षेत्र अनुसूचित पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत आते हैं. झामुमो ने मांग की है कि जैसे छठी अनुसूची वाले क्षेत्रों को विशेष अधिकार और सहायता मिलती है, वैसे ही पाँचवीं अनुसूची के क्षेत्रों को भी विशेष वित्तीय सहायता दी जानी चाहिए.

सूखा प्रभावित जिलों को आपदा राहत- राज्य के कई जिले हर वर्ष असामयिक या कम वर्षा के कारण सूखा प्रभावित हो जाते हैं. झामुमो ने आग्रह किया है कि इन क्षेत्रों को आपदा प्रबंधन के तहत विशेष सहायता प्रदान की जाए.

सीडी अनुपात में सुधार- झारखंड में कई वर्षों के प्रयास के बावजूद क्रेडिट-डिपॉजिट (सीडी) रेशियो में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है. झामुमो ने वित्त आयोग से आग्रह किया है कि बैंकों को इस दिशा में विशेष निर्देश दिए जाएं.

घटती केंद्रीय सहायता पर चिंता- झामुमो ने कहा है कि हाल के वर्षों में झारखंड को मिलने वाली केंद्रीय सहायता में निरंतर गिरावट दर्ज की गई है. यह स्थिति राज्य के विकास के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है.

# बंद जपला सीमेंट फैक्ट्री की जमीन पर खुलेगा रेल कारखाना!

**बिशेष प्रतिनिधि द्वारा**

**पलामूः** जिले के हुसैनाबाद स्थित बंद पड़ी जपला सीमेंट फैक्ट्री की खाली जमीन पर रेल कारखाना खोलने को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री से बात हुई है. जपला में रेल कारखाना बन जाने से हजारों बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलेगा. ये बातें पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने हैदरनगर पश्चिमी के भाई बिगहा में सड़क के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान कही.




पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने कहा कि जपला सोन नदी पर पुल निर्माण की स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है. पुल निर्माण हो जाने से पलामू से वाराणसी और बिहार की दूरी काफी कम हो जाएगी.

वहीं सोन नदी तट स्थित बंद जपला सीमेंट कारखाने की बेकार पड़ी भूमि पर रेल कारखाना लग जाने से क्षेत्र में बेरोजगारी की समस्या के साथ आवागमन की समस्या भी दूर हो जाएगी. उन्होंने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि राज्य में बिजली की स्थिति काफी खराब है. सांसद वीडी राम ने कहा कि केंद्र सरकार से पलामू और गढ़वा जिले को 20-20 मेगावाट सोलर पावर हाउस की स्थापना की स्वीकृति मिले एक वर्ष बीत गए. बावजूद इसके राज्य सरकार सौ-सौ एकड़ भूमि उपलब्ध नहीं करा सकी. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को विकास से कोई लेना देना नहीं है.

सांसद ने कहा कि अगर कहीं योजनाएं आती हैं तो जनता को भी सहयोगात्मक रवैया रखना चाहिए. उन्होंने कहा कि हैदरनगर के 50 बीटी रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी का निर्माण होगा. इसका डीपीआर तैयार कर लिया गया है.

सांसद ने हैदरनगर व मोहम्मदगंज में गरीब रथ के ठहराव को लेकर रेल मंत्री से मिलने की बात कही. उन्होंने पर्यटन की दृष्टि से मोहम्मदगंज व हैदरनगर में और सुविधाएं बढ़ाने की भी बात कही.

सांसद ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से हुसैनाबाद में 17 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति दिलाई है. उन्होंने भजनिया, रानीदेवा, परता और हैदरनगर सड़क के शिलान्यास पर कहा कि 18 किलोमीटर सड़क का निर्माण केंद्र सरकार द्वारा कराया जाना है. जिसकी प्राक्कलित राशि 92 करोड़ है. सांसद ने कहा कि सड़क की गुणवत्ता बेहतर हो, इसकी जवाबदेही ग्रामीणों को दी जाती है.

पलामू सांसद ने कहा कि सड़क में जिनकी जमीन ली जा रही है, उन्हें उचित मुआवजा मिले इसका वह हर संभव प्रयास करेंगे. उन्होंने कहा कि इस मद में राजस्व विभाग को 20 करोड़ रुपए आवंटित कर दी गई है.

उन्होंने हैदरनगर पंसा सड़क के निर्माण की स्वीकृति भी दिलाने की बात कही. सांसद ने कहा कि इस सड़क के निर्माण के लिए 36 करोड़ रुपए की स्वीकृति केंद्र सरकार ने दे दी है. जल्द ही निविदा निकाली जाएगी. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आम लोगों की समस्याओं के निदान को लेकर कृत संकल्पित है.

सांसद ने कहा कि राज्य में सरकार नहीं रहने की वजह कार्यों को धरातल पर उतारने में परेशानी होती है. कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता कामेश्वर प्रसाद कुशवाहा, रामप्रवेश सिंह, प्रफुल्ल सिंह, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता अनिल कुमार, विनोद पांडेय, महेंद्र सिंह, महेंद्र शर्मा, नरेंद्र सिंह, सोमेश सिंह, प्रदीप सिंह, नीरज सिंह, जिला परिषद सदस्य संगीता देवी, प्रखंड प्रमुख कलावती देवी, उप प्रमुख पप्पू पासवान, मुखिया शहनाज परवीन, झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता विवेकानंद सिंह के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व जनता मौजूद थे.

## राहुल गांधी की पीएम मोदी को चिट्ठी, पाकिस्तानी गोलाबारी के पीड़ितों के लिए राहत पैकेज की मांग

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी। उन्होंने केंद्र सरकार से पाकिस्तानी गोलाबारी के पीड़ितों के लिए राहत पैकेज देने की मांग की। उन्होंने अपने पुंछ दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तानी गोलाबारी में 4 बच्चों सहित 14 लोगों की दुखद मृत्यु हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए हैं। इस अचानक और अंधाधुंध हमले ने आम इलाकों में भारी तबाही मचाई है। आज संकट के समय में हमारा कर्तव्य है कि हम उनके दुख को समझें और उनके जीवन को फिर से संवारने के लिए हरसंभव मदद करें। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने चिट्ठी में लिखा, 'मैंने हाल ही में पुंछ का दौरा किया, जहां पाकिस्तानी गोलाबारी में 4 बच्चों सहित 14 लोगों की दुखद मृत्यु हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए हैं। इस अचानक और अंधाधुंध हमले ने आम इलाकों में भारी तबाही मचाई है। सैकड़ों घर, दुकानें, स्कूल और धार्मिक स्थल बुरी तरह तबाह हो गए हैं। कई पीड़ितों ने बताया कि उनकी वर्षों की मेहनत एक झटके में बर्बाद हो गई।'

## शशि थरूर को लेकर बोले सिसोदिया, कांग्रेस को उनके बयान से आपत्ति है तो यह उनकी पार्टी का अपना निर्णय है

**जालंधर।** पाकिस्तान में आतंकियों के खिलाफ चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद जिस तरह से पाकिस्तानी सेना बौखला गई और आतंकियों के समर्थन में भारत के खिलाफ हमले की कोशिश में लग गई, उसके बाद भारतीय सेना के मुंहतोड़ जवाब ने पाकिस्तान की सेना को घुटने पर ला दिया। अब पाकिस्तान का आतंकी चेहरा दुनिया के सामने बेनकाब करने के लिए भारत की तरफ से विदेशों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को भेजा गया है। उसमें से एक प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस के नेता और सांसद शशि थरूर भी शामिल हैं। वह दुनिया में लगातार कई देशों में जाकर पाकिस्तान का चेहरा बेनकाब कर रहे हैं। लेकिन, भारत में उनको लेकर सियासी पार्टियों के बीच खूब बयानबाजी हो रही है। शशि थरूर की पार्टी कांग्रेस के नेता ही उनके इस व्यवहार से खुश नजर नहीं आ रहे हैं, जिसकी वजह से कांग्रेस को तमाम आलोचनाओं का शिकार होना पड़ रहा है। ऐसे में पंजाब के जालंधर पहुंचे आप के पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा से जब शशि थरूर को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने जो कहा वह कांग्रेस के लिए भी परेशानी खड़ी करने वाला है।

## छत्तीसगढ़ कोयला लेवी घोटालाः सुप्रीम कोर्ट ने रानू साहू सहित 20 आरोपियों को दी अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ खनन लेवी घोटाला मामले में आरोपी छत्तीसगढ़ काडर की आईएएस अधिकारी रानू साहू और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सचिव सौम्या चौरसिया समेत करीब एक दर्जन आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट ने सशर्त अंतरिम जमानत दे दी है। आईएएस अधिकारी रानू साहू खनन घोटाले के मामले में अक्टूबर 2024 में गिरफ्तारी के बाद से न्यायिक हिरासत में हैं। जबकि, बाकी आरोपी लंबे समय से जेल में बंद हैं। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत और दीपांकर दत्ता की बेंच ने इस आधार पर आरोपियों को सशर्त अंतरिम जमानत दी कि मुकदमे में लंबा समय लगने की संभावना है। इस मामले में आरोपियों को अंतरिम जमानत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि आरोपी छत्तीसगढ़ में नहीं रहेंगे। जब भी आवश्यकता होगी, तब बुलाने पर सभी अदालत के समक्ष उपस्थित होंगे। उन्हें अपने रहने के स्थान की जानकारी संबंधित पुलिस स्टेशन को भी देनी होगी। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि आरोपी गवाहों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रभावित करते पाए जाते हैं तो इसे अंतरिम जमानत का दुरुपयोग माना जाएगा। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिया कि वे अंतरिम जमानत पर रिहा होने पर अपना पासपोर्ट तुरंत निचली अदालत में जमा कराएं। इसके साथ ही यह भी कहा कि आरोपियों को जांच में पूरा सहयोग करना होगा।

## दिल्ली के महापौर ने मालवीय नगर में तिरंगा यात्रा के साथ चलाया स्वच्छता अभियान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने स्वच्छता को बढ़ावा देने और देशभक्ति की भावना जगाने के लिए मालवीय नगर में तिरंगा यात्रा के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान युसुफ सराय से सुदर्शन रोड तक चला। इस सफाई अभियान में विधायक सतीश उपाध्याय और निगम पार्षद कमल भारद्वाज शामिल हुए। इस अवसर पर स्वच्छता को एक सतत जन आंदोलन बताते हुए महापौर राजा इकबाल सिंह ने स्वच्छता अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य न केवल शहर की सुंदरता में सुधार करना है। बल्कि निवासियों के जीवन की समग्र गुणवत्ता को भी बढ़ाना है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य बहुत महत्वपूर्ण है। स्वच्छता एक सतत प्रक्रिया है। पिछले 20 दिनों से इस पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में जन भागीदारी के साथ और नगर निगम और दिल्ली सरकार के सहयोग से मालवीय नगर क्षेत्र में क्षेत्र को साफ करने के लिए एकजुट हुए। जनता भी स्वच्छता का समर्थन कर रही है।

# अगस्ता वेस्टलैंड चॉपर घोटाला मामले में आरोपी ब्रिटिश नागरिक क्रिश्चियन मिशेल की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड चॉपर घोटाला मामले की सुनवाई के दौरान ब्रिटिश नागरिक और घोटाले के आरोपी क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की याचिका को खारिज कर दिया। दरअसल, क्रिश्चियन मिशेल ने दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हुए अपील दायर की थी। इसी की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उसे इस मामले में राहत देने से साफ इनकार कर दिया।

क्रिश्चियन मिशेल ने अगस्ता वेस्टलैंड चॉपर घोटाला मामले में दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा जमानत की शर्त के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसे खारिज कर दिया गया। बता दें कि दिल्ली हाई कोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड चॉपर घोटाला मामले में क्रिश्चियन मिशेल को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था, इसके साथ ही कोर्ट ने शर्त रखी थी कि उसे भारत में अपने निवास के बारे में जानकारी



देनी होगी, जहां जमानत मिलने के बाद वह रहने वाला है। इसके बाद हाई कोर्ट की जमानत शर्त के खिलाफ क्रिश्चियन मिशेल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी और इन जमानत की शर्तों में संशोधन की मांग की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। क्रिश्चियन मिशेल के वकील ने सुप्रीम कोर्ट के सामने दलील दी कि हाई कोर्ट की ओर से रखी जमानत की शर्त में रिहाई से पहले एक स्थानीय पता देना शामिल है। जब तक वह बाहर नहीं आ जाता, यह शर्त पूरी नहीं की जा सकती। मिशेल का पासपोर्ट एक्सपायर हो चुका है और वह लोकल एड्रेस देने में असमर्थ है।

इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर वह स्थानीय पता नहीं दे सकते तो बेहतर है कि वह तिहाड़ जेल में ही रहें, क्या कर सकते हैं! हमने आपको जमानत दे दी है, आप शर्त भी पूरी नहीं करना चाहते? अगर आपका परिवार आपको निर्देश दे सकता है तो यह भी कर सकता है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने क्रिश्चियन मिशेल की जमानत की शर्तों में संशोधन की मांग वाली उनकी याचिका पर विचार करने से साफ इनकार कर दिया।

# सेवानिवृत्त होने पर अर्धसैनिक बल के जवान को मिलेगा एक पद उच्च मानद रैंक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और असम राइफल्स (एआर) के जवानों के सम्मान में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। ऑफिसर रैंक से नीचे के जवानों को सेवानिवृत्ति के दिन एक पद उच्च मानद रैंक दिया जाएगा। इसकी जानकारी आज गृह मंत्रालय ने दी। मंत्रालय के अनुसार इस योजना का उद्देश्य जवानों के आत्मसम्मान और मनोबल को बढ़ावा देना है। लंबी और अनुकरणीय सेवा देने वाले जवानों को यह रैंक दिया जाएगा। इसके लिए कुछ शर्तें तय की गई हैं। जवान का सेवा रिकॉर्ड साफ होना चाहिए। पिछले पाँच वर्षों की एपीएआर रिपोर्ट कम से कम 'गुड' होनी चाहिए। किसी प्रकार की बड़ी सजा न मिली हो और ईमानदारी पर कोई संदेह न हो। साथ ही विभागीय जांच और सतर्कता मंजूरी भी जरूरी होगी। गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि रैंक जवान को सेवानिवृत्ति के दिन दिया जाएगा। हालांकि, इस रैंक के साथ कोई आर्थिक या पेंशन लाभ नहीं मिलेगा। यह पूरी तरह से प्रतीकात्मक सम्मान होगा। यह रैंक उसी कैटेगरी में दी जाएगी जिसमें वह जवान कार्यरत रहा है।सीएपीएफ में कांस्टेबल को हेड कास्टेबल, हेड कांस्टेबल को एएसआई, एएसआई को सब-इंस्पेक्टर और सब-इंस्पेक्टर को इंस्पेक्टर की मानद रैंक दी जाएगी। इसी प्रकार, असम राइफल्स में राइफलमैन को हवलदार, हवलदार को वारंट ऑफिसर, वारंट ऑफिसर को नायब सूबेदार और नायब सूबेदार को सूबेदार की मानद रैंक दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल(सीएपीएफ) देश की आंतरिक सुरक्षा, सीमा सुरक्षा, और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# राघव चड्ढा को लंदन में 'आइडियाज फॉर इंडिया' कॉन्फ्रेंस का मिला न्योता

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढा को प्रतिष्ठित 'आइडियाज फॉर इंडिया' कॉन्फ्रेंस में आमंत्रित किया गया है। यह यूके के प्रसिद्ध थिंक टैंक 'ब्रिज इंडिया' द्वारा 30 मई को रॉयल लैंकेस्टर, लंदन में आयोजित की जाएगी। यह कॉन्फ्रेंस इंडिया वीक का प्रमुख हिस्सा है। इस कॉन्फ्रेंस में सांसद राघव चड्ढा बतौर स्पीकर शामिल होंगे। इस अहम कॉन्फ्रेंस में भारत के आर्थिक विकास और दुनिया में उसकी भूमिका पर गहरी चर्चा होगी। इसमें कई पॉलिसी मेकर्स और भारत के प्रतिष्ठित बिजनेसमैन शामिल होंगे। आप सांसद राघव चड्ढा लंदन में हो रही इस कॉन्फ्रेंस में एक खास चर्चा में हिस्सा लेंगे, जिसका नाम है, 'भारत एक बहुध्रुवीय दुनिया में'। इस चर्चा में वे भारत की रणनीतिक आजादी, दुनिया में बढ़ते प्रभाव और भारत की ग्लोबल नॉर्थ और साउथ के बीच एक पुल यानी ब्रिज की भूमिका पर अपने विचार साझा करेंगे। साथ ही, वे भारत की



हाल की उपलब्धियों, जिसमें 'ऑपरेशन सिंदूर' की कामयाबी के अलावा डिफेंस और डिप्लोमेसी में मिली सफलताओं के अलावा तकनीक व युवा नेतृत्व के योगदान पर भी बात करेंगे। 'आइडियाज फॉर इंडिया' कॉन्फ्रेंस के आमंत्रण पर प्रतिक्रिया देते हुए सांसद राघव चड्ढा ने कहा, मैं ब्रिज इंडिया और इंडिया वीक 2025 का हिस्सा बनकर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। आइडियाज फॉर इंडिया कॉन्फ्रेंस भारत के भविष्य को आकार देने का एक शानदार मंच है। मुझे खुशी होगी कि मैं इस आयोजन में अपने विचार साझा कर सकूं और भारत के विकास और उसकी वैश्विक भूमिका पर अपने विचार साझा करने के लिए उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, दुनिया की अर्थव्यवस्था और राजनीतिक हालात बदल रहे हैं, और भारत विकास के एक बड़े केंद्र के रूप में उभर रहा है। जब बाकी देश व्यापार और सप्लाई चेन को मजबूत करने के बारे में सोच रहे हैं, तब भारत और ब्रिटेन के पास अपने रिश्तों को और बेहतर करने का यह शानदार मौका है। खासकर यूके-भारत मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत का यह सही समय है। मैं आइडियाज फॉर इंडिया 2025 में अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ मिलकर यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि हम भारत के विकास के अगले कदम को कैसे बेहतर बना सकते हैं।

# स्थायी मानवीय मूल्य की स्थापना ही कालजयी साहित्य की पहचानः द्रौपदी मुर्मु

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि देश के 140 करोड़ देशवसियों के परिवार में अनेक भाषाएं और अनगिनत बोलियां हैं। साहित्यिक परंपराओं की असीम विविधता है, लेकिन इस विविधता में भारतीयता का स्पंदन महसूस होता है। भारतीयता का यही भाव हमारे देश की सामूहिक चेतना में रचा-बसा है। मैं मानती हूं कि सभी भाषाओं में लिखित साहित्य मेरा ही साहित्य है। राष्ट्रपति मुर्मु दो दिवसीय साहित्यिक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रही थीं। इसका आयोजन साहित्य अकादमी और राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। दो दिवसीय 'कितना बदल चुका है साहित्य? विषयक साहित्यिक सम्मेलन में कई प्रतिष्ठित साहित्यकार, लेखक भाग ले रहे हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने गोपबंधु दास, रवींद्रनाथ ठाकुर, फकीरमोहन सेनापति, गंगाधर मेहर, प्रतिभा राय आदि को संदर्भित करते हुए कहा कि आज का साहित्य



उपदेशात्मक नहीं हो सकता। साहित्य से प्रेरणा लेकर मनुष्य सपने देखता है और उन्हें साकार करता है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे समाज और सामाजिक संस्थान बदले हैं, चुनौतियां और प्राथमिकताएं भी बदली हैं। ऐसे ही साहित्य में भी बदलाव देखे गए हैं, लेकिन स्थायी मानवीय मूल्य की स्थापना कालजयी साहित्य की पहचान होती है। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि साहित्य समाज के, समाज की भावनाओं के और समाज की स्थितियों के दर्पण स्वरूप हैं।

दर्पण होने के साथ-साथ यह समाज के मार्गदर्शन का काम भी करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश सांस्कृतिक पुनरुद्धार के दौर से गुजर रहा है। ऐसी स्थिति में साहित्य सृजकों की भूमिका और भी महत्त्वपूर्ण हो जाती है।

# तकरीबन 15 प्रतिशत बच्चे लॉन्ग-कोविड से पीड़ित : अध्ययन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कोविड-19 के मामले फिर से बढ़ रहे हैं। इस बीच, एक नए अध्ययन से पता चला है कि लगभग 15 प्रतिशत बच्चे लॉन्ग कोविड से पीड़ित हैं। उम्र के हिसाब से उनके लक्षण अलग-अलग हो सकते हैं। बच्चों में लॉन्ग कोविड को लंबे समय तक रहने वाले लक्षणों के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो सार्स-कोव-2 संक्रमण के बाद कम से कम तीन महीने तक रहते हैं। शोध पत्रिका जामा पीडियाट्रिक्स में प्रकाशित अध्ययन में 472 शिशुओं और मार्च 2022 से जुलाई 2024 तक नामांकित 539 प्रीस्कूल-आयु वर्ग के बच्चों को शामिल किया गया है। इसमें पाया गया कि लगभग 15 प्रतिशत बच्चों में लॉन्ग कोविड था। दो साल और उससे कम आयु के 278 बच्चों में से लगभग 40 (14 प्रतिशत) में लक्षण थे, जबकि तीन से पांच वर्ष की आयु के 399 बच्चों में से 61 (15 प्रतिशत) में लक्षण थे। इसके अलावा, अध्ययन से पता चला है कि शिशुओं और बच्चों में तीन से



पांच साल की उम्र के प्रीस्कूलर की तुलना में अलग-अलग लॉन्ग-कोविड लक्षण दिखाई देते हैं। शिशुओं और बच्चों (दो साल से कम उम्र के) में सोने में परेशानी, चिड़चिड़ापन, भूख न लगना, नाक बंद होना और खांसी होने की संभावना अधिक होती है। तीन से पांच साल की उम्र में सूखी खांसी और दिन में थकान/कम ऊर्जा होने की संभावना अधिक होती है। कुल मिलाकर, संभावित लॉन्ग कोविड वाले 74 प्रतिशत प्रीस्कूलर ने सूखी खांसी की सूचना दी। ये लक्षण आमतौर पर बड़े बच्चों और किशोरों में देखे जाने वाले लक्षणों से बहुत अलग हैं, जिन्हें लॉन्ग कोविड है। अध्ययन में पाया गया कि स्कूल जाने वाले बच्चों में न्यूरोलॉजिकल लक्षण होने की संभावना अधिक होती है, जैसे ध्यान केंद्रित करने में परेशानी, सोने में परेशानी या चक्कर आना। उन्हें पीठ या गर्दन में दर्द, सिरदर्द, पेट में दर्द या उल्टी भी हो सकती है। कभी-कभी, उनके व्यवहार में बदलाव होते हैं। मैसाचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल (एमजीएच) में बायोस्टैटिस्टिक्स रिसर्च एंड एंगेजमेंट के एसोसिएट डायरेक्टर तनयोट (टोनी) थावेथाई ने कहा, ÷यह अध्ययन महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दर्शाता है कि छोटे बच्चों में लंबे समय तक कोविड के लक्षण बड़े बच्चों और वयस्कों से अलग होते हैं। इसके अलावा, टीम ने नोट किया कि कई लक्षणों को इस तथ्य से समझाया जा सकता है कि छोटे बच्चों में लक्षण इस आधार पर बताए जाते हैं कि देखभाल करने वाले क्या देख सकते हैं, न कि बच्चे खुद क्या महसूस कर रहे हैं और क्या वर्णन कर रहे हैं। थावेथाई ने कहा, इन लक्षणों वाले बच्चों का स्वास्थ्य अक्सर खराब होता है, जीवन की गुणवत्ता कम होती है और विकास में देरी होती है। उन्होंने छोटे बच्चों पर कोविड के प्रभाव पर और अधिक शोध करने का आह्वान किया।

# भारत ने एक बार फिर कहा, संघर्ष विराम में व्यापार मुद्दा नहीं रहा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत ने एक बार फिर दोहराया है कि पाकिस्तान के साथ ऑपरेशन सिंदूर के बाद संघर्ष विराम पड़ोसी देश की ओर से आए अनुरोध के कारण ही हुआ था और इसमें तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं थी। साथ ही इस दौरान कई देशों के नेताओं से बातचीत हुई थी लेकिन उसमें कहीं भी व्यापार के बारे में कोई बातचीत नहीं हुई।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में एक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। प्रश्न में एक अमेरिका अदालत में वहां की सरकार की ओर से टैरिफ नीति को सही ठहराने के लिए भारत-पाक संघर्ष विराम का उदाहरण दिया गया था। इसी पर प्रवक्ता ने आज एक बार फिर स्पष्टीकरण दिया है। प्रवक्ता ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत-पाकिस्तान के बीच फायरिंग बंद करने का निर्णय दोनों देशों के डीजीएमओ के सीधे संपर्क से लिया गया था और इस वार्ता में व्यापार या शुल्क से संबंधित कोई मुद्दा नहीं उठा।

इस दौरान प्रवक्ता ने बताया कि भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएं फिलहाल जारी हैं और हाल ही में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका यात्रा हुई है। उन्होंने कहा कि बातचीत पूरी होने के बाद ही कोई ठोस जानकारी साझा की जा सकेगी।विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री की अमेरिका यात्रा (27 से 29 मई) के बारे में जानकारी देते हुए जायसवाल ने बताया कि उन्होंने व्हाइट हाउस में उच्च स्तरीय बैठकें कीं। इन बैठकों में क्रिटिकल मिनरल्स और उभरती प्रौद्योगिकियों पर द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

# अब वक्त आ गया है कि देश की मानवीय बुद्धिमत्ता एआई क्रांति का नेतृत्व करे : धर्मेंद्र प्रधान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली में सेंटर ऑफ पॉलिसी रिसर्च एंड गवर्नेंस (सीपीआरजी) द्वारा आयोजित 'पढ़ाई ÷ शिक्षा में एआई पर सम्मेलन' के समापन सत्र को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में शिक्षा मंत्रालय की भारतीय भाषा समिति के अध्यक्ष चमू कृष्ण शास्त्री, सीपीआरजी के निदेशक डॉ. रामानंद और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री प्रधान ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस महज एक तकनीक नहीं, बल्कि शक्ति को कई गुना बढ़ाने वाला और नवाचार की प्रेरणा देने वाला कारक है। यह सहानुभूति और तकनीक के बीच का एक सेतु है। अब वक्त आ गया है कि देश की मानव बुद्धिमत्ता, मौजूदा वक्त में एआई क्रांति का नेतृत्व करे।

केंद्रीय मंत्री ने एआई पर सरकार द्वारा की गई अहम पहलों का भी जिक्र किया, जिनमें एआई में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना और भारतीय भाषाओं में एआई का लाभ उठाने और कक्षाओं में आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देने की घोषणा शामिल है, जो एक ऐसी पहल है, जो चॉकबोर्ड से चिपसेट तक के सफर में तमाम बदलावों को




लाने में मददगार साबित हो रही है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि स्कूली शिक्षा में एआई को एकीकृत करना अब विकल्प नहीं, बल्कि बेहद जरूरी हो गया है। उन्होंने शिक्षाविदों और तकनीकी विशेषज्ञों से इन विचारों पर मंथन करने और एआई पर नीतिगत सिफारिशें करने का आह्वान किया। दो दिनों तक चले इस पढ़ाई कॉन्क्लेव में भारतीय शिक्षा के भविष्य को आकार देने में एआई की भूमिका को लेकर विभिन्न विचार सामने आए। वक्ताओं ने चर्चा करते हुए बताया कि किस तरह एआई कक्षाओं से परे, सीखने की विचारधारा का विस्तार कर रहा है, उच्च शिक्षा को बदल रहा है और मौजूदा संस्थानों में मुश्किलों को दूर कर रहा है। कार्यक्रम में शामिल प्रख्यात वक्ताओं में भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद, दिल्ली सरकार के गृह, बिजली, शहरी विकास, शिक्षा, उच्च शिक्षा और प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री आशीष सूद, भारत सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के सचिव और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष डॉ. विनीत जोशी, इंडियाएआई मिशन के सीईओ अभिषेक सिंह, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. पंकज अरोड़ा, राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी मंच के अध्यक्ष प्रो. अनिल सहस्रबुद्धे, दिल्ली विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रो. योगेश सिंह, इन्फो एज के सह-संस्थापक संजीव बिकचंदानी और दिल्ली के हिगाशी ऑटिज्म स्कूल की अध्यक्ष डॉ. रश्मि दास भी मौजूद रहे।

# जातिगत आंकड़े एकीकरण के उपकरण बन सकते हैंः उपराष्ट्रपति

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।**उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज केन्द्र सरकार की ओर से जाति आधारित जनगणना कराए जाने के निर्णय को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि इससे सामाजिक न्याय सुनिश्चित होगा। उन्होंने यह भी कहा कि जातिगत आंकड़े विभाजनकारी नहीं हैं, बल्कि एकीकरण के उपकरण बन सकते हैं।

उपराष्ट्रपति ने आज नई दिल्ली में भारतीय सांख्यिकी सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने जातिगत जणगणना के निर्णय को परिवर्तनकारी और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बताया। उन्होंने कहा, 'जातिगत आंकड़े, यदि सोच-समझकर एकत्र किए जाएं तो वे किसी भी प्रकार से विभाजनकारी नहीं हैं, बल्कि वे एकीकरण के उपकरण बन सकते हैं। कुछ लोग इस पर बहस कर रहे हैं, लेकिन हम परिपक्व समाज हैं। किसी जानकारी को इकट्ठा करना समस्या कैसे हो सकता है? यह तो अपने शरीर की एमआरआई कराने जैसा है- तभी तो आपको अपने बारे में जानकारी मिलती है। इस प्रक्रिया से हम संविधान में निहित समानता जैसे अमूर्त संकल्पों को मापनीय और जवाबदेह नीतिगत परिणामों में परिवर्तित कर सकते हैं।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि सांख्यिकी केवल संख्यायें नहीं है। सांख्यिकी पैटर्न की पहचान और नीतिगत समझ की दिशा में अंतर्दृष्टियों का माध्यम है। इस दौरान उपराष्ट्रपति ने आंकड़ों को नीतियों में बदलने की आवश्यकता पर बल दिया। धनखड़ ने शासन में 'अद्यतन और सटीक' डेटा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, ÷ठोस आंकड़ों के बिना नीति योजना बनाना अंधेरे में सर्जरी करने जैसा है।÷ उनका मानना है कि हर आंकड़ा एक मानवीय कहानी का प्रतिनिधित्व करता है। उपराष्ट्रपति ने भारत की भाषाई विविधता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हमारी भाषाएं हमारी शक्ति हैं और विभाजन का कारण नहीं बन सकतीं।

# नौसेना की दो बहादुर महिला अधिकारी 'नाविका सागर परिक्रमा' करके लौटीं

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना की दो बहादुर महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए आठ माह बाद 'नाविका सागर परिक्रमा' करके घर लौटीं।

रक्षा मंत्री ने गोवा में इस ऐतिहासिक परिक्रमा अभियान को पूरा करने में उनके साहस की सराहना करते हुए उनकी यात्रा को नारी शक्ति का प्रतीक बताया। अभियान के दूसरे संस्करण में दोनों महिला अधिकारी ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाली भारत की पहली महिला बन गई हैं। दोनों अधिकारियों को पिछले साल 02 अक्टूबर को इस चुनौतीपूर्ण अभियान पर गोवा से रवाना किया गया था। आठ महीनों के दौरान नौसेना की इस जोड़ी ने चार महाद्वीपों, तीन महासागरों और तीन ग्रेट केप में 25,400 एनएम (लगभग 50,000 किमी) की दूरी तय की, जिसमें मौसम की प्रतिकूल स्थिति और चुनौतीपूर्ण समुद्रों का सामना किया। दोनों महिलाओं ने फ्रेमेंटल (ऑस्ट्रेलिया), लिटलटन (न्यूजीलैंड), पोर्ट स्टेनली (फॉकलैंड द्वीप) और केप टाउन (दक्षिण अफ्रीका) के बंदरगाहों पर विराम लिया। राजनाथ सिंह ने दोनों महिला अधिकारियों की मानसिक शक्ति की सराहना की, क्योंकि उन्होंने आठ महीने की लंबी समुद्री यात्रा के दौरान कई तरह की मुश्किलों का सफलतापूर्वक मुकाबला किया। उन्होंने कहा कि हर कोई लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा की तरह इस उपलब्धि को हासिल नहीं कर सकता है, जो उनके धैर्य, दृढ़ संकल्प और ताकत को दर्शाता है। विभिन्न बंदरगाहों पर भारतीय और प्रवासी भारतीयों की ओर से मिले गर्मजोशी भरे स्वागत पर रक्षा मंत्री ने कहा कि दोनों महिला अधिकारियों ने पूरी दुनिया में तिरंगा लहराकर देश को गौरवान्वित किया है। राजनाथ सिंह ने कहा कि वे अपने कड़वे-मीठे अनुभवों और सीखों को दर्ज करें, ताकि आने वाली पीढ़ी, खासकर हमारी युवा महिलाएं




इससे प्रेरित हो सकें।रक्षा मंत्री ने कुछ दिन पहले महिला अधिकारियों के साथ अपनी वर्चुअल बातचीत को याद करते हुए कहा कि इस बातचीत ने उन्हें भावनाओं से भर दिया था। उन्होंने गोवा में स्वागत समारोह का हिस्सा बनने पर खुशी जाहिर की और इसे देश के लिए बहुत गर्व की बात बताया। इस अभियान को विभिन्न चुनौतियों पर काबू पाने में भारतीय नौसेना की बहादुरी और लचीलेपन का प्रमाण बताते हुए राजनाथ सिंह ने अभियान में योगदान देने वाले कर्मियों को बधाई दी।

# ज्ञानेश कुमार के सीईसी रहते हुए 100 दिन पूरे, 21 नई पहलों की घोषणा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के तौर पर ज्ञानेश कुमार को कार्यभार संभाले हुए 100 दिन हो गए हैं। चुनाव आयोग (ईसीआई) ने 26वें सीईसी के नेतृत्व में इस दौरान चुनावी प्रक्रिया को मजबूत करने और मतदाता सुविधा को बढ़ाने के लिए 21 नई पहलें शुरू की हैं। इनका उद्देश्य चुनाव प्रबंधन को सरल बनाना और मतदाता अनुभव को बेहतर करना है। चुनाव आयोग का कहना है कि सीईसी ज्ञानेश कुमार के कार्यभार ग्रहण करने के बाद से पहले 100 दिनों में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। चुनाव आयोग ने मतदान केंद्रों पर अधिकतम मतदाताओं की संख्या 1,500 से घटाकर 1,200 कर दी है। घनी आबादी वाले क्षेत्रों, जैसे गेटेड समुदायों और ऊंची इमारतों में अतिरिक्त मतदान बूथ स्थापित किए जाएंगे। आयोग का लक्ष्य है कि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए 2 किलोमीटर से अधिक यात्रा न करे। मतदाता सूचना स्लिप को स्पष्टता के लिए फिर से डिज़ाइन किया गया है। इसमें क्रमांक और भाग संख्या की दृश्यता को बढ़ाया गया है। मतदाताओं की सुविधा के लिए हर मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार पर मोबाइल जमा सुविधा स्थापित की जाएगी। अब उम्मीदवारों द्वारा सेटअप किए गए बूथ मतदान केंद्र के प्रवेश से 100 मीटर के दायरे के ठीक बाद भी स्थापित किए जा सकेंगे। सरल उपयोगकर्ता इंटरफेस के लिए एक नया एकीकृत डैशबोर्ड-ईसीआईनेट विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य सभी हितधारकों के लिए सभी सेवाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। कुछ मॉड्यूल वर्तमान उपचुनावों में उपलब्ध होंगे और बिहार विधानसभा चुनाव के समय पूरा डैशबोर्ड विभिन्न हितधारकों के लिए उपलब्ध होगा। ईसीआई ने मृतक पंजीकरण डेटा को सीधे रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया से एकीकृत करने की शुरुआत की है। इससे मृत मतदाताओं को समय पर और सत्यापित तरीके से मतदाता सूची से हटाया जा सकेगा। बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) की भूमिका इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण होगी। उपचुनाव से पहले विशेष सारांश संशोधन किया गया है। यह उपचुनाव से पहले किया गया पहला ऐसा अभ्यास है।

संक्षिप्त समाचार

## पप्पू पांडेय की मौत पर सांसद मनीष जायसवाल ने जताया दुख परिजनों को हरसंभव मदद का दिया आश्वासन



आदिवासी एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** शुक्रवार को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत हेसाकुदर गांव निवासी चितरंजन उर्फ पप्पू पांडेय ( उम्र करीब 42 साल) की संदिग्ध मौत के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। शुक्रवार सुबह उनका शवहेसाकुदर से तुरकाटांड़ जाने वाली सड़क के किनारे झाड़ियों में बरामद हुआ था। इस घटना की जानकारी कटकमसांडी के पूर्व विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा नेता किशोरी राणा के माध्यम से मिलते ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, हजारीबाग भेजा। वहां उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली और उन्हें ढांढस बंधाया।

सांसद प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में परिजनों की मदद की और कटकमसांडी मुखिया के एम्बुलेंस से शव को मृतक के गांव हेसाकुदर भेजवाया। साथ ही परिजनों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा भी दिलाया। इस दौरान भाजपा के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता भी मौके पर मौजूद थे, जिनमें शाहपुर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रेमचंद प्रसाद, दुर्जय प्रसाद, अभय पांडेय, शिव शंकर पांडेय, कटकमसांडी के पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा शामिल थे। कटकमसांडी की मुखिया श्रीति पाण्डेय भी यहां मौजूद रही।

मृतक के भाई मनोहर पाण्डेय ने थाने में लिखित आवेदन देकर हत्या की आशंका जताई है। उन्होंने गांव के ही धर्मेंद्र भुइँया पर हत्या का आरोप लगाया है।पुलिस फिलहाल हर पहलू को ध्यान में रखते हुए मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

पप्पू पांडेय का परिवार बेहद गरीब है और उनकी मौत के बाद पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## जनहित, प्रशासनिक समन्वय पर केंद्रित रहा कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल का दौरा



आदिवासी एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने हजारीबाग के विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट की। इस प्रतिनिधिमंडल ने जनसेवा, पारदर्शी प्रशासन और समग्र विकास के मुद्दों पर अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए प्रशासनिक तंत्र से सहयोगात्मक संबंध बनाए रखने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व उपायुक्त नैंसी सहाय से मिलकर उनके कार्यकाल की सराहना की। मुन्ना सिंह ने कहा कि उनकी संवेदनशील और जनोन्मुखी प्रशासनिक शैली ने हजारीबागवासियों के दिलों में एक विशेष स्थान बनाया है। उन्होंने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इसके पश्चात प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि प्रकाश सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान जिले के विकास, प्रशासन की पारदर्शिता और जनहित में उनकी सक्रिय भूमिका की अपेक्षा जताई गई। उन्हें कांग्रेस परिवार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया गया।नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से भेंट करते हुए मुन्ना सिंह ने जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने की प्रतिबद्धता की सराहना की और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में हजारीबाग एक सुरक्षित और अपराधमुक्त जिला बनेगा। इस अवसर पर कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिनमें पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार यादव, अवधेश कुमार सिंह, विरेंद्र सिंह, शशि मोहन सिंह, मनोज नारायण भगत, निसार खान, रेणु देवी, सरयू यादव, शारदा रंजन दुबे, ओमप्रकाश झा, सुनिल कुमार ओझा, राजीव कुमार मेहता, कृष्णा किशोर प्रसाद, अजीत कुमार सिंह, गोवर्धन गंझू, दीपक सिंह, देव चव्हाण, विक्की धान, नरेश प्रसाद मेहता, विरेंद्र कुमार, दिनेश यादव, मोहम्मद वशीम सहित कई कांग्रेसी नेता उपस्थित थे। मुन्ना सिंह ने कहा, जनता की सेवा और प्रशासन से समन्वय हमारा प्राथमिक उद्देश्य है। हम सब मिलकर हजारीबाग को एक समृद्ध, सुरक्षित और विकसित जिला बनाएंगे। कांग्रेस परिवार सदैव जनकल्याण में अग्रणी रहेगा।

## झामुमो केन्द्रीय सदस्य सुनील शर्मा ने मंत्री रामदास सोरेन का किया स्वागत



आदिवासी एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** संथाल समाज दिशोम माँझी परगना का 29वाँ स्थापना दिवस समारोह में शिरकत करने हजारीबाग के चरही स्थित तापीन साउथ के नेहरू स्टेडियम में रामदास सोरेन - मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखण्ड सरकार का शुक्रवार को आगमन हुआ। इस दौरान सी.एल. गेस्ट हाउस चरही में रामदास सोरेन - मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखण्ड सरकार को गुलदस्ता देकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य सुनील शर्मा ने बहुत ही गर्म जोशी के साथ स्वागत किया।

# एचज़ेडबी आरोग्यम कुणाल हॉस्पिटल का सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा भव्य उद्घाटन

**● सेवा ही संकल्प के साथ आरंभ हुआ हजारीबाग का नया चिकित्सा केंद्र ● यह अस्पताल जनसेवा की नई परिभाषा बनेगा: मनीष जायसवाल ● यह अस्पताल क्षेत्र की आम जनता के लिए सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा का नया केंद्र बनेगा: बरकट्ठा विधायक अमित यादव ● हमारा उद्देश्य है हर वर्ग को गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सा सेवा सुलभ कराना। यह अस्पताल व्यापार नहीं, हमारी सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा है: हर्ष अजमेरा**

आदिवासी एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त और सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एचज़ेडबी आरोग्यम कुणाल हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। यह हॉस्पिटल इमली कोठी, लिटिल एंगल्स स्कूल के समीप स्थित है तथा एचज़ेडबी आरोग्यम की यह द्वितीय शाखा है। इस शुभ अवसर पर हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल ने मुख्य अतिथि वहीं विशिष्ट अतिथि बरकट्ठा विधायक अमित यादव उपस्थित उपस्थित होकर फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। अन्य अतिथि में उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह,समाजसेवी बटेश्वर मेहता, भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता, धनकुमार जैन, स्वरूप चंद्र जैन, सुप्रसिद्ध महिला चिकित्सक रंजना शरण, कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह सहित कई लोगों ने संयुक्त रूप से फीता एवं दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया. उद्घाटन समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की हजारीबाग जैसे उभरते हुए शहर में इस तरह के अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल की स्थापना निश्चित रूप से एक सराहनीय प्रयास है। यह हॉस्पिटल न केवल चिकित्सा के क्षेत्र में एक नया आयाम जोड़ेगा, बल्कि यहां की आम जनता को किफायती दरों पर गुणवत्ता पूर्ण इलाज भी उपलब्ध कराएगा। महिला और बाल स्वास्थ्य पर विशेष फोकस इस बात का प्रमाण है कि यह संस्थान संवेदनशीलता और जनसेवा के मूल्यों को अपनाता है। मैं हर्ष अजमेरा और उनकी पूरी टीम को इस जनोपयोगी पहल के लिए बधाई देता हूँ।



बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि हजारीबाग में ऐसे आधुनिक अस्पताल की स्थापना क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। एचज़ेडबी आरोग्यम कुणाल हॉस्पिटल आम जनता को सुलभ और सस्ती चिकित्सा सेवा प्रदान करेगा।

महिला एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना संस्था की संवेदनशीलता दर्शाता है।

मैं इस जनकल्याणकारी पहल के लिए अस्पताल प्रबंधन को हृदय से बधाई देता हूँ।

कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने कहा की एचज़ेडबी आरोग्यम कुणाल हॉस्पिटल की शुरुआत एक सराहनीय सामाजिक पहल है। यह अस्पताल न केवल आधुनिक सुविधाओं से युक्त है, बल्कि जनसेवा की भावना से भी परिपूर्ण है।

गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए यह सुविधा संजीवनी साबित होगी।

मैं हर्ष अजमेरा व उनकी टीम को इस पुनीत कार्य के लिए शुभकामनाएं देता हूँ।

अस्पताल की सुविधाएँ जिसमें 30 बेड,7 ओपीडी रूम, 24×7 इमरजेंसी सेवा, स्वीट रूम, वीआईपी रूम, महिला एवं बाल स्वास्थ्य के लिए विशेष आधुनिक इकाई, डिजिटल एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी लैब, एवं अन्य उन्नत परीक्षण सुविधाएँ। हॉस्पिटल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने उद्घाटन समारोह में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की यह अस्पताल सिर्फ एक व्यवसाय नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा है। हमने यह संकल्प लिया है कि हम हर वर्ग के मरीज को बिना किसी भेदभाव के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएँगे। हमारा मूल मंत्र है सेवा ही संकल्प'। हमारी टीम ने चिकित्सा जगत के विशेषज्ञों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित किया है कि हजारीबाग को एक ऐसा अस्पताल मिले जो बड़े महानगरों के बराबर सुविधा दे, लेकिन किफायती दरों पर। महिलाओं और बच्चों की सेहत को प्राथमिकता देना हमारी सामाजिक दृष्टि का हिस्सा है। अस्पताल परिसर के द्वितीय तल्ला पर आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन के साथ आरंभिक विधियां संपन्न हुईं। मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, समाजसेवी बटेश्वर मेहता, भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता, कमल नयन सिंह, कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने भी अस्पताल के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे हजारीबाग के लिए स्वास्थ्य सेवा का नया अध्याय बताया।

इस अवसर पर केपी ओझा, सौरभ जैन, डॉ रंजना शरण, डॉ बीएन प्रसाद, डॉ मनीष कुमार, डॉ नीरज सिंह उज्जैन, डॉ ओमप्रकाश, ज्ञान चंद्र जैन, अधिवक्ता, सोनी जैन, राकेश गुप्ता कांग्रेस नेता अशोक देव,दिनेश खंडेलवाल, सुरेश खण्डेलवाल, डॉक्टर कोकूलित राय, प्रबल जैन, नीरज जैन, धीरज जैन एवं शहर के कई वरिष्ठ गणमान्य एवं व्यवसाय लोग उपस्थित रहे.

# उपायुक्त को जनता दरबार में लगभग एक दर्जन फरियादियों ने किया आवेदन

**समस्याओं को तवरित समाधान होतु अधिकारियों को दिए गए निर्देश**

आदिवासी एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



इस अवसर पर लगभग एक दर्जन फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। प्रस्तुत समस्याओं में शिक्षकों की पुनः नियुक्ति, फर्जी प्रमाण-पत्रों की जांच, भूमि पर अवैध अतिक्रमण, भूमि पर्चा (एलपीसी) निर्गत करना, रंगदारी मांगने, भूमि हड़पने, भू-मुआवजा, नियुक्ति, रसीद निर्गत करना, बीपीएल सूची में नामांकन, मारपीट, चिकित्सा अनुदान तथा रोजगार दिलाने जैसी शिकायतें शामिल रहीं।

प्रमुख आवेदनों में-

सरौनी कला मुसफ्फिल से संतोष पांडे ने जन वितरण प्रणाली की दुकान अनुकंपा के आधार पर आवंटित करन हेत आवेदन दिया।

चौपारण प्रखंड के गोविंदपुर से रेखा देवी ने जमीन की ऑनलाइन रसीद निर्गत करने का निवदन किया।

खिरगांव स शाहीन परवीन ने रोजगार के दौरान लंबति वेतन भुगतान हेत आवेदन दिया। शिवपुरी, हजारीबाग से रीना तिवारी ने अपन पुतर के गंभीर रोग के इलाज और राशन कार्ड में नाम जोडने का अनुरोध किया।

ग्राम नवाटांड बनासो (विष्णुगढ़) से जागेश्वर प्रसाद सिंह ने भूमि हड़पने और विपक्षी द्वारा मनरेगा के तहत डोभा निर्माण कि शिकायत की।

विष्णुगढ़ से ग्रामीणों ने सार्वजनिक गैर-मजरूआ जमीन पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को रोकने की मांग की।

तान्या कंप्यूटर सेंटर, हजारीबाग से हरदेव पंडित ने दृष्टिबाधित दिव्यांग जनो की सूची उपलब्ध कराने हेतु आवेदन किया।

पगमिल निवासी नाजदा परवीन ने आर्थिक स्थिति कमजोर होन के कारण बच्चों की स्कूल फीस माफ करने की गुहार लगाई।

उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने प्रत्येक आवेदक से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक मामले की शीघ्र जांच कर त्वरित एवं न्यायसंगत कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## संथाल समाज दिशोम मांझी परगना का 29वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से संपन्न



आदिवासी एक्सप्रेस

**चरही (हजारीबाग)** संथाल समाज दिशोम मांझी परगाना का 29वां स्थापना दिवस शुक्रवार को भव्य कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम से मनाई गई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन और विशिष्ट अतिथि संथाल समाज दिशोम मांझी परगना के मांझी हाड़म सह झारखंड राज्य समन्वय समिति सदस्य फागू बेसरा शरीक हुए। स्थापना दिवस समारोह चरही कोयलांचल क्षेत्र के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम तापिन साउथ में मनाई गई। कार्यक्रम में तीर-धनुष प्रतियोगिता, महिला-पुरुष द्वारा नृत्य उद्धघाटन कार्यक्रम, स्वागत भाषण संदेश भाषण और मुख्य अतिथि का भाषण सहित कई संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्थापना दिवस समारोह में अपने पराम्परागत वेष-भूषा, परिधान में संथाल समाज के लोग शामिल हुए। जिसमें रामगढ़,हज़ारीबाग़, बोकारो, गिरिडीह, धनबाद, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, जमशेद पुर सहित उड़ीसा, बंगाल सहित अन्य राज्य के संथाल समाज का पदाधिकारी लोग शामिल हुए। मौके पर मुख्य अतिथि रामदास सोरेन शिक्षा मंत्री झारखंड सरकार ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों के संथाल समाज के नृत्य मंडली ढोल मांदर के साथ रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संथाल समाज दिशोम मांझी परगना संथालों का एक समाजिक संगठन है। जिसकी स्थापना 30 मई 1997 को हुई थी। जिसका उद्देश्य समाज के पूर्वजों से मिली विरासत व रीति-रिवाज को संजोए रखना है। संथाल समाज अपनी विधि विधान से मार्गदर्शित होते हैं। जिस मार्ग से संथाल समाज के पूर्वज चलें हैं उसी मार्ग पर संथाल चलने,अधर्म से पीड़ित नहीं होने, संथाली एकता को मजबूत करने, संथाल समाज को सजाने अपनी भाषा, संस्कृति और धर्म अक्षुण्य बनाये रखने, जल, जंगल और जमीन की रक्षा,अपनी अस्तित्व की रक्षा एवं संविधानिक अधिकार के लिए संघर्ष तेज करने के लिए कृत संकल्पित है। और आज जो संथाल समाज के द्वारा हमे और झारखंड सरकार को मांग पत्र दिया गया मैं और झारखंड सरकार मिलकर प्रयास करेंगे कि संथाल समाज का जो भी मांगे है जल्द से जल्द उसे अमल करने का काम करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से फागु बेसरा दिशोम मांझी हाड़म, सोनाराम मांझी दिशोम परगना मोहन सोरेन परगना, पतिलाल मरांडी, रतिलाल मरांडी, संजय टुडू, मुर्शिदलाल हांसदा, रामकिशोर मुर्मू, रमेश हेम्ब्रोम,दीपा किस्कु, लालमुनी हांसदा, रॉयल हांसदा, राममलाल मुर्मू, पनालाल मुर्मू प्रवीण सोरेन लखीराम मुर्मू, झामुमो नेता सुनील शर्मा, महलाल हांसदा,महेश मरांडी, महेंद्र बैक सरना समित अध्यक्ष हज़ारीबाग, आल संथाल स्टुडेंट युनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष मनोज टुडु, अर्जुन टुडु, आनंद मरांडी, रवि लिंडा सरना समित हज़ारीबाग समेत हजारों की संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

## आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय की दो बालिकाओं के मैट्रिक की परीक्षा प्रथम श्रेणी से पास करने पर उपायुक्त ने दोनों को किया सम्मानित

**● पूरे जिले में पहली बार बिरहोर समुदाय की दो बेटियों ने मैट्रिक की परीक्षा प्रथम श्रेणी से पास की है, यह अपने समुदाय की ब्रांड एम्बेसडर के रूप में जानी जाएगी: उपायुक्त**

आदिवासी एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल के मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई बिरहोर जनजाति की दो बालिकाओं किरण कुमारी और चानवा को उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने आज 30 मई को अपने कार्यालय वेश्म में सम्मानित किया। उपायुक्त ने इन दोनों बच्चियों को शॉल एवं पुस्तक भरा बैग देकर आशीष दिया।



उपायुक्त ने कहा कि किरण कुमारी एवं चानवा की सफलता पर काफी खुश है तथा इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है। उन्होंने कहा कि हमारा यह प्रयास रहेगा कि समाज के अंतिम पायदान के छात्र छात्राओं तक शिक्षा की ज्योत पहुंचे।

उपायुक्त के हाथों सम्मानित होकर उत्साहित दोनों बच्चियों ने उपायुक्त को बताया कि वें आगे चल कर डॉक्टर और देश सेवा के क्षेत्र में जाना चाहती है।

उपायुक्त इनकी बातें सुनकर काफी प्रभावित हुए एवं शिक्षा के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने मौके पर मौजूद जिला शिक्षा पदाधिकारी से इनकी समस्याओं को पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कस्तूरबा विद्यालय के शिक्षक एवं वार्डन से भी विद्यालय में शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के साथ साथ विद्यालय में आवश्यक सुविधाओं को बहाल करने संबधी बिंदुओं को संज्ञान में लाने का निर्देश दिया। अंत में उपायुक्त ने दोनों बच्चियों को इनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने मनाई शादी की 64वीं सालगिरह

आदिवासी एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** शादी की सालगिरह एक विशेष अवसर है, जो अपने जीवनसाथी के बीच प्यार और बंधन को और मजबूत करता है। इस दिन को खास बनाने के लिए, लोग अपने जीवनसाथी को शुभकामनाएं देते हैं, केक काटा जाता है, बेशकीमती उपहार देते हैं, और एक साथ समय बिताते हैं।

झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सीपीआई के वरिष्ठ नेता सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने हजारीबाग शहर के पगमिल रोड स्थित अपने आवास पर अपने शादी की 64वीं सालगिरह का जश्न मनाया। इस अवसर पर केक काटकर एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी उन्होंने अपनी पत्नी शकुंतला देवी को शादी की सालगिरह की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर पल तुमने मुझे सच्चे प्यार का मतलब सिखाया है, इसलिए मैंने तुम्हें अपने करीब पाया। सालगिरह मुबारक हो, मेरी प्यारी जीवनसाथी। हर साल की तरह ये साल भी खुशियों से भर जाए।





इस अवसर पर उन्होंने परिवार के सदस्यों और शुभचिंतकों के संग केक काटकर शादी की सालगिरह के इस जश्न को यादगार पल बनाया सभी ने एक दूसरे को केक खिलाया और सुखी दांपत्य जीवन की दोनों को शुभकामनाएं दी। सामाजिक क्षेत्र में लगातार अपनी सेवाएं देने वाले इस शख्सियत का लोगों से मिलने का अंदाज ही कुछ अलग है वह जहां भी जाते हैं अपनी एक अलग पहचान छोड़ जाते हैं। इसी को लेकर वह अपने शुभचिंतकों और प्रशंसकों के बीच में काफी लोकप्रिय हैं। उनके 64 वें शादी की सालगिरह के अवसर पर उनके सुखमय जीवन और उनके दीर्घायु जीवन की सभी ने कामना की।

झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बटेश्वर प्रसाद मेहता ने दोनों के दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि मैं ईश्वर से दोनों के सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं। भुवनेश्वर प्रसाद मेहता सदैव गरीबों, दलितों, पिछड़ों, मजदूरों, असहाय और जरूरतमंद लोगों के बीच में अपनी सेवाएं प्रदान करते रहते हैं?। जिसके कारण उनकी लोकप्रियता एक समाजसेवी के रूप में बनी हुई है। पूर्व सांसद की लोकप्रियता का जिक्र करते हुए बटेश्वर मेहता ने कहा कि भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने जनप्रतिनिधि के तौर पर जिस तरह उन्होंने अपना दायित्व निभाया जब वह विधायक और सांसद बने अपने कार्यक्षेत्र में उन्होंने विकास की किरणें बिखेरी। आगे भी वह लोगों के बीच सामाजिक भागीदारी निभाते रहेंगे और सामाजिक क्षेत्र में अपने कार्यों को अंजाम देते रहें।

अपने शुभचिंतकों और परिवार के सदस्यों के बीच शादी की सालगिरह का उत्सव मनाते हुए पूर्व सांसद काफी भावुक नजर आए, इस प्रकार से अपनापन देखकर काफी खुशी की अनुभूति प्राप्त किया।

शादी की सालगिरह की बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों में झारखंड राज्य स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता, सीपीआई के जिला सहसचिव निजाम अंसारी, सीपीआई के वरिष्ठ नेता महेंद्र राम, अखिलेश कुमार, राजेश चंद्र मेहता, अनंत कुमार आर्या, प्रभु दयाल मेहता, सत्येंद्र मेहता, गुलाब देव प्रसाद मेहता, श्रीकांत मेहता, सत्येंद्र प्रसाद मेहता, तुलसी मेहता, राजू, शौकत अनवर सहित परिवार के सभी सदस्य शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जदयू ने दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में नए उपायुक्त आदित्य रंजन को पुष्प गुच्छ भेंट कर किया स्वागत



**गोमो।** 30 मई 2025 को जदयू पार्टी ने प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में धनबाद के नए उपायुक्त आदित्य रंजन को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान श्री सिंह ने उपायुक्त से धनबाद जिला में विस्थापन,पेयजल एवं स्वास्थ्य-चिकित्सा व्यवस्था से संबंधित विषय चर्चा किया।श्री सिंह ने कहा कि गांव के लोग विस्थापन,पेयजल एवं स्वास्थ्य-चिकित्सा व्यवस्था से परेशान है। बीसीसीएल में संचालित आउटसोर्सिंग कंपनियां मनमानी ढंग से लोगों को विस्थापित कर रहा है। रैयतों का जमीन जबरदस्ती छिना जा रहा है। विरोध करने पर कंपनी द्वारा झुठा मुकदमा दर्ज कर फंसाया जा रहा है। पेयजल एवं स्वास्थ्य-चिकित्सा व्यवस्था अत्यंत खराब है,इसे सुदृढ़ करने की जरूरत है। उपायुक्त ने विषय को गंभीरता पूर्वक सुनने के बाद सार्थक पहल करने की बात कही। प्रतिनिधि मंडल में जदयू टुंडी विधानसभा प्रभारी सहदेव प्रसाद सिंह, जदयू महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव बिंदु देवी, जदयू अनूसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला महासचिव अशोक कुमार दास, जदयू बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चंद्र गोप, जदयू टुंडी प्रखंड युवा अध्यक्ष गोतम कुमार पाण्डेय, जदयू बाघमारा प्रखंड सचिव गंगा प्रसाद शर्मा,प्रिंस कुमार आदि शामिल।

### हुसैनाबाद विधायक ने बीरधवर से गजिबिहारा तक पक्की सड़क निर्माण का किया शिलान्यास

● अभी जनहित की बड़े कार्य बाकी हैं, मैं सभी कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर करूंगा विधायक- संजय यादव



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता, लालू कुमार यादव**
**हुसैनाबाद, पलामू।** हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने बीरधवर नौका टोला नहर पुल से ग़ज़ीबिहरा गांव तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक ने आने वाले समय में कई बड़ी जनहित के कार्यो को कराने की बात कही उन्होंने कहा शिक्षा स्वास्थ्य, सिचाई व सड़क के लिए पूरे विधानसभा मे रोड मैप तैयार की जा रही है आने वाले समय मे जनता को बड़ी सौगात मिलेगी।उन्होंने कहा सड़क व पुल पुलिया तो रोजमर्रा की योजना हैं मैं विधानसभा क्षेत्र में कुछ अलग कार्य को करूंगा, उन्होंने सिचाई व स्वास्थ्य, शिक्षा की प्राथमिकता में रखने की बात कही, उन्होंने कहा कि जनता ने जिस विश्वास से मुझे जिताया हैं उस पर शतप्रतिशत खरा उतरूंगा। उन्होंने मोहम्मदगंज हैदरनगर भाया कोलुहा पंसा सड़क निर्माण कार्य की बात कही। मौके पर प्रदेश महासचिव रवि यादव, कलाम खान, अनुमण्डल अध्यक्ष खुर्शीद खा, प्रखंड अध्यक्ष पचू रजवार, गणेश प्रसाद,युवा प्रखंड अध्यक्ष सिद्धार्थ कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बच्चन बैठा, अर्जुन यादव, अरविंद मेहता, मंजय मेहता, कनीय अभियन्ता धीरेन्द्र कुमार, पथ निर्माण के एसडीओ विजय राम आदि दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### कान्हाचट्टी प्रखंड में मनरेगा ऑपरेटर नहीं होने से लाभुकों को हो रही है काफी परेशानी

● मायूस होकर लौट रहे है लाभुक, मनरेगा से जुड़ी विकास कार्य हो रहे है बाधित



**विकाश कुमार कान्हाचट्टी**
कान्हाचट्टी प्रखंड में मनरेगा ऑपरेटर नहीं होने से प्रखंड के मनरेगा लाभुकों और मजदूरों को इन दिनों काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड में इससे पहले मनरेगा के एक मात्र ऑपरेटर अपनी सेवा दे रहे थे जिनका हाल ही में जिला द्वारा हंटरगंज तबादला कर दिया गया। जिसके बाद से प्रखंड के मनरेगा मजदूरों तथा लाभुकों को प्रखंड कार्यालय से मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। बताते चले कि मनरेगा योजना भारत सरकार की सबसे अहम योजनाओं में से एक है जो ग्रामीण क्षेत्र में गरीबी उन्मूलन तथा प्रतिदिन मजदूरी करने वाले मजदूरों को रोजगार मुहैया कराती है। तथा कृषि क्षेत्र में भी मनरेगा द्वारा कई महत्वपूर्ण योजना चलाया जाता है। वर्तमान समय में मनरेगा द्वारा बिरसा सिंचाई कूप निर्माण, आम बागवानी, और डोभा तालाब जैसी महत्वपूर्ण योजना चलाई जा रही है। ऐसे में यदि शीघ्र ही प्रखंड में मनरेगा ऑपरेटर को पदस्थापित नहीं किया जाता है तो कई विकास योजनाओं को बाधित होने की संभावना है।

***क्या कहते है प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी***

इस संबंध जब नव पदस्थापित बीपीओ सुबोध पासवान से दूरभाषा के माध्यम से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जरूरत के अनुसार ऑपरेटर की मांग जिला से की जाएगी। वही आगे उन्होंने कहा कि कुछ आउट सोर्सिंग से भर्ती हुए ऑपरेटरों की सूची जिला द्वारा मांगा गया जिसका इंतजार किया जा रहा है। यदि अति आवश्यक होगा तो प्रखंड में कार्यरत ऑपरेटर जिन्हें मनरेगा में कार्य करने की अनुभव है तो उन से भी सेवा ली जाएगी।

# मगध में खान सुरक्षा महानिदेशालय के डीजीएम एस और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के अधिकारियों द्वारा ओसीपी का उच्च स्तरीय दौरा किया



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता- अबुल कलाम**
**टंडवा- (चतरा)** सीसीएल के मगध कोल परियोजना में शुक्रवार 30 मई 2025 को खान सुरक्षा महानिदेशालय डीजीएम एस और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड सीसीएल के अधिकारियों द्वारा मगध ओसीपी का उच्च स्तरीय दौरा किया। इस दौरे से कई बिन्दुओं पर विचार विमर्श कर बहुत सारे बिन्दु पर चर्चा का विषय बना। इस दौरे में निम्नलिखित लोग शामिल हुए: डॉ. एस.एस. प्रसाद, उप महानिदेशक, सेज रांची रत्नाकर सुनकी, उप खान सुरक्षा अधिकारी (मैकेनिकल) रांची क्षेत्र पी. हनुमंत राव, खान सुरक्षा के उप निदेशक (खनन) रांची क्षेत्र सी.एस. तिवारी, निदेशक (तकनीकी/संचालन) सीसीएल नृपेंद्र नाथ, जीएम (एम-एस) क्षेत्र द्वारा गणमान्य व्यक्तियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जिन्होंने प्रत्येक अतिथि को पारंपरिक शॉल, श्रीफल और गुलदस्ता भेंट कर औपचारिक कार्यवाही की शुरुआत की। परियोजना अधिकारी द्वारा मगध ओसीपी के संचालन और विवरण पर एक व्यापक पीपीटी प्रस्तुति दी गई, जिसमें उत्पादन की स्थिति, सुरक्षा पहल, पर्यावरण प्रथाओं और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। प्रस्तुति के दौरान खान सुरक्षा प्रोटोकॉल, हाल ही में मॉक ड्रिल प्रदर्शन और आपातकालीन स्थितियों के लिए तैयारियों से संबंधित प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई। उसके बाद टीम ने मगध ओसीपी के चमातु पैच का दौरा किया और सक्रिय खनन स्थल के चल रहे संचालन और सुरक्षा कार्यान्वयन की समीक्षा की। सभी गणमान्य व्यक्तियों ने मगध ओसीपी के दृश्य में एक वृक्षारोपण में भाग लिया, जो पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ खनन प्रथाओं के लिए एक साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यात्रा एक सकारात्मक नोट के साथ समाप्त हुई, जिसमें सुरक्षा मानकों, श्रमिक कल्याण और पर्यावरण के अनुकूल खनन में निरंतर सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

# गोमो में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने नव मनोनीत प्रखंड अध्यक्ष संतोष ठाकुर को दी बधाई



**गोमो।** 30 मई 2025 को महिला समिति गोमो तोपचांची के प्रंगण में तोपचांची प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष संतोष ठाकुर की अध्यक्षता में पूर्व विधायक टुण्डी विधानसभा स्व.उदय कुमार सिंह जी की 11 वां पुन्यतिथि में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा तोपचांची प्रखण्ड कांग्रेस के नव मनोनीत प्रखण्ड अध्यक्ष संतोष ठाकुर को बधाई व शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर नव मनोनीत अध्यक्ष संतोष ठाकुर ने तोपचांची प्रखण्ड के तमाम कांग्रेसी विचार धाराओं से प्रेरित लोग को पार्टी में सक्रिय रहने की आहवान किया। इसके लिए प्रखण्ड अध्यक्ष ने सभी को हाथ में हाथ मिलाकर साथ चलने की बात कही एवं अध्यक्ष मनोनयन के लिए कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी श्री के. राजू व झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष आदरणीय कैशव महतो जी, कमलेश जी एवं धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदरणीय संतोष कुमार सिंह जी÷ तथा धनबाद जिला कांग्रेस कार्यकारिणी सदस्य आदरणीय विश्वनाथ शर्मा जी को धन्यवाद दी, उक्त कार्यक्रम में तोपचांची प्रखण्ड के कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता, बजरंगी दास, अशोक ठाकुर, ओम प्रकाश मंडल, सलीम खान, आरिफ हुसैन, जमील अख्तर, मो. रूस्तम आदि लोग मौजूद थे।



आज दिनांक 30 मई 2025 को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं ने पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री सुबोधकांत सहाय और जिला प्रभारी विनय सिन्हा दीपू का जोरदार स्वागत किया मिशन चौक पर किया उसके बाद जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी कांग्रेस के पदाधिकारी जय हिंद सभा में पहुंचे जय हिंद सभा का नेतृत्व पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय उपस्थित हुए
मौके पर प्रमुख रूप से 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी सतनारायण सिंह विजय चौबे सत्यानंद दुबे विनोद तिवारी शमीम अहमद रायन ईश्वरी प्रसाद सिंह मिथिलेश सिंह पूर्णिमा पांडे विश्रामपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी जितेंद्र कमलपुरी तुलसी पासवान अशोक पासवान संतोष चौबे अशोक तिवारी भिखारी राम सच्चिदानंद मिश्रा सिद्धनाथ प्रसाद गुप्ता नसीम खान मिट्ठू खान हैदर खान रामचंद्र दीक्षित मुकेश चंदेल अशोक सिंह अरविंद पासवान अनिल सिंह सुधीर सिंहा सोनू खान अखिलेश चौधरी मिर खुर्शीद खुर्शीद आलम मुख्तार अंसारी सज्जाद अली चिंतामणि तिवारी रविंद्र कुमार छोटू चंद्रवंशी सोनू सिंह परवेज आलम सुनील पासवान इत्यादि लोग उपस्थित थे.

# पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हुसैनाबाद की छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन, शत-प्रतिशत रिजल्ट से बढ़ाया विद्यालय का मान

## अवनि कस्तूरबा गांधी व काजल झारखंड आवासीय विद्यालय टॉपर



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**लालू कुमार यादव**
**हुसैनाबाद, पलामू।** झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय हैदरनगर एवं पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हुसैनाबाद की छात्राओं ने मैट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की। कस्तूरबा गांधी विद्यालय से 76 और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय से 41 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुईं थीं। कस्तूरबा गांधी विद्यालय की अवनि कुमारी ने 88.80% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं डिंपी कुमारी ने 86.40% अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में काजल कुमारी ने 84.80त्न अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। सिमरन कुमारी ने 83.20% और दीपसिखा कुमारी ने 82.80% अंक प्राप्त कर क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा कस्तूरबा गांधी विद्यालय की सोनम कुमारी ने 80.20%, नीतू कुमारी 80.60%, चांदनी कुमारी 81.20%, निशा कुमारी व नंदनी कुमारी 81.60%, अंशु कुमारी 81.80%, शीतल कुमारी 82%, निकी कुमारी व निधि कुमारी 82.60%, प्रिया कुमारी 84%, और रूपा कुमारी ने 84.40% अंक प्राप्त कर विद्यालय की प्रतिष्ठा को और ऊंचा किया।
छात्राओं की इस सफलता पर विद्यालय की वार्डन किरण सिंह ने सभी को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह परिणाम छात्राओं की मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रमाण है।

### गुरुचट्टी कुशवाहा समाज का चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज, चुनाव आज



**बड़कागांव संवाददाता**
**बड़कागांव।** बड़कागांव गुरु चट्टी कुशवाहा समाज का आज लोकतांत्रिक तरीके से संयोजक, अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद का चुनाव किया जाएगा। चुनाव को सफल बनाने के लिए समाज में चुनाव आयोग का गठन किया गया है। जिसमें मुख्य चुनाव आयोग के तौर पर दामोदर प्रसाद मेहता, झमन प्रसाद मेहता, अरुण कुमार, प्रकाश कुमार, सहेश कुमार का चयन किया गया है। इसके बाद चुनाव आयोग के द्वारा नामांकन की तिथि नाम वापसी की तिथि रखी गई। इसके बाद चुनाव मैदान में डटे रहे प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्ह का वितरण किया गया है। जिसमें संयोजक पद पर दर्शन प्रसाद कुशवाहा को छाता छाप, सुरेंद्र कुमार को स्कूटी छाप, अध्यक्ष पद के लिए जय हिंद महतो को हल चला हुआ किसान छाप, संतोष कुमार को गाय छाप, सचिव पद के लिए धूपन महतो को जग छाप, संजय कुमार को उगता हुआ सूरज छाप वही कोषाध्यक्ष पद के लिए आशीष नाथ कुशवाहा को बोलोरो गाड़ी छाप, रविंद्र कुमार को फूलगोभी छाप और सरोज कुमार को ताला चाबी छाप दिया गया है। जिसका आज 10:00 बजे से लेकर 3:00 तक गुरुचट्टी कुशवाहा धर्मशाला में समाज के लोग वोट देकर अपने गांव के अध्यक्ष सचिव का चयन करेंगे । इस संबंध में मुख्य चुनाव आयोग दामोदर प्रसाद मेहता ने कहा कि गांव समाज के चुनाव को भी लोकतांत्रिक तरीके से करने से हमारा लोकतांत्रिक व्यवस्था पर और भरोसा बढ़ जाता है, क्योंकि हमारा संविधान हम लोगों को चुनाव लड़ने की आजादी देता है।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में संवाददाता सम्मान समारोह आयोजित



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**
**छतरपुर, पलामू।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में संवाददाता सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के संस्थापक सचिव श्रद्धेय सत्यदेव प्रसाद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सभी संवाददाता एवं कॉलेज के वर्तमान सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल, प्रभारी प्राचार्य प्रो. अखिलेश कुमार सिंह सहित कॉलेज के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।
समारोह में छतरपुर के वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने विचार एवं अनुभव साझा किए।
अश्विनी कुमार ने कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण है और पत्रकारों की जिम्मेदारी बहुत बड़ी होती है।
धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि पत्रकारिता एक सेवा भाव है, जो समाज को जागरूक करने का कार्य करती है।
राजीव सिन्हा ने कहा कि सकारात्मक पत्रकारिता से समाज में विश्वास और बदलाव आता है।
चंदन कुमार ने कहा कि पत्रकारों को निष्पक्षता और सच्चाई के साथ कार्य करना चाहिए।
यमुना कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को उजागर करना पत्रकारिता का महत्वपूर्ण दायित्व है।
पप्पू यादव ने कहा कि पत्रकार समाज और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करता है.. साथी ही पत्रकार, शिक्षक, डॉक्टर समाज के एक दर्पण।
उमेश कुमार ने कहा कि पत्रकारिता में निरंतरता और प्रतिबद्धता आवश्यक है।
इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि पत्रकार कॉलेज और समाज के बीच एक मजबूत कड़ी हैं। कॉलेज प्रशासन शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान देने के लिए सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ करने की योजना पर कार्य कर रहा है।
कॉलेज के सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने कहा कि पत्रकार समाज के सजग प्रहरी हैं। पत्रकारिता की विश्वसनीयता बनाए रखना समय की मांग है। कॉलेज प्रबंधन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और पत्रकारों के अनुभव से भी छात्रों को प्रेरणा मिलती है।
कार्यक्रम का संचालन पंचम कुमार ने अत्यंत सुचारू रूप से किया, वहीं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. सूर्योदय कुमार ने किया।
समारोह में उपस्थित सभी संवाददाताओं को कॉलेज ट्रस्ट की ओर से अंगवस्त्र, पेन एवं डायरी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे।

# लठेया में लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

## 348 मरीजों को मिली राहत



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**
**छतरपुर ,पलामू।** लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, विश्रामपुर के तत्वावधान में गुरुवार को लठेया स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में एक भव्य निन्शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस जनसेवी पहल के अंतर्गत कुल 348 मरीजों का निन्शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, विशेषज्ञ परामर्श, दवा वितरण एवं आवश्यक जांच सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस मौके पर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. नित्यानंद ने बताया कि ÷इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं वंचित समुदायों को प्राथमिक स्तर पर नि:शुल्क तथा उत्तम स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना है ताकि समय रहते उपचार संभव हो सके और बड़ी बीमारियों से बचाव किया जा सके। लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल समर्पित भाव से समाज को गुणवत्तापूर्ण और निन्शुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है।÷शिविर में विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दीं, जिनमें हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. कमलेश चंद्रा, अनेस्थेसिया विशेषज्ञ डॉ. बशिष्ठ नारायण, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. भारद्वाज, सर्जन डॉ. राहुल कुमार, डॉ. सरफराज, डॉ. संदीप, डॉ. लिपिका और डॉ. अपर्णा प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस शिविर में डॉ. अभिषेक प्रसाद का विशेष योगदान उल्लेखनीय रहा।प्रशासनिक व्यवस्था की निगरानी अस्पताल प्रशासक नितीश चंद्रवंशी और जेआर एडमिनिस्ट्रेटर संदीप चंद्रवंशी द्वारा की गई। साथ ही नर्स अनुपम कुमारी, आंचल कुमारी, सुषमा कुमारी और मार्केटिंग प्रतिनिधि कुंदन चंद्रवंशी सहित अन्य टीम सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।
कार्यक्रम के समापन पर विद्या विहार वाटिका स्कूल के महानिदेशक डॉ. रामरेश यादव ने शिविर में शामिल सभी डॉक्टरों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके समर्पण की सराहना की। शिविर की सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आयोजन के अगले ही दिन, यानी 30 मई को, लठेया एवं छतरपुर क्षेत्र से लगभग 60 मरीज अपनी विशेष इलाज हेतु लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल विश्रामपुर पहुंचे । यह दर्शाता है कि शिविर ने स्थानीय जनमानस में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई और लोगों को संस्थान पर विश्वास भी दिलाया। यह आयोजन इस बात का जीवंत प्रमाण है कि जब सेवा और संकल्प एक साथ चलते हैं, तो स्वास्थ्य सेवा समाज के हर कोने तक पहुँच सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्पाद विभाग ने 15 लीटर अवैध चुलाई शराब जप्त किया, तथा 300 किलोग्राम अवैध जल मिश्रित जावा महुआ को नष्ट किया

**• कार्यवाही मुफस्सिल थाना अंतर्गत बेलडांगा स्थित लिली टुडू के घर में छापा मारी के दौरान की गई**



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़-** शुक्रवार को उत्पाद विभाग की टीम ने पाकुड़ मुफ्फसिल थानान्तर्गत वेलडंगा स्थित लीली टुडु के घर में छापामारी की गई। तलाशी के क्रम में 15 लीटर अवैध चुलाई शराब तथा 300 किलोग्राम अवैध जल मिश्रित जावा महुआ को बरामद किया गया तथा जल मिश्रित जावा महुआ को घटनास्थल पर विनिष्ट किया गया अभियुक्ति के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया।

### जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर अपर समाहर्ता ने की सुनवाई

**• प्राप्त आवेदनों पर लिया संज्ञान, संबंधित पदाधिकारियों को निष्पादन का दिया जरूरी निर्देश**



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़ -** शुक्रवार को उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देश पर अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। अपर समाहर्ता ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया।

जनता दरबार में समाज कल्याण, जमीन से संबंधित, प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय पाकुड़, जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, भू अर्जन कार्यालय आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे।

### मछली पालन और खेती का जरिया बना तालाब जीर्णोद्धार व परकोलेशन टैंक, किसानों के दोगुना का बना साधन



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़-** भूमि संरक्षण पदाधिकारी, पाकुड़ सुचित एक्का ने वित्तीय वर्ष- 2023-24 एवं 2024-25 में किये गये तालाब जीर्णोद्धार व परकोलेशन टैंक निर्माण कार्य वाले योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में लिट्टीपाड़ा प्रखंड के पंचायत- जोरडीहा में वर्ष 2023-24 में जीर्णोद्धार कराये गये सरकारी तालाब के पानी को लेकर पानी पंचायत के सदस्यों से मुलाकात किया। सदस्यों ने बताया कि उक्त तालाब का जीर्णोद्धार हो जाने से अगल-बगल के खेतों में चार्लेस सोरेन, बरबाद हांसदा एवं अन्य गत वर्ष खरीफ फसल के बाद रबी फसल जैसे सरसों, बैगन, मकई आदि का खेती किया गया। साथ ही तालाब में मछलीपालन कर हम सब कृषक व्यवसाय की ओर अग्रसर है। इसी प्रकार ग्राम-अम्बाजोड़ा,पंचायत- पाडेरकोला, अमडापाड़ा में वर्ष 2024-25 में नवनिर्मित कराये गये परकोलेशन टैंक योजना से लाभान्वित कृषक फाते हांसदा के द्वारा बताया गया कि उक्त तालाब में मछली पालन हेतु मछली का जीरा डाला गया है। वर्षा जल संचयन होने के बाद रबी फसल की खेती प्रारम्भ करेगें।

### जिला कौशल पदाधिकारी ने विभिन्न कौशल प्रशिक्षण केंद्रों का किया निरीक्षण



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़-** शुक्रवार को जिला कौशल पदाधिकारी राहुल कुमार द्वारा जिले में संचालित विभिन्न कौशल केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कौशल पदाधिकारी ने झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी (जेएसडीएम) के निर्देशानुसार सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पाकुड़ स्थित दूरदर्शी ज्ञान कौशल केन्द्र के मैनेजर वसीम को क्लास रूम का लाइव स्ट्रेचिंग सही करने का निर्देश दिया गया। साथ ही हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत मोहनपुर स्थित ÷निष्ठा÷ कौशल केन्द्र के सेंटर मैनेजर को छात्रावास एवं प्रशिक्षण केन्द्र में उचित स्वच्छता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

विदित हो कि जिले में श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा तीन कौशल केन्द्र चलाए जा रहे है, इसमें रहना, खाना बिल्कुल निःशुल्क है। इसमें अभ्यर्थियों को किसी प्रकर की फीस नही देनी पड़ती। उन्हें ड्रेस एवं पुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती है। इसमें कई प्रकार के प्रशिक्षण दिए जाते हैं यथा नर्सिंग, सिलाई, कम्प्यूटर। उन्होंने पाकुड़ के छात्र-छात्राओं से इन कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों में नामांकित होकर हुनरमंद बनने एवं रोजगार प्राप्त करने की अपील की।

# आगामी मलेरिया रोधी माह (जून 2025) के संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी जसीडीह के अध्यक्षता में बैठक किया गया

**राजा कुमार का रिपोर्ट**

**देवघर-** मलेरिया रोधी माह (जून 2025) के संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी जसीडीह के अध्यक्षता में बैठक किया गया जिसमें डॉ विश्वनाथ चौधरी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जसीडीह के द्वारा बतलाया गया कि प्रत्येक वर्ष जून माह को मलेरिया रोधी माह के रूप में मनाया जाता है, मानसून का आरंभ जून माह में चुकी हो जाता है और हम सब अवगत हैं कि मानसून के दौरान और मानसून के पश्चात मलेरिया का प्रसरण काल होता है, प्रसरण काल में मलेरिया से सुरक्षा हेतु विशेष रूप से



सावधानी बरतना अत्यंत आवश्यक है और हम सभी की यह जिम्मेदारी है, मलेरिया रोधी माह मनाए जाने का उद्देश्य है मलेरिया से बचाव, सुरक्षा तथा नियंत्रण संबंधी उपाय एवं तरीकों से जन समुदाय को अवगत कराना ताकि बेहतर स्वास्थ्य के लिए उनके व्यवहार में परिवर्तन किया जा सके, जन भागीदारी एवं जन जागरूकता से हम सभी मलेरिया से सुरक्षित रह सकते हैं, जन समुदाय की भागीदारी को ध्यान में रखते हुए मलेरिया रोधी माह में व्यापक प्रचार प्रसार तथा व्यवहार में परिवर्तन हेतु विशेष प्रयास की जरूरत है, मलेरिया रोधी माह में मलेरिया से सुरक्षा तथा नियंत्रण हेतु प्रचार प्रसार गतिविधियों यथा ग्राम गोष्ठी, प्रभात फेरी, विद्यालय जागरूकता कार्यक्रम आदि अपेक्षित है, संपूर्ण जून माह हम लोग मलेरिया रोधी माह के रूप में मनाएंगे जिसमें उक्त कार्यक्रम सभी स्वास्थ्य कर्मी, सभी सहिया, सभी सहिया साथी, सभी एएनएम, सभी सी एच ओ, सभी एम पी डब्लू के द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए मलेरिया पर नियंत्रण पाने में हम कामयाब हो सकते हैं, मलेरिया रोधी माह जून 2025 में लोगों को जागरुक करते हुए बतलाना चाहेंगे कि हमेशा मच्छरदानी के अंदर सोना है, मच्छरों से बचने हेतु आसपास सफाई रखना है, पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनना है, पीने के पानी के बर्तनों को ढक कर रखना है, बुखार होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसीडीह में जांच कराना है, मलेरिया की पुष्टि होने पर चिकित्सक की सलाह के अनुसार दवा का सेवन करना है, ताजा और सादा भोजन करना है एवं तरल पदार्थ का अधिक से अधिक सेवन किया जाना है, मलेरिया के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क कर हम उचित ईलाज कर मलेरिया जैसे घातक बीमारी पर बहुत हद तक नियंत्रण पा सकते है साथ ही प्रभारी महोदय द्वारा बताया गया कि सभी एमपीडब्ल्यू को अपने-अपने क्षेत्र की सहिया के द्वारा आरडीके जांच एवं रक्तपट संग्रह हेतु प्रेरित करना है और क्षेत्र में संपूर्ण पर्यवेक्षण भी करना है बैठक में लैब टेक्नीशियन विनय कुमार सिन्हा, बीपीएम शालिनी साहू,एमटीएस राजीव रंजन, निगरानी कार्यकर्ता आशिफ हुसैन, परिवार कल्याण कार्यकर्ता संदीप कुमार, स्वास्थ्य कार्यकर्ता कन्हैया कुमार, एमपीडब्ल्यू में धीरेंद्र कुमार दास, प्रणय कुमार मिश्र, रमाकांत मेहरा, राकेश कुमार, इरशाद अंसारी ,नीरज कुमार पांडे के साथ राजेश कुमार एवं प्रदीप कुमार उपस्थित थे.

# आरोपः दीवानी मामले में आपराधिक धाराओं को इंस्पेक्टर ने सही ठहराया

**आईजी ने एसडीपीओ को दिया था जांच का आदेश और ईधर तीन अभियुक्तों की हो गई गिरफ्तारी**

**देवघर/ संवाददाता**

मोहनपुर अंचल क्षेत्र के रिखिया मौजा के प्लॉट संख्या 43, 44 में स्थित सिंह कोठी का जमीन विवाद गहराता जा रहा है। बीते मंगलवार की देर रात कुनाल राउत , बॉबी राउत उर्फ निशांत कुमार एवं सुमित राउत को रिखिया थाना के पुलिस ने हिरासत में ले लिया इसके पश्चात कोर्ट में पेशी कर उन्हें न्यायिक राशन में भेज दिया । पुलिस ने यह कार्यवाही सुजीत कुमार ठाकुर के आवेदन पर किया है। स्थानीय पुलिस हिरासत में लिए गए अभियुक्तों से पूछताछ कर रही है । हालांकि इस जमीन को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। चर्चा है कि प्रदीप राय और मनोज कुमार सिन्हा द्वारा उक्त जमीन की दावेदारी की जा रही है। बीते 21 अप्रैल को सुजीत कुमार ठाकुर के आवेदन पर एकतरफा प्राथमिकी दर्ज की गई थी । इसके पश्चात सदर इंस्पेक्टर ने बतौर पर्यवेक्षण अधिकारी दर्ज प्राथमिक की को सही ठहराया गया। जिसके निर्देश के बाद संबंधित अनुसंधानकर्ता के द्वारा गिरफ्तारी की गई । ज्ञात होगी इन सभी आरोपियों पर बीएनएस की धारा



191(2) , 191(3), 190, 308(5), 352 , 351 (2), 303(2) के तहत प्राथमिक की दर्ज की गई थी। हालांकि इसको लेकर मनोज कुमार सिन्हा ने आईजी से मुलाकात कर एकतरफा कार्रवाई से अवगत कराया था । उन्होंने लिखित आवेदन में कहा कि स्थानीय पुलिस के द्वारा सिविल मामले को क्रिमिनल मामले में बदलते हुए एकतरफा कार्यवाही की जा रही है । उन्होंने कहा कि मेरे बासोवास कर रहे घर में प्रदीप राय नामक व्यक्ति जबरदस्ती घेरने लगा , इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी लेकिन स्थानीय पुलिस ने उल्टे मेरे ऊपर और स्थानीय लोगों पर विभिन्न आपराधिक धारा में प्राथमिक की दर्ज की गई । मैने उस वक्त थाना में आवेदन दिया था लेकिन मेरे आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिसके कारण ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करना पड़ा लेकिन फिर भी कोई सुनवाई नहीं हुई । साथ ही उन्होंने कहा कि बाहरी गवाहों के सहारे सदर इंस्पेक्टर ने दीवानी मामले को आपराधिक मामला बताते हुए सभी धाराओं को सही कर दिया है। इस मामले में स्थानीय लोगों को गवाह नहीं बनाया गया है। हालांकि इसको लेकर पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिस उप महानिरीक्षक सह् पुलिस अधीक्षक देवघर को पत्राचार करते हुए देवघर अनुमंडल पदाधिकारी से मामले को पुनः पर्यवेक्षण कराने को कहा है। साथ ही कृत कार्रवाई से पुलिस महानिरीक्षक के कार्यालय को अवगत कराने को कहा है।

**...तो क्या पुलिसिया खौफ के सहारे जमीन घेरने की चल रही है तैयारी**

इसको लेकर रिखिया के विभिन्न क्षेत्रों में तरह-तरह की चर्चाएं है हो रही है। जहां एक तरफ रंगदारी मांगने की चर्चा हो रही है तो वहीं दूसरी तरफ चर्चा है कि एक पक्ष काफी पकड़ वाला है जिसके कारण सिविल मामले को क्रिमिनल मामले में सही ठहराते हुए पुलिस दबाव बनाने का काम कर रही है ताकि उक्त जमीन के घेराबंदी में कोई भी स्थानीय लोग विरोध नहीं कर सके और आसानी से विवादित जमीन पर घेराबंदी की जा सके । वहीं रिखिया हाट स्थित एक चाय दुकान में स्थानीय लोग यह कहते हुए सुने गए कि पुलिसिया खौफ के सहारे जमीन को घेरने की तैयारी चल रही है।

### माननीय राष्ट्रपति के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने बाबा मंदिर व एम्स, एयरपोर्ट का किया निरीक्षण

**• विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था व यातायात व्यवस्था का लिया गया जायजा**



**राजा कुमार का रिपोर्ट**

उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी श्री नमन प्रियेश लकड़ा व पुलिस अधीक्षक अजित पीटर डुंगडुंग ने संयुक्त रूप से माननीय राष्ट्रपति महोदया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर बाबा मंदिर, एम्स व एयरपोर्ट का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। इस दौरान माननीय राष्ट्रपति महोदया के आगमन के दौरान विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था व यातायात व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया।

इसके अलावे निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने एम्स परिसर में कार्यक्रम स्थल पर की जाने वाली विभिन्न तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। आगे उपायुक्त ने एयरपोर्ट, सर्किट हाउस एवं बाबा मंदिर के रूटलाइन का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों, लाइन एजेंसी, नगर निगम के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया, ताकि माननीय राष्ट्रपति देवो की नगरी देवघर से एक अच्छी अनुभूति प्राप्त कर यहाँ से प्रस्थान करें।

इस दौरान उपरोक्त के अलावा*अनुमंडल पदाधिकारी देवघर रवि कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला योजना पदाधिकारी, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# हिरणपुर प्रखंड की महिलाएं मुर्गीपालन कर बन रही है सशक्त व आत्मनिर्भर-स्टेट टीम

**• टीम ने बताया कि सिल्बिया पहाड़ीन द्वारा जंगल में लकड़ी चुनकर बाजार में बेचने का काम को छोड़कर हार्डिंग सेंटर (मुर्गी पालन) कम समय में लाखों रुपया कमा रही है जो अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है - अर्णव कुमार साह**

**• स्टेट टीम ने पशु स्वास्थ्य शिविर व हार्डिंग सेंटर का लिया जायजा और निरीक्षण**

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

हिरणपुर (पाकुड़ ) हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत पीवीटीजी गांव तेलोपाड़ा ,गौरीपुर में शुक्रवार को ग्रामीण विकास विभाग पलाश जेएसएलपीएस स्टेट टीम सखी मंडल के दीदियो के द्वारा किए गए हार्डिंग सेंटर, पशु स्वास्थ्य शिविर मुर्गी पालन , बकरी पालन आदि कार्य का जायजा व निरीक्षण किया , साथ ही तेलोपाड़ा गांव की सिल्बिया पहाड़ीन के द्वारा




संचालित हार्डिंग सेंटर,बकरी पालन से प्राप्त आय का ब्योरा भी लिए। स्टेट कार्यलय से अर्णव कुमार साह ने हिरणपुर प्रखंड में दीदीयो द्वारा किए गए कार्यों को देखकर बताया की सिल्बिया पहाड़ीन द्वारा जंगल में लकड़ी चुनकर बाजार में बेचने का काम को छोड़ कर हार्डिंग सेंटर (मुर्गी पालन )कर कम समय में लाखों रुपए कमाई कर रही हैं , जो अन्य महिलाओ के लिए प्रेणाश्रोत बन गई है। जायजा के दौरान स्टेट से अर्णव कुमार साह, जिला कार्यलय से प्रदान सुदीप्तो साहा,बीपीएम शकंर तिवारी, जीआरसी संजय पाल,नज सत्यप्रकाश कुमार साथ में आजिविका पशुसखी, कृषिसखी, समेत सखी मंडल की अन्य महिलाएं उपस्थित थे।

दिनांक 30/05/2025 को बिरसा दिव्यांग समिति की ओर से सात सदस्यीय शिष्टमंडल नव नियुक्त उपायुक्त महोदय श्री अभिजीत सिन्हा को गुलदस्ता एवं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 कानून का किताब देकर शिष्टाचार मुलाकात किया। जिसमें निम्न विषयों पर चर्चा किये। दिव्यांगजनों को एवं स्वरोजगार से कैसे जोड़ा जाय, दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड बड़े स्तर पर कैसे बनाया जाय, दुमका में विगत कई महिनों से मानसिक एवं मंदबुद्धि दिव्यांगता एवं मुकवधिर दिव्यांगजनों का दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाने के लिए डाक्टर की व्यवस्था नही है जिससे दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण- पत्र नही बन रहा है जिससे उन सभी दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ नही मिल रहा है। दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र जहाँ दृष्टि



बाधित दिव्यांग छात्र रहकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे है। जिसको सौन्दर्यीकरण करने पर बातचीत किये। उन्होंने कहा कि हम खुद निरक्षण करेंगे। शिष्टमंडल की ओर से उपायुक्त महोदय को बताया कि दिव्यांगजनों को मिलने वाले दिव्यांगजन उपकरण पर बातचीत किये।जिसमें मोटराज्ड ट्राय साइकिल, ट्राय साइकिल एवं अन्य उपकरण जो जिला प्रशासन की ओर से दिव्यांगजनों मिल रहा है व दिव्यांगजनों के लिए बहुत उपयोगी है । उन्होंने कहा कि आपलोग मोटराज्ड ट्राय साइकिल पर आये है हमलोग बोले हाँ, उन्होंने कहा कि इसके लिए और शिविर लगायेंगे ताकि छुटे हुए दिव्यांगजनों को उपकरण मिल सके, साथ ही उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में बड़े स्तर पर दिव्यांगजनों का यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर लगायेंगे। शिष्टमंडल में बिरसा दिव्यांग समिति के अध्यक्ष श्री नीतेश कुमार, सचिव सिक्की कुमारी, कोषाध्यक्ष-सह-निर्देशक प्रियतम कुमार सिंह, सदस्य चंदन कुमार लेखापाल उपेन्द्र राय, दिव्यांग विधवा एवं वृद्धा जनकल्याण मोर्चा के अध्यक्ष श्री बलदेव राय एवं चेतना विकास के जिला प्रबंधन श्री विवेक कुमार सिंह उपस्थित थे।

### शिकारीपाड़ा के गंद्रकपुर में नदी में डूबने से दो युवती की हुई मौत, परिवार में पसरा मातम



**शिकारीपाड़ा/दुमका/**

शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में नदी में नहाने गई तीन युवती मे से दो युवती की डूबने से मौत हो गई , घटना से पूरा गांव में मातम पसर गया है। घटना दोपहर की बताई जा रहीं है । बताया जा रहा है की शायद तीनों लड़की नदी नहाने गई थी, उसी दौरान एक लड़की डूबने लगी तो दूसरा लड़की उसे बचाने के लिए गई लेकिन तैरना नहीं आने के कारण दोनों डूब गई, तीसरी लड़की ऊपर में थी जो घटना को देख कर तुरंत अपने पिता को फोन किया जब तक परिवार वाले नदी पहुंच कर दोनों लड़की को पानी से खोज कर निकालते तब तक शायद बहुत देर हो चुकी थी, लेकिन परिवार वाले तुरन्त इलाज के लिए दुमका ले गए जहां बताया जा रहा है कि दोनों की मौत हो चुकी हैं।

मृत दोनों युवती में से एक Bed के छात्रा थीं जो रामगढ़ के रहने वाली बताई जा रहीं है वो अपने मामा घर गंद्रक पुर घूमने आए थी। दूसरी लड़की मैट्रिक में अपने गंद्रकपुर विद्यालय में सबसे अधिक अंक ला कर विद्यालय टॉपर बनीं थी। तीसरी लड़की जो सुरक्षित है वो करीब 12 साल की बताई जो रही है। इस घटना से परिवार वालों के साथ साथ पूरा गांव में मातम पसरा हुआ है।

# स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना सबकी जिम्मेदारी: उपायुक्त

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़-** जिले में स्वास्थ्य सेवा को दुरुस्त करने को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार लगातार प्रयासरत है। इसी को लेकर समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में तंबाकू, कालाजार, मलेरिया, डेंगू टीवी, आरबीएसके, कुष्ठ, एनसीटी पूर्ण टीकाकरण शहरी स्वास्थ्य प्रसव पूर्ण जांच संस्थागत प्रसव, विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाइयां (एसएनसीयू), एमटीसी



तथा अन्य स्वास्थ्य विभाग इंडिकेटर की गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने आरबीएस के डाक्टरों से कहा कि स्कूलों के छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जन-जागरूकता लायें ताकि जमीनी स्तर पर लोगों में जागरूकता बढ़े और वे स्वयं भी तम्बाकू, डेंगू, मलेरिया आदि बीमारियों के रोकथाम के उपायों में भागीदार बनें। साथ ही तंबाकू चैंपियंस को चिन्हित कर कार्यशाला करवाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी टीवी मरीजों का इंसेंटिव जल्द से जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया तथा सभी मरीजों का एचआईवी जांच करने का भी निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने लिट्टीपाड़ा और अमड़ापाड़ा प्रखंडों को मलेरिया एवं कालाजार प्रभावित गांव में कीटनाशयुक्त मच्छरदानी वितरण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी चिकित्सा पदाधिकारियों को शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होने सभी गर्भवती माताओं का चार जांच, शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने टीकाकरण, टीबी, मलेरिया, कालाजार, महिलाओं का संस्थागत प्रसव के अलावा अन्य कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र में ही रह कर कार्य करें। उन्होंने एमओआईसी को महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच कार्य को प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने समय समय पर कार्य की प्रगति प्रतिवेदन की भी समीक्षा करने की बात कही।उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएं। सदर अस्पताल समेत अन्य सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधा बेहतर करने की दिशा में कोई कसर नहीं रहे।

मौके पर सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ के के सिंह, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डीपीएम समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# अहिल्यादेवी होलकरः दूरदर्शी एवं साहसी महिला शासक



ललित गर्ग

**रानी अहिल्याबाई में इतिहास के गौरवशाली वीरों के गुण देखने को मिलते हैं। कोई भी महिला इतनी सर्वगुण संपन्न कैसे हो सकती है? इतिहास, वर्तमान और भविष्य में केवल एक ही नारी में इतने गुणों का समावेश होना संभव ही नहीं है। धर्माचरण, शासन प्रबंध, विद्वानों का सम्मान व न्याय, दानशीलता ,उदार धर्म नीति, भक्ति भावना, वीरता, त्याग व बलिदान, साहस, शौर्य से परिपूर्ण रानी अहिल्याबाई युगों- युगों तक अमर रहेगी।**

भारतीय संस्कृति के उज्ज्वल इतिहास के सुवर्ण पृष्ठों पर अनेक शील, शौर्य, शक्ति एवं पराक्रम संपन्न नारियों के नाम अंकित हुए हैं। शील, भक्ति, आस्था, शौर्य, शक्ति एवं धर्मनिष्ठा के अद्वितीय प्रभाव के कारण ही वे प्रणम्य हैं। ऐसी ही श्रृंखला में एक नाम है राजमाता अहिल्याबाई होलकर का, जो परम विदुषी, सनातन धर्म-शासन प्रभाविका, मातृहृदया, कुशल शासक एवं प्रबल धर्मनिष्ठा पूज्याप्रवर हैं। वे हिन्दू धर्म की उच्चतम परम्पराओं, संस्कारों और जीवनमूल्यों से प्रतिबद्ध एक महान विभूति थी, शासक रश्मि थी, सृजन रश्मि थी, नेतृत्व रश्मि थी, विकास रश्मि थी। सनातन धर्म की ध्वजवाहिका थी, एक ऊर्जा थी। उन्होंने ने न केवल कुशल-शासक व्यवस्था के मूल्य मानक गढ़े, बल्कि सामाजिकता, सेवा एवं परोपकार के नये आयाम भी उद्घाटित किये। जन कल्याण एवं सेवा के क्षेत्र में भी उन्होंने अनेक कार्य किए। भारत ऐसी ही आदर्श नारी चरित्रों की गौरव-गाथा से विश्व गुरु कहलाता था। इस वर्ष 31 मई, 2025 को उनकी जन्म जयन्ती का त्रिशताब्दी दिवस है।

कभी-कभी वास्तविक जीवन की घटनाएं कहानियों से भी अधिक अद्भुत, साहसी, रोमांचकारी एवं विलक्षण होती है। सच यह भी है कि कभी-कभी जिन्दगी की किताब के किरदार कहानियों, फिल्मों एवं उपन्यासों के किरदारों से भी कहीं अधिक सशक्त और अविस्मरणीय होते हैं। लौह महिला महारानी अहिल्याबाई होल्कर का व्यक्तित्व व कृतित्व भी ऐसा ही है, जो उन्हें विश्व की श्रेष्ठतम महिलाओं की पंक्ति में अग्रणी बनाता है, जिनका भारत के इतिहास और जनमानस पर विशेष प्रभाव रहा है। वे भारतीय इतिहास की एक विलक्षण, साहसी, दूरदर्शी, दार्शनिक एवं पराक्रमी नायिका है। राजमाता अहिल्याबाई होलकर, मालवा साम्राज्य की होलकर रानी थीं। उन्हें भारत की सबसे दूरदर्शी एवं साहसी महिला शासकों में से एक माना जाता है। 18वीं शताब्दी में, मालवा की महारानी के रूप में, धर्म का संदेश फैलाने में, नयी शासन-व्यवस्था स्थापित करने और औद्योगीकरण के प्रचार-प्रसार में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा था। अतीत से आज तक वे व्यापक रूप से अपनी बुद्धिमत्ता, साहस और प्रशासनिक कौशल के लिए जानी जाती हैं।

31 मई 1725 को जामखेड, अहमदनगर (महाराष्ट्र) के चोंडी गाँव में जन्मी अहिल्या, एक साधारण परिवार से थीं। उनके पिता मनकोजी राव शिंदे, ग्राम प्रधान थे, जिन्होंने उन्हें पढ़ना-लिखना सिखाया था। एक युवा लड़की के रूप में, उनकी सादगी और सुचरित्र के संयोजन ने, मालवा क्षेत्र के राजा मल्हार राव होलकर का ध्यान उनकी ओर आकर्षित किया। वे युवा अहिल्या से इतने प्रभावित थे कि 1733 में जब वे मुश्किल से आठ साल की भी नहीं हुई थीं, तब उन्होंने उनका विवाह अपने बेटे खंडेराव होलकर से करवा दिया। उनकी शादी के बारह साल बाद, कुम्हेर किले की घेराबंदी के दौरान, उनके पति खंडेराव की मृत्यु हो गई। अहिल्याबाई इतनी आहत हुईं कि उन्होंने सती होने का फैसला कर लिया। लेकिन उनके ससुर मल्हार राव ने उन्हें इतना कठोर कदम उठाने से रोक लिया और अहिल्या को अपनी छत्र-छाया में लेकर, उन्हें सैन्य, राजनीतिक और प्रशासनिक मामलों में प्रशिक्षित किया। राज-काज की बारीकियां समझाई।

'तमसो मा ज्योतिर्गमय'- मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। ज्योति की यात्रा मनुष्य की शाश्वत अभीप्सा है। इस यात्रा का उद्देश्य है, प्रकाश की खोज। प्रकाश उसे मिलता है, जो उसकी खोज करता है। कुछ व्यक्तित्व प्रकाश के स्रोत होते हैं। वे स्वयं प्रकाशित होते हैं और दूसरों को भी निरंतर रोशनी बांटते हैं। अहिल्याबाई ऐसा ही एक लाइटहाउस था यानी प्रकाश-गृह, जिसके चारों ओर रोशनदान थे, खुले वातायन थे। उनका चिंतन, शासन-व्यवस्था, संस्कृति-प्रेम, संभाषण, आचरण, सृजन, सेवा, परोपकार- ये सब ऐसे खुले वातायन थे, जिनसे निरंतर आलोक प्रस्फुटित होता रहा और पूरी मानवजाति को उपकृत किया। राजमाता अहिल्याबाई होलकर का जीवन अनेक संकटों एवं संघर्षों का साक्षी बना। एक के बाद एक पहाड जैसे दुःख, आघात उन्हें झेलने पड़े। 1766 में अहिल्या के ससुर मल्हार राव का भी निधन हो गया। उसके अगले ही वर्ष, उन्होंने अपने बेटे माले राव को भी खो दिया। बेटे को खोने का दुःख उन्होंने अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। राज्य और अपनी प्रजा के कल्याण को ध्यान में रखते हुए उन्होंने पेशवा से, मालवा के शासन को संभालने की अनुमति मांगी। हालांकि, कुछ अभिजातों ने इसका विरोध किया, लेकिन उन्हें सेना का समर्थन प्राप्त था। सेना को उन पर पूरी श्रद्धा और विश्वास था, क्योंकि वह सैन्य और प्रशासनिक मामलों में अच्छी तरह से प्रशिक्षित थीं। उन्होंने कई मौकों पर सेना का नेतृत्व किया था और एक सच्चे योद्धा की तरह लड़ाई लड़ी थी। 1767 में, पेशवा ने अहिल्याबाई को मालवा पर अधिकार करने की अनुमति दे दी। 11 दिसंबर 1767 को वे गद्दी पर बैठीं और इंदौर की शासक बनीं। अगले 28 वर्षों तक महारानी अहिल्याबाई ने न्यायोचित, बुद्धिमत्तापूर्ण और ज्ञानपूर्वक तरीके से मालवा पर शासन किया। अहिल्याबाई के शासन के तहत, मालवा में शांति, समृद्धि, खुशहाली और स्थिरता बनी रही। साथ ही साथ उनकी राजधानी साहित्यिक, संगीतात्मक, कलात्मक और औद्योगिक गतिविधियों के एक बेहतरीन स्थान में परिवर्तित हो गई। कवियों, कलाकारों, मूर्तिकारों और विद्वानों का उनके राज्य में स्वागत किया गया, क्योंकि वे उनके काम को बहुत सम्मान दिया करती थीं।

रानी अहिल्याबाई ने अपने समय में विभिन्न दिशाओं में सृजन की ऋचाएं लिखी हैं, नया इतिहास रचा है। अपनी योग्यता और क्षमता से स्वयं को साबित किया है। नारी शासक के रूप उन्होंने एक छलांग लगाई, राज-व्यवस्था एवं उन्नत समाज संरचना को निर्मित करते हुए जीवन की आदर्श परिभाषाएं गढ़ी थीं। वह अपनी प्रजा को अपनी संतान मानती थी। उन्होंने अपने शासनकाल में कई कानूनों को समाप्त किया, किसानों का लगान कम किया, कृषि, उद्योग धन्धों को सुविधा देकर विकास के अनेक काम किए। चोर, डाकुओं एवं अन्य अपराधियों को सही रास्ते पर लाकर उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाकर उनकी जीवन दिशाएं बदली। रानी अहिल्याबाई महान परोपकारी, संवेदनशील एवं करूणामयी थी। राहगीरों, गरीबों, विकलांगों, साधु- संतों,पशु-पक्षियों, जीव-जंतुओं सभी का ध्यान रखती थी यहां तक कि अपने सैनिकों, कर्मचारियों के कल्याण के लिए भी वह कभी पीछे नहीं हटी। मन्दिरों का जीर्णोद्धार, पर्यावरण एवं जलसंधारण, विधि एवं न्याय व्यवस्था, नारी सम्मान और नारी शिक्षा, व्यापार, कौशल-विकास आदि उनके शासन की विशेष उपलब्धियां बनी। अहिल्याबाई का हृदय समाज के सभी वर्गों के लिए धड़कता था।

रानी अहिल्याबाई हिन्दू धर्म की पुरोधा, उन्नायक एवं रक्षक थी। उन्होंने बद्रीनाथ, केदारनाथ, रामेश्वरम, जगन्नाथ पुरी, द्वारका, पैठण, महेश्वर, वृंदावन, सुपलेश्वर, उज्जैन, पुष्कर, पंढरपुर, चिंचवाड़, चिखलदा, आलमपुर, देवप्रयाग, राजापुर स्थानों पर मंदिरों का पुनर्निर्माण करवाया तथा घाट बनवाएं और धर्मशालाएं खुलवाए, जहां लोगों को प्रतिदिन भोजन मिलता था। काशी विश्वेश्वर मंदिर के साथ-साथ पूरे देश के मंदिरों का निर्माण व पुनर्निर्माण का कार्य रानी ने करवाया। त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग में तीर्थ यात्रा के लिए विश्रामगृह, अयोध्या, नासिक में भगवान श्रीराम के मंदिरों का निर्माण, सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण, उज्जैन में चिंतामणि गणपति मंदिर निर्माण-ये सभी कार्य रानी ने दिल खोलकर किए हैं। उन्होंने कल्याणकारी व परोपकारी कार्यों द्वारा राष्ट्र निर्माण का महत्ती कार्य भी किया तथा देश में धार्मिक, सामाजिक, राष्ट्रीय एकता कायम करने के लिए सराहनीय प्रयास किए। अहिल्याबाई ने महेश्वर में वस्त्र उद्योग भी स्थापित किया, जो वर्तमान में अपनी महेश्वरी साड़ियों के लिए बहुत प्रसिद्ध है। शासन से लेकर संस्कार तक, साहित्य से लेकर समाज-निर्माण तक अनुभव गुम्फित है। न केवल राजनीति के क्षेत्र में बल्कि व्यक्ति निर्माण एवं समाज निर्माण के क्षेत्र में भी आपके विचारों का क्रांतिकारी प्रभाव देखने को मिलता है।

'दार्शनिक महारानी' की उपाधि से सम्मानित, अहिल्याबाई का 13 अगस्त 1795 को सत्तर वर्ष की आयु में निधन हो गया। रानी अहिल्याबाई में इतिहास के गौरवशाली वीरों के गुण देखने को मिलते हैं। कोई भी महिला इतनी सर्वगुण संपन्न कैसे हो सकती है? इतिहास, वर्तमान और भविष्य में केवल एक ही नारी में इतने गुणों का समावेश होना संभव ही नहीं है। धर्माचरण, शासन प्रबंध, विद्वानों का सम्मान व न्याय, दानशीलता ,उदार धर्म नीति, भक्ति भावना, वीरता, त्याग व बलिदान, साहस, शौर्य से परिपूर्ण रानी अहिल्याबाई युगों- युगों तक अमर रहेगी।

*(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)*



## संपादकीय

# पेड़ कटाई पर 'सुप्रीम' सख्ती

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को राजधानी के रिज क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण के लिए पेड़.काटने पर अवमानना का दोषी ठहराया। आदेशों का जानबूझकर पालन न करने को गलत प्रशासनिक निर्णय ठहराते हुए, व्यापक वनरोपण का आदेश दिया। साथ ही अधिकारियों पर पच्चीस हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। इससे पहले भी पेड़ों की अवैध कटाई को सुप्रीम कोर्ट ने इंसान की हत्या से भी बदतर कहा। पीठ ने संबंधित प्राधिकरण की अनुमति के बगैर पेड़ों की अवैध कटाई और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों पर कोई दया न दिखाने को कहा। माना जा रहा है कि अदालत द्वारा मानक तय कर दिया गया है, ताकि ऐसे मामलों में जुमार्ना लगाया जाए। पीठ ने इतने पेड़.लगाने व हरित क्षेत्र बनाने में सौ साल का वक्त लगने की बात भी की। देश में सरकार की अनुमति के बगैर हरे वृक्षों को काटने पर पाबंदी के बावजूद बड़ी संख्या में पेड़.काटे जाते हैं। पेड़.काटने के लिए लाइसेंस लेना पड़ता है, जिसमें पेड़. का विवरण, उसकी शाखाएं, स्वामित्व का प्रमाण व स्थिति के विषय में विवरण देना होता है। वन क्षेत्र की कमी व तेजी होते शहरीकरण, औद्योगीकरण, वनों के अवैध उपयोग के चलते पेड़ों की कटाई आम समस्या है। वन अधिनियम 1927 की धारा 26 व 379 में मामला दर्ज हो सकता है। 2010 में राष्ट्रीय हरित अधिकरण की स्थापना का मकसद पर्यावरण संबंधी मामलों को निपटाने के लिहाज से शुरू गया। मगर वह भी अपनी भूमिका निभाने में प्रभावी होता नहीं नजर आ रहा है। हालांकि बढ़ते यातायात को देखते हुए सड़कों को चौड़ा किया जाना भी जरूरी है और विकास के लिए अधिकरण की जाने वाली आवश्यक भूमि की अवहेलना भी नहीं की जा सकती, परंतु नियम/कानून की अवहेलना करने वालों पर सख्ती बेहद जरूरी है। वरना ग्लोबल वार्मिंग की चपेट में आ चुके पर्यावरण की क्षतिपूर्ति असंभव हो सकती है। पेड़ों की अधाधुंध कटाई को वनरोपण से रोका तो नहीं जा सकता मगर कुछ हद तक लगाम जरूर लगाई जा सकती है। पुराने पेड़ों को एक-जगह से दूसरी-जगह स्थानांतरिक करने सरीखी आधुनिक तकनीक का प्रयोग करना भी संबंधित विभागों को सीखना चाहिए। क्योंकि हर मामले का निपटान अदालत द्वारा किया जाना भी मुश्किल है। इसलिए तौर-तरीकों में व्यावहारिकता को तरजीह दी जानी उचित होगी।



## चिंतन-मनन

# धर्म का अर्थ

किसी संत के पास एक युवक आया और उसने उनसे धर्म ज्ञान देने की प्रार्थना की। संत ने कहा कि वह उनके साथ कुछ दिन रहे, फिर वे उसे धर्म का सार बताएंगे। युवक उनके आश्रम में रहने लगा। वह संत की हर बात मानता और उनकी सेवा करता। इस तरह कई दिन बीत गए। उसे समझ में नहीं आ रहा था कि संत उसे धर्म के बारे में कब बताएंगे। वह उनसे धर्म की चर्चा करने के लिए उत्सुक था।

वह चाहता था कि उनसे शिक्षा प्राप्त कर घर लौट जाए पर संत कुछ खास कह ही नहीं रहे थे। युवक का धैर्य जवाब दे रहा था। एक दिन उसने पूछ ही दिया-मुझे आए इतने दिन हो गए पर अब तक आपने मुझे धर्म का सार नहीं बताया। आखिर मैं कब तक प्रतीक्षा करूं? संत ने हंसकर कहा-कैसी बात कर रहे हो। तुम जिस दिन से मेरे साथ रह रहे हो उस दिन से मैं तुम्हें धर्म का सार बता रहा हूं। पर तुम ध्यान ही नहीं दे रहे। युवक ने चौंककर कहा-वो कैसे?

संत बोले- जब तुम मेरे लिए पानी लाते हो, मैं उसे सदैव प्रेम से स्वीकार करता हूं। तुम्हारे प्रति आभार भी प्रकट करता हूं। जब-जब तुमने मुझे आदरपूर्वक प्रणाम किया, मैंने तुम्हारे साथ नम्रता का व्यवहार किया। यही तो धर्म है जो हमारे दैनंदिन व्यवहार में झलकता है। धर्म कोई पुस्तकीय ज्ञान नहीं है। तुम मेरे और कार्यों पर गौर करो। मैं लोगों से कैसे मिलता हूं और किस तरह उनकी सहायता करता हूं। इससे अलग कुछ भी धर्म नहीं है। युवक संत का आशय समझ गया।

# किशोरों की नसों में जहर भरता तंबाकू उद्योग



योगेश कुमार गोयल

कई घातक बीमारियों के जन्मदाता हैं तंबाकू उत्पाद...

पिछले कई दशकों में तंबाकू उत्पादों को लेकर दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों के आधार पर सर्वविदित तथ्य यही है कि धूम्रपान करना अथवा किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास किशोरवय बच्चों को भी धूम्रपान करते या अन्य तंबाकू उत्पादों का सेवन करते देखते हैं तो स्थिति काफी चिंताजनक प्रतीत होती है। दरअसल ऐसे किशोरों के मनोमस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान अथवा तंबाकू उत्पादों के सेवन से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। तमाम वैज्ञानिक शोध यह प्रमाणित कर चुके हैं कि धूम्रपान अथवा तंबाकू उत्पादों के सेवन करने से उनके अंदर ऐसी कोई ताकत पैदा नहीं होने वाली कि देखते ही देखते वो किसी ऊंचे पर्वत पर छलांग लगा सकें या महाबली पवनपुत्र हनुमान की भांति विशाल समुद्र लांघ जाएं। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान सहित तमाम तंबाकू उत्पाद ऐसा धीमा जहर हैं, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटते हैं। ये शरीर में कई प्रकार की प्राणघातक बीमारियों को जन्म देते है और ऐसे व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया तक पहुंचा देने का माध्यम बनते हैं। लोगों को तंबाकू को छोड़ने और इसे कभी हाथ नहीं लगाने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष विश्वभर में 31 मई को ह्यविश्व तम्बाकू निषेध दिवसह्ल मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य तम्बाकू सेवन के व्यापक प्रसार और नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों की ओर ध्यान आकर्षित करना है, जो दुनियाभर में प्रतिवर्ष लाखों मौतों का कारण बनता है। इस वर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस ह्यअपील का पदार्फाशः तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करनाह्ल थीम के साथ मनाया जा रहा है। यह थीम निर्धारित करते समय तंबाकू उद्योग द्वारा युवाओं को टारगेट करते हुए बनाए गए मार्केटिंग के तरीकों की चिंता बढ़ाने वाली प्रवृत्ति की ओर खास ध्यान दिया गया है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार सोशल मीडिया और लाइव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म इत्यादि के जरिये दुनियाभर में युवा तेजी से तंबाकू उत्पादों के आकर्षण और संपर्क में आ रहे हैं, जो उनके स्वास्थ्य और समाज कल्याण के लिए एक बड़ा खतरा है। दुनियाभर के सर्वेक्षण लगातार दिखा रहे हैं कि अधिकांश देशों में 13-15 वर्ष की आयु के बच्चे तंबाकू और निकोटीन उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

वैसे तो हुक्का, गुटखा, खैनी, जर्दा इत्यादि तमाम तंबाकू उत्पाद स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं लेकिन इसका सबसे हानिकारक रूप है धूम्रपान, जो हर साल लाखों लोगों की मौत का कारण बनता है। धूम्रपान करने वालों द्वारा सालभर में सात हजार करोड़ से ज्यादा सिगरेटें फूंक दी जाती हैं। हर साल फूंकी जाने वाली इन्हीं सिगरेटों के धुएं से वातावरण भी कितना प्रदूषित होता है, इसका अनुमान इसी से लगा सकते हैं कि इस खतरनाक धुएं से करीब 50 टन तांबा, 15 टन शीशा, 11 टन कैडमियम तथा कई अन्य खतरनाक रसायन वातावरण में घुलते हैं। हालांकि सिगरेटें महंगी होने के कारण भारत में बीड़ी का प्रचलन निम्न तथा मध्यमवर्गीय तबके में ज्यादा है और ऐसा अनुमान है कि देश में प्रतिवर्ष सौ अरब रुपये मूल्य से भी अधिक की बीड़ियों का सेवन किया जाता है। एक सरकारी अध्ययन के मुताबिक तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों के इलाज पर सालभर में करीब 1.04 लाख करोड़ रुपये खर्च हो जाते हैं। तीन दशक पूर्व प्रकाशित अपनी पुरस्कृत पुस्तक ह्यमौत को खुला निमंत्रणह्ल में मैंने विस्तार से यह बताया है कि धूम्रपान वास्तव में एक ऐसा धीमा जहर है, जो हमारे शरीर में धीरे-धीरे प्राणघातक रोगों को जन्म देता है और व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया पर पहुंचा देता है।

दुनियाभर में धूम्रपान के कारण 2019 में 77 लाख लोगों की मौत हुई, जिनमें से 17 लाख मौतें इस्केमिक हार्ट डिजीज के कारण, 16 लाख सीपीओडी के कारण, 13 लाख ट्रैकियल, ब्रोंकस और फेफड़ों के कैंसर से तथा 10 लाख स्ट्रोक के कारण हुई। रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से 1 पुरूष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरूष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरूषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तम्बाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत ऐसे ही बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान के कारण पचास करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे और अगले तीस वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जाएगी। संगठन का अनुमान है कि प्रतिवर्ष विश्वभर में आठ हजार से ज्यादा नवजात शिशु धूम्रपान की वजह से असमय काल के ग्रास बन जाते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि सभी प्रकार के कैंसर में से करीब 40 फीसदी का कारण धूम्रपान ही होता है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि कैंसर, हृदय रोग, सांस की बीमारी, डायबिटीज इत्यादि बीमारियों में भी धूम्रपान काफी खतरनाक हो सकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को धूम्रपान से बचना चाहिए।

बहरहाल, धूम्रपान छोड़ने के फायदों के बारे में विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि धूम्रपान छोड़ने के सिर्फ बीस मिनट के अंदर उच्च रक्तचाप में गिरावट आती है तथा बारह घंटे के बाद रक्त में कार्बन मोनोक्साइड के विषैले कणों का स्तर सामान्य हो जाता है। दो से बारह सप्ताह में फेफड़ों की कार्यक्षमता में तेजी से वृद्धि होती है तथा एक से नौ माह में खांसी तथा श्वसन संबंधी समस्याएं कम हो जाती हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक मनुष्य के फेफड़ों में जादुई क्षमता होती है, जो धूम्रपान से होने वाले कुछ नुकसान को स्वयं ठीक कर देती है और जो व्यक्ति धूम्रपान छोड़ देते हैं, उनकी चालीस फीसदी कोशिकाएं ऐसे लोगों की तरह ही हो जाती हैं, जिन्होंने कभी धूम्रपान नहीं किया।

# कैब उद्योग : धत् कर्म से संदेह में कारोबार



रजनीश कपूर

भारत का 'कैब' उद्योग, जो कुछ वर्षों पहले तक तकनीकी नवाचार और सुविधा का प्रतीक माना जाता था, आज गंभीर विवादों और वित्तीय अनियमितताओं के कारण चर्चा में है। ब्लूस्मार्ट और ओला जैसी प्रमुख कंपनियों पर लगे धोखाधड़ी और कर चोरी के आरोपों ने न केवल उनके कारोबारी मॉडल पर सवाल उठाए हैं, बल्कि लाखों ग्राहकों के बीच अविश्वास और निराशा की भावना भी पैदा की है। ऐसी कंपनियां अब अपने ग्राहकों को ठगा हुआ महसूस करा रही हैं।

ब्लूस्मार्ट, जो 2019 में इलेक्ट्रिक वाहन-आधारित कैब सेवा के रूप में शुरू हुई थी, ने अपनी पर्यावरण-अनुकूल नीतियों और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के कारण तेजी से लोकप्रियता हासिल की थी। दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु और मुंबई जैसे शहरों में इसकी सेवाएं शुरू होने के बाद कंपनी ने कई बड़े निवेशकों से भारी फंडिंग प्राप्त की। हालांकि, अप्रैल, 2025 में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा किए गए खुलासे ने ब्लूस्मार्ट की मूल कंपनी जेनसोल इंजीनियरिंग की वित्तीय प्रथाओं पर गंभीर सवाल खड़े किए। सेबी ने पाया कि जेनसोल के प्रमोटरों, अनमोल सिंह जग्गी और पुनीत सिंह जग्गी ने कंपनी को दिए गए 977.75 करोड़ रुपये के ऋण का दुरुपयोग किया। यह राशि, जो इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद और बेड़े के विस्तार के लिए थी, कथित तौर पर आलीशान फ्लैट, गोल्फ किट, और अन्य व्यक्तिगत खर्चों पर खर्च की गई। सेबी की जांच के अनुसार, कंपनी ने केवल 4,704 वाहन खरीदे, जबकि 6,400 वाहनों का वादा किया था। परिणामस्वरूप 262.13 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितता सामने आई। इस घोटाले का सबसे बड़ा झटका ब्लूस्मार्ट की अचानक सेवा बंदी के रूप में सामने आया जिसने अप्रैल, 2025 में इसके संचालन को ठप कर दिया। इस बंदी का असर हजारों ड्राइवरों, लाखों ग्राहकों व इनसे जुड़े कई लोगों पर पड़ा। ड्राइवरों को बिना पूर्व सूचना बेरोजगार छोड़ दिया गया जबकि ग्राहकों के वॉलेट में जमा राशि, जो लाखों रु पये में थी, फंस गई। दिल्ली के एक नियमित ग्राहक के अनुसार उन्होंने ब्लूस्मार्ट की सुविधा और पर्यावरण-अनुकूल सेवाओं की हमेशा प्रशंसा की थी, लेकिन अब उनके वॉलेट में 4,500 रुपये फंसे हुए हैं, और उन्हें रिफंड की कोई जानकारी नहीं मिल रही है।

ओला कैब्स, जो भारत के कैब बाजार में अग्रणी रही है, भी हाल के वर्षों में कई विवादों में उलझी हुई है। हाल में कंपनी पर कर चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगे हैं। आयकर विभाग की एक जांच में पता चला कि ओला ने अपने ड्राइवरों के भुगतान और किराए की राशि पर टैक्स की गणना में अनियमितताएं बरतीं। यह भी आरोप है कि ओला ने अपनी सहायक कंपनियों के माध्यम से फंड को गलत तरीके से स्थानांतरित किया ताकि कर देनदारियों को कम किया जा सके। गौरतलब है कि ओला कैब्स की मूल कंपनी एएनआई टेक्नोलॉजीज प्रा. लि. ने भारत में एक अग्रणी इलेक्ट्रिक स्कूटर निमार्ता कंपनी 'ओला इलेक्ट्रिक' शुरू की। परंतु आज यह कंपनी अपने ग्राहकों व आपूर्तिकताओं के साथ वित्तीय अनियमितताओं के कारण चर्चा में है। ओला ने अपने सप्लायरों और लॉजिस्टिक्स पार्टनर्स को समय पर भुगतान करने में देरी की। सो, कई प्रमुख सप्लायरों ने कंपनी के साथ संबंध तोड़ लिए। एक सप्लायर ने तो ओला के खिलाफ दिवालियापन की याचिका भी दायर की जिसे बाद में कंपनी ने सुलझाने का दावा किया। ओला की लागत कम करने की रणनीति, जैसे वाहन पंजीकरण एजेंसियों के साथ अनुबंधों की पुनः बातचीत, ने बिक्री और पंजीकरण के आंकड़ों में भारी विसंगति पैदा की। फरवरी, 2025 में ओला ने 25,000 स्कूटर बेचने का दावा किया लेकिन वाहन पोर्टल पर केवल 8,390 पंजीकृत हुए। वित्तीय और परिचालन चुनौतियों के चलते ओला की बाजार हिस्सेदारी सितम्बर, 2024 में 27प्र. तक गिर गई।

ब्लूस्मार्ट और ओला से जुड़े विवादों ने ऐसे उद्योगों में ग्राहकों का विश्वास कमजोर किया है। इन घोटालों से भारत में ऐसे उद्योगों के लिए सख्त नियामक ढांचे की



आवश्यकता को उजागर किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार को वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित करने और ग्राहकों तथा इनसे जुड़े अन्य लोगों के हितों की रक्षा के लिए कड़े नियम लागू करने चाहिए। आयकर विभाग, सेबी जैसे नियामक निकायों को ऐसी कंपनियों की निगरानी बढ़ानी चाहिए जो बड़े पैमाने पर फंडिंग जुटाती हैं, और लाखों ग्राहकों की निर्भरता का हिस्सा हैं। उपभोक्ता संरक्षण कानूनों को भी और सशक्त करने की आवश्यकता है ताकि ग्राहकों को रिफंड और मुआवजे के लिए लंबी कानूनी प्रक्रियाओं से न गुजरना पड़े। इस स्थिति को सुधारने के लिए कंपनियों को अपनी वित्तीय प्रथाओं में पारदर्शिता लानी होगी और नियामक निकायों को कड़े कदम उठाने होंगे। जब तक ऐसा नहीं होता, ग्राहकों और ऐसी कंपनियों से जुड़े अन्य लोगों का विश्वास जीतना इन कंपनियों के लिए एक बड़ी चुनौती बना रहेगा।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक व संपादक **सरोज चौधरी** द्वारा ई-37, अशोक विहार रांची से प्रकाशित तथा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस लालगुटवा रांची से मुद्रित, **संस्थापक संपादक : स्व. राधाकृष्ण चौधरी, प्रबंध संपादक अरूण कुमार चौधरी * फोन :** 9471170557/08084674042, **ई-मेल :** aadivashiexpress@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### एक महिला को जहरीले सांप के काटने से इलाज के दौरान हुई मौत



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**
**साहिबगंज।** गंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महिला को जहरीले सांप के काटने से इलाज के दौरान हुई मौत। मिली जानकारी के अनुसार गदाई दियारा निवासी रामजी चौधरी की पत्नी सुनिधि देवी को किसी जहरीले सांप के काटने से मौत हो गई। मृतका का भाई अर्जुन चौधरी ने बताया कि बीते गुरुवार की रात्रि 2:00 बजे के लगभग घर में जमीन पर सोई हुई थी इसी दौरान किसी जहरीले सांप ने काट लिया। कोई साधन नहीं रहने के कारण रात्रि अपने घर पर ही रह गए सुबह 5:30 बजे परिजनों की मदद से आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ऋतुराज के देखरेख में इलाज शुरू कर दिया। जहां इलाज करने के दौरान सुबह 7:30 बजे उक्त महिला की मृत्यु हो गई। मृतिका अपने पीछे छः बच्चों में तीन बेटी और तीन बेटा छोड़ गई है। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### शुक्रवार दोपहर को पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**
**साहिबगंज।** बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतरिया पहाड़ निवासी बालक अमर पहाड़िया उम्र 14 वर्ष पिता चंदू पहाड़िया शुक्रवार दोपहर को पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां इस घटना के बाद गंभीर रूप से घायल बालक को परिजनों की मदद से आनन फानन में बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के देखरेख में इलाज किया गया। वही घायल बालक अमर पहाड़िया ने बताया कि वो आम के बगीचे में आम तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ने के क्रम में उसका पैर फिसल गया और जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वही घायल बालक अमर पहाड़िया के पैर में गंभीर चोट लगी है जिसका सदर अस्पताल में चिकित्सक की देखरेख में इलाज किया जा रहा है।

### बिजली विभाग के संबंधित पदाधिकारी को कुसमी ग्राम में ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**
**साहिबगंज।** बड़हरवा प्रखंड क्षेत्र के सातगाछी पंचायत के कुसमी ग्राम में पिछले कई दिनों से बिजली का ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ था। उधर जब इस बात की जानकारी ग्रामीणों ने बरहरवा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक दास को दी तो उन्होंने पाकुड़ विधायक निशात आलम को दूरभाष के माध्यम से ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी दी। वही पाकुड़ विधायक निशात आलम ने त्वरित मामले में संज्ञान लेते हुए बिजली विभाग के संबंधित पदाधिकारी को कुसमी ग्राम में ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया। जहां पाकुड़ विधायक निशात आलम के पहल पर शुक्रवार को कुसमी ग्राम में नया 25 केवीए का ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन बरहरवा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास ने फीता काट कर किया। उधर स्थानीय ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए पाकुड़ विधायक निशात आलम व अशोक दास को धन्यवाद दिया। इस मौके पर तोहुर आलम, तारिकूल इस्लाम, सिराज, सफीकुल समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### पुलिस ने अवैध गौ तस्करी मामले में आठ मवेशी बरामद किया

- पिकअप वैन के मालिक के ऊपर मामला दर्ज



**बड़कागांव संवाददाता**
**बड़कागांव।** बड़कागांव पुलिस ने बीते रात गुरुवार को अवैध गौ तस्करी मामले में पिकअप वैन में लदा आठ मवेशियों को जप्त किया। मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि पुलिस द्वारा छापामारी के दौरान थाना गेट के सामने से क्रॉसिंग के दौरान पिकअप वैन में लदा आठ मवेशी को जप्त किया गया है। बड़कागांव थाना में कांड संख्या 137 / 25 दर्ज किया गया है ।मामले में पिकअप वैन के अज्ञात मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बताते चलें कि बड़का गांव में सिरमा ग्रामीणों के द्वारा निरंतर अवैध रूप से गौ तस्करी किया जा रहा है। बड़कागांव थाना में गौ तस्करी को लेकर कई बार पिकअप वैन एवं दर्जनों मवेशी को पुलिस ने बरामद किया । मामले में अब तक कई लोग जेल की हवा भी खा चुके हैं। फिर भी अवैध रूप से गौ तस्करी रुक नहीं रहा है।

# 300 वीं जयंती के शुभ अवसर पर संगोष्ठी व छात्र-छात्राओं के बीच भाषण व चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**
**साहिबगंज।** राजमहल भारतीय जनता पार्टी द्वारा शुक्रवार को बीएलएनएल बोहरा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर राजमहल के वंदना कक्षा में पूर्ण श्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर के 300 वीं जयंती के शुभ अवसर पर संगोष्ठी व छात्र-छात्राओं के बीच भाषण व चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष उज्ज्वल मंडल ने की, कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं अहिल्याबाई होलकर के तैल्यचित्र पर मलार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री कृष्णा महतो, पूर्व जिला अध्यक्ष रणधीर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, कार्यक्रम का जिला संयोजक राजेश मंडल व महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष गरिमा साहा मंचासीन थी। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री गौतम यादव ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष उज्जवल मंडल ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर भगवान पर विश्वास रखती, उन्होंने लगभग 600 मंदिरों का जिर्णोधार करवाया। अहिल्याबाई के दिल में प्रजा के प्रति काफी प्यार और दया थी,30 साल के अद्भुत शासन काल में अहिल्याबाई ने महाराष्ट्र प्रांत के छोटे गांव इंदौर को एक समृद्ध और विकसित शहर बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संगोष्ठी के दौरान मधु मंडल सहित मंचाशीन अतिथियों ने अपने वक्तव्य रखें। कार्यक्रम के अंत में चित्रकला प्रतियोगिता के ग्रुप ए में रौनक यादव को प्रथम ,कामना राय को द्वितीय एवं पलक आनंद को तृतीय ग्रुप बी में चिंटू कुमारी राय, जहान्वी कुमारी व सानवी कुमारी को क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय, भाषण प्रतियोगिता में अर्चित पराशर व आरव कुमार गुप्ता को क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय एवं नृत्य में स्वीकृति साहा को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया । प्रतियोगिता में शामिल प्रियांशु कुमार, अर्पित झा, रचना राय, मयंक राज, शिवांश पोद्दार, तेजस राय, माही कुमारी, आशीष कुमार, यशराज आनंद, सामिनी राय, आरव गुप्ता, युवराज आनंद, कौशल कुमार को संत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष अजय चौधरी, मंडल अध्यक्ष सागर मंडल,संतोष यादव, पंकज घोष, कार्तिक साहा,किशोर जैन,मधु मंडल,रेखा देवी, लीला साहा, इन्द्रानी साहा,चंदा देवी, जयंत साहा, संतोष भगत, सिंटू मिश्रा, डब्बू अग्रवाल ,मदन साहा, परमानंद मंडल,प्रदीप साहा, शेखर बर्मन, सूरज चौधरी, पवन मोदी, बिंदेश्वरी यादव, विद्यालय क्या आचार्य आचार्य मिश्री मंडल स्वीटी रानी, झुम्पा साहा, एकता कला केंद्र की संचालिका एकता राय, रीमा पाठक, स्वीकृति साहा सहित अन्य उपस्थित थे।

# छात्र नेता सोयेबअख्तर के नेतृत्व पर महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा सिधुकान्हु विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सोपा



**आदिवासी एक्सप्रेस/**
**अजय कुमार कुशवाहा**
आज दिनांक 30 मई 2025 को साहिबगंज जिला अंतर्गत बीएसके कॉलेज बरहरवा में छात्र नेता सोयेब अख्तर के नेतृत्व पर महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा सिधु कान्हु विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सोपा गया। जिसमें यूजी सेमेस्टर- 1 सत्र 2024-28 NEP के परीक्षा सारणी एमडीसी- 1 एवं भीएसी-1 के कुछ विषय का उल्लेख नहीं होने को लेकर। ज्ञापन में बताया गया कि विगत 28 मई 2025 को यूजी सेमेस्टर-1 सत्र 2024-28 की परीक्षा सारणी जारी किया गया है, जिसका Memo No.- SKMU/Exam/212/25 है। परंतु इसमें MDC-1 के कुछ विषयों का उल्लेख नहीं है जो इस प्रकार है। Banking and financial services ,Computer Applications, Management इत्यादि एवं VAC-1 के Health and wellness yoga education विषय का उल्लेख इस परीक्षा सारणी में नहीं है। जिस कारण छात्र असमंजस एवं चिंतित हैं। एनएसयूआई ने परिक्षा नियंत्रण से अनुरोध किया कि उपरोक्त्त विषयों को परीक्षा सारणी में जोड़ा जाए एवं रिवाइज परीक्षा सारणी पुनः प्रकाशित की जाए। सोयेब अख्तर ने बताया कि दो दिन बीत चुके है परंतु विश्वविद्यालय को अपनी गलती का अहसास अब तक नहीं हो रहा है जबकि कथित तौर पर इसकी सूचना विश्वविद्यालय को दी गई है। केवल विश्वविद्यालय छात्रों को परेशान करती है एवं मानसिक तनाव देने का कार्य करता है।
मौके पर एनएसयूआई सदस्य सरफराज नवाज, बदल मुर्मू एवं कई विद्यार्थि उपस्थित थे।

### थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह को पुलिस अधीक्षक साहिबगंज ने लगभग दो महापूर्व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**
**साहिबगंज।** बरहरवा थाना क्षेत्र में पुलिस के लगातार बढ़ रही सघन गस्ती एवं थाना प्रभारी की सूझबूझ के कारण थाना क्षेत्र में हाल के महीना में अप्रिय घटना काफी कम हुई है। कड़ी मेहनत और लगन के कारण थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह को पुलिस अधीक्षक साहिबगंज ने लगभग दो महापूर्व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया है। क्षेत्र के आम जनता का कहना है कि थाना पुलिस की सजगता के कारण क्षेत्र में आए दिन घटने वाली चोरी की घटनाओं में एवं सभी अपराध में भी कमी आई है। शायद यही कारण है कि थाना क्षेत्र में बरहरवा प्रभाग के डीएसपी एवं इंस्पेक्टर की कार्य शैली की भी चौक चौराहा में आम जनता तारीफो की पुल बंद ते दिख रहे हैं। थाना प्रभारी के द्वारा थाना क्षेत्र में पुलिस गश्त तेज किए जाने की भी लोग सराहना कर रहे हैं अपराधियों में ख्वाफ का हड़क।

# डीसी की अध्यक्षता में खेल एवं पर्यटन योजनाओं की समीक्षा, कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**
**साहिबगंज।** डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला कार्यालय प्रकोष्ठ में खेल एवं पर्यटन विभाग से संबंधित संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला क्रीड़ा पदाधिकारी द्वारा अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कई अहम निर्देश जारी किए। वर्तमान में जिले में एक आवासीय बालक तथा दो डे-बोर्डिंग एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र संचालित हैं। डीसी ने अतिरिक्त डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र की आवश्यकता को देखते हुए पुनः विभाग को पत्राचार करने का निर्देश दिया। बैडमिंटन खेल के उन्नयन हेतु साहेबगंज में आवासीय प्रशिक्षण केंद्र खोलने का प्रस्ताव भेजने का आदेश भी दिया गया। इसके साथ ही, साहेबगंज एवं राजमहल अनुमंडल में खेल बैंक की स्थापना के बाद प्रशिक्षकों की नियुक्ति हेतु विभाग को पत्राचार का निर्देश जारी किया गया।सिद्धो-कान्हू स्टेडियम, साहेबगंज के गैलरी विस्तार हेतु विभाग से पुनः पत्राचार करने तथा माघी मेला की राशि की मांग को लेकर भी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों के सौंदर्यीकरण व उन्नयन के लिए अनाबद्ध निधि की मांग को आगामी जिला पर्यटन प्रोत्साहन समिति की बैठक में रखने और विभाग को प्रस्ताव भेजने को कहा गया।स्वतंत्रता सेनानियों व शहीद सैनिकों की स्मृति में साहेबगंज मुख्यालय में ÷अमर जवान ज्योति स्थल÷ निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर उसे भी अगली डीटीपीसी बैठक में रखने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त ओझा टोली घाट (साहेबगंज) व गंगा घाट (राजमहल) पर रिवर फ्रंट विकास हेतु डीसी काउंसल्टेंसी एजेंसी से संपर्क स्थापित कर प्रस्ताव तैयार करने का आदेश भी दिया गया। बैठक में जिला खेल पदाधिकारी पंकज झा समेत संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### कुत्ता ने काट कर बुरी तरह घायल कर दिया

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**
**साहिबगंज।** राजमहल प्रखंड क्षेत्र के पूर्वी नारायणपुर गांव की गुल नूर बीबी 70 वर्षीय, कादिर मोहम्मद टोला के आफताब हुसैन के पुत्र हन्नान शेख 14 वर्षीय, कल्याण चक के मोतीलाल रविदास की पुत्री पूनम कुमारी 17 वर्षीय, बाबू ग्राम के स्वान शेख के पुत्र आरिफ शेख 12 वर्षीय, हाजी टोला के इमरान शेख 15 वर्षीय, विकोल टोला के रहमतुल्लाह 10 वर्षीय को अलग-अलग जगह पर आवारा कुत्ता ने काट कर बुरी तरह घायल कर दिया है। सभी का इलाज अनुमंडल अस्पताल में किया गया। वहीं दूसरी ओर प्रखंड क्षेत्र के मुर्गी टोला गांव में सियार के काटने से दो व्यक्ति घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार शब्बीर आलम 22 वर्षीय और अब्दुल्लाह शेख के पुत्र रहीम शेख 3 वर्षीय को घर के पास बगीचे में सियार ने काट कर जख्मी कर दिया। दोनों का इलाज अनुमंडल अस्पताल में किया गया।

### अज्ञात चोरों ने ऐरोलाइट फोटो स्टेट दुकानों में हजारों रुपए की चोरी कर ली

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**
**साहिबगंज।** बोरियो मुख्य सड़क स्थित एरोलाइट फोटो स्टेट दुकान में गुरुवार की रात्रि को अज्ञात चोरों ने सीढ़ी पर चढ़कर वेंटीलेटर एवं दरवाजा की कड़ी तोड़कर हजारों रुपए की चोरी कर ली। ऐरोलाइट फोटो स्टेट दुकान के मालिक मो. इमरान अंसारी ने बताया कि रात में अज्ञात चोरों ने उनके दुकान के अंदर घुस कर लगभग छोटा तीन बक्से में रखा करीब पांच हजार की चोरी कर ली है। चोरी का पता उसे सुबह दुकान खोलने पर चला। इमरान ने बताया कि उसके भाई का पैसा चोर नहीं चुरा सके। चोरी की घटना से बोरियों बाजार के दुकानदारों में भय का माहौल और सहमे हुए हैं। दुकानदारों ने पुलिस से रात की पेट्रोलिंग गश्ती बढ़ाने की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### एक महिला ने अपने ससुराल वालों पर मारपीट का आरोप लगाया

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**
**साहिबगंज।** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पोखरिया गांव के एक महिला ने अपने ससुराल वालों पर मारपीट का आरोप लगाया। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में कहा था कि ससुराल वालो के द्वारा महिला को प्रताड़ित किया जाता है। महिला ने थाना में लिखित आवेदन देकर बताया कि बीते 28 अप्रैल को सास, ससुर, भैसुर, गोतनी लगातार मारपीट एवं प्रताड़ित करते रहते है। पीड़िता ने तीनपहाड़ थाना में 69/25 के तहत केस दर्ज किया था। जिसको लेकर पुलिस मामले की जांच पड़ताल के बाद आरोपी ससुर को शुक्रवार के दिन गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया। इस संबंध में तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पाण्डेय ने कहा छापेमारी कर मारपीट के आरोपी शमशेर अंसारी को उसके घर से गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया करने के बाद जेल भेज दिया गया।

# प्रेस क्लब, हजारीबाग में नए डीसी-एसपी का स्वागत व निवर्तमान डीसी नैंसी सहाय को दी गई भावभीनी विदाई

- प्रेस क्लब हजारीबाग के पत्रकारों से सहयोग अपेक्षितः शशि प्रकाश सिंह
- जल्द चलेगा नशामुक्ति अभियान, अपराध नियंत्रण में पत्रकार भी करें सहयोगः अंजनी अंजन
- प्रशासन के हर कदम पर पत्रकारों का मिला सहयोग, प्रेस क्लब का सहयोग सराहनीयः नैंसी सहाय
- जिला और पुलिस प्रशासन को विकास कार्यों और अपराध नियंत्रण में मिलेगा हर संभव सहयोगः उमेश प्रताप



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** झील रोड स्थित प्रेस क्लब, हजारीबाग में शुक्रवार को अपराह्न 3.00 बजे स्वागत सह सम्मान व विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें जिले के नए डीसी शशि प्रकाश सिंह और एसपी अंजनी अंजन का स्वागत सह सम्मान किया गया। वहीं निवर्तमान डीसी नैंसी सहाय को सम्मान के साथ भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में डीसी शशि प्रकाश सिंह ने प्रेस क्लब, हजारीबाग को हर संभव सहयोग करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के लिये एक्रीडेशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया जल्द आरंभ की जायेगी। कार्ड बनने से पत्रकारों को खबर संकलन करने में सुविधा मिलेगी। इसके पहले झारखंड सरकार की ओर से पत्रकारों का स्वास्थ्य बीमा करवाया गया था। हमारी कोशिश होगी कि पत्रकारों को सरकारी स्तर पर सभी सुविधाएं उपलब्ध हो। विकास कार्यक्रमों को धरातल पर उतारने के लिये पत्रकारों का सहयोग अपेक्षित है। एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि जिले में जल्द नशामुक्ति अभियान चलेगा। साथ ही अपराध नियंत्रण में पत्रकारों से सकारात्मक सहयोग करने की अपील की। उन्होंने भी प्रेस क्लब, हजारीबाग को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। निवर्तमान डीसी नैंसी सहाय ने प्रशासनिक और सामाजिक गतिविधियों में पत्रकारों की सकारात्मक भूमिका की सराहना के लिये आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब, हजारीबाग अपने दायित्वों का निर्वाह करते रहा हैं, वर्तमान जिला प्रशासन को भी पूर्व की तरह सहयोग करने की अपील पत्रकारों से की। इससे पहले कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रेस क्लब, हजारीबाग के अध्यक्ष उमेश प्रताप ने शहर में बढ़ती नशाखोरी और उससे पनपते अपराध पर प्रकाश डाला। वहीं एसपी से खासकर किशोर और युवा पीढ़ी को नशे के चंगुल से बचाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि कैसे निवर्तमान डीसी नैंसी सहाय के सहयोग से प्रेस क्लब, हजारीबाग इस मुकाम पर पहुंचा। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत प्रेस क्लब का चुनाव कराने से लेकर भवन जीर्णोद्धार तक के कार्य में उनके सहयोग को सराहा।

# लक्ष्मी मंडल को सांप काटने से उनकी मृत्यु हो गई



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**
**साहिबगंज।** राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत चंडीपुर निवासी मीरा देवी की पति लक्ष्मी मंडल को सांप काटने से उनकी मृत्यु हो गई थी उसने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया खाते में अपना बीमा कराया हुआ था लेकिन इंश्योरेंस क्लेम करने के डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी अभी बीमा राशि का भुगतान नहीं हुआ है। जिसको लेकर शुक्रवार को मीरा देवी ने साहेबगंज उपयुक्त को आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है।वही आवेदन में उल्लेख किया है कि मेरे पति लक्ष्मी मंडल की मृत्यु दिनांक 28 नवंबर 2023 को सांप काटने से हो गई थी। मेरे पति लक्ष्मी मंडल और मेरे नाम से संयुक्त बचत खाता संख्या 30719093157 एसबीआई की शाखा लालमाटी में संचालित है। इस खाते में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत मेरे पति लक्ष्मी मंडल के नाम से दिनांक 18/08/2023 को बचत खाता संख्या 30719093157 से 20 रुपया काटे गए थे। जिससे दो लाख रूपये की इंश्योरेंस की गई थी। मैं मीरा देवी (मृतक की पत्नी) इस खाते में की गई बीमा का नॉमिनी हूं और मैंने घटना के 28वें दिन 26 दिसंबर 2023 को एसबीआई की शाखा लालमाटी जाकर शाखा प्रबंधक रत्नेश नारायण के समक्ष सभी आवश्यक कागजात जमा करते हुए बीमा राशि भुगतान करने की दावा की थी। नियमानुसार बीमा कंपनी को दावा के 60 दिन के अंदर बीमा राशि का भुगतान करना था। लेकिन डेढ़ साल बीत जाने के बाद अब तक राशि का भुगतान नहीं किया गया है। कई बार बैंक का चक्कर लगाने पर इंश्योरेंस क्लेम के करीब एक साल बाद 7 फरवरी 2025 को मुझसे बैंक की ओर से मृतक का पोस्टमार्टम रिपोर्ट के स्थान पर विसरा रिपोर्ट मांगा गया है। विसरा रिपोर्ट के लिए मैंने मालदा सदर अस्पताल और इंग्लिश बाजार थाना (मालदा, पश्चिम बंगाल) का भी कई बार चक्कर लगा चुकी हूं। थानाध्यक्ष का कहना है कि सर्प दंश से हुई मौत का कोई आपत्ति नहीं होने के कारण मृतक के शव का विसरा रिजर्व करके नहीं रखा गया है। इस कारण इनका विसरा रिपोर्ट मिलना संभव नहीं है। जब पुलिस की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक को मृत्यु का कारण सर्पदंश बता दिया गया है तो अब विसरा रिपोर्ट की कोई जरूरत ही नहीं है। ऐसे में वे बैंक, सदर अस्पताल मालदा और इंग्लिश बाजार थाना की चक्कर लगा-लगाकर थक चुकी हूं। जिससे उन्हें बीमा राशि का भुगतान से वंचित रखा जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने गिरिडीह डीसी किया स्वागत, सौंपा अभिनंदन पत्र

● कुशल प्रशासन से जनता को लाभ मिलने की उम्मीद जताई, संगठन की ओर से दिया जिम्मेदारी पूर्ण सहयोग का भरोसा




**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** शुक्रवार को ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक की एक टीम ने गिरिडीह के नव पदस्थापित उपायुक्त रामनिवास यादव से मुलाकात कर उनका स्वागत किया तथा उन्हें एक अभिनंदन पत्र सौंपा।पूर्व जिप सदस्य सह फॉरवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव की अगुवाई में पार्टी की टीम ने उपायुक्त कार्यालय में उनसे मुलाकात की। अभिनंदन पत्र के माध्यम से संगठन की ओर से उपायुक्त का स्वागत करते हुए यह अपेक्षा की गई कि, उनके कुशल नेतृत्व में जिले की आम जनता को प्रशासनिक लाभ मिल सकेगा। साथ ही इसके लिए संगठन की ओर से जिम्मेदारी पूर्ण सहयोग की बात कही गई। मुलाकात करने वालों में राजेश यादव के साथ कॉमरेड मनोज यादव, कॉमरेड शंभू तुरी, कॉमरेड महेश निराला, कॉमरेड चंदन कुमार, महेंद्र चौधरी, धनंजय तिवारी आदि थे।

### पायोनियर प्रवक्ता के बिच किया गया नया संकर धान 27पी39 का वितरण



**जमुआ, प्रतिनिधि।** जमुआ प्रखंड के कंदाजोर बुद्ध विहार भवन मे शुक्रवार को पायोनियर कम्पनी द्वारा एक दिवसीय प्रवक्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे प्रखंड के 40 प्रवक्ता किसानो को नया धान 27पी39 वितरण किया गया। कम्पनी के टेरेटरी मैनेजर मनीष पाण्डेय ने बताया की 27पी39 धान 1 और 2 नंबर खेत के लिए सबसे ज्यादा उत्पादन देने वाला धान है ज़ो झूलसा, भूरा माहु जैसे बीमरियो के प्रति सहनशील है ज़ो अन्य धान से 3 से 4 क्विंटल ज्यादा पैदावार देने वाला धान है। क्षेत्रीय प्रतिनिधि प्रमोद विश्वकर्मा और मुकेश वर्मा ने धान की खेती के प्रबंधन के उपाय किसान को बताये मौके पर डिस्ट्रीब्यूटर अर्जुन प्रसाद विक्रेता गोकुल वर्मा सहित भीमलाल दास, बोधि यादव, रज़ाक़ अंसारी, बाबुचंद यादव, सुजीत राय, सीताराम महतो, रणधीर चौधरी, रवि वर्मा तथा अन्य किसान प्रवक्ता मौजूद थे।

### गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव से आजसू छात्र संघ जिला सचिव अक्षय यादव के नेतृत्व में युवा छात्रों का प्रतिनिधिमंडल मिला



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** शुक्रवार को गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव से आजसू छात्र संघ जिला सचिव अक्षय यादव के नेतृत्व में युवा छात्रों का प्रतिनिधिमंडल मिला। इस दौरान अक्षय यादव ने उपायुक्त रामनिवास यादव के समक्ष गिरिडीह कॉलेज समेत गिरिडीह के शिक्षा में बरती जा रही है घोर लापरवाही को उनके समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त ने इन तमाम मुद्दों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए इस पर वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया और कहा मैं खुद गिरिडीह कॉलेज जाऊंगा और शिक्षा को पूर्ण रूप से दुरस्त करने का आदेश वहां के प्राचार्य और यूनिवर्सिटी के चासंलर को दूंगा। इस बाबत अक्षय यादव ने कहा कि उपायुक्त महोदय रामनिवास सर बड़े मिलनसार है शिक्षा को दुरुस्त करने के प्रति गंभीर है। उम्मीद है कि जल्द ही कुछ अच्छा होगा। इस दौरान आजसू छात्र संघ जिला सचिव अक्षय यादव के नेतृत्व मिलने वाले छात्र में आशीष चंद्रवंशी, पोखन यादव, रोशन राय, कुंदन चंद्रवंशी, चंदन मंडल, कृष्णा कुमार, अंकित राज आदि शामिल थें।

### अमडापहहाडी के पुनसिया मे दो महिला समेत तीन लोगों के साथ जानलेवा हमला मामले में दुसरे पक्ष के बैटका हेम्बरम को पुलिस गिरफ्तार कर भेजा जेल, दो फरार



**रामगढ़/रामजी साह।** रामगढ़ पुलिस ने महिला के साथ मारपीट के आरोपी बेटबा हेम्ब्रम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बेटबा हेम्ब्रम रामगढ़ थाना कांड संख्या 49/25 का नामजद प्राथमिकी अभियुक्त है। रामगढ़ थाना क्षेत्र के अमड़ापहाड़ी पंचायत के पुन्सिया ग्राम निवासी रामेश्वर हेम्ब्रम की पत्नी लीलमुनी हांसदा ने बेटबा हेम्ब्रम पिता-बुम्बई हेम्ब्रम, गुडधा हेम्ब्रम पिता बुम्बई हेम्ब्रम तथा सुनीता टुडू पति बेटवा हेम्ब्रम के विरुद्ध सभी निवासी पुन्सिया थाना रामगढ़ के विरोध गाली-गलौज मारपीट कर घायल कर देने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रामगढ़ थाने में नामजद प्राथमिकी की दर्ज कराई थी। मारपीट में घायल महिला लीलमुनी हांसदा को माथे में गंभीर चोट आई थी। घायल महिला की चिकित्सा के लिए पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ में भर्ती कराया था। जहां से बेहतर चिकित्सा के लिए उसे फूलो झानो मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल दुमका रेफर कर दिया था?। थाना प्रभारी मनीष कुमार के अनुसार आरोपी बेटबा हेम्ब्रम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। शेष दोनों आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी प्रयास कर रही है।

# जो भी डीलर गरीबों के राशन को बांटने में कोताही बरतेंगे उनकी खैर नहीं

**तीन माह का राशन एक माह में वितरण में कोताही बर्दाश्त नहीं: संजीत यादव**



**जमुआ, प्रतिनिधि।** जमुआ में सार्वजनिक जन वितरण प्रणाली को दुरुस्त करने की कवायद तेज है। प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव की अगुवाई में पंचायत प्रतिनिधियों ने आपूर्ति विभाग के साथ शुक्रवार को जमुआ प्रखंड मुख्यालय में मैराथन बैठक हुई। बैठक में बीडीओ अमल जी भी उपस्थित थे। बैठक में डीलरो से कहा गया कि तीन माह का राशन एक साथ दिया जा रहा है। गरीबों के निवाले के साथ खिलवाड़ न करें। प्रत्येक सप्ताह राशन का वितरण करें।प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव ने कहा कि जो भी डीलर गरीबों के राशन को बांटने में कोताही बरतेंगे उनकी खैर नहीं। उन्होंने कहा कि इसके लिए वे अपने स्तर मॉनिटरिंग टीम बना रहे हैं। टीम में पंसस एवं वार्ड सदस्यों को रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड धारियों और आम जनों को जागरूक करने की जरूरत है कि सरकार द्वारा तीन माह का राशन एक साथ उपलब्ध कराया गया है। इसलिए सभी तीन माह का राशन लेकर ही छोड़ें। उन्होंने कहा कि सभी डीलर दरियादिली दिखलाते हुए कार्डधारियों के साथ बैठक कर उन्हें तीन माह के राशन के बाबत जानकारी दें।

**तीन माह के राशन के वितरण में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए: रब्बुल हसन रब्बानी**

उप प्रमुख रब्बुल हसन रब्बानी ने कहा कि रोस्टर का पालन हो और तीन माह के राशन के वितरण में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए। बीडीओ अमल जी ने कहा कि सरकार द्वारा तीन माह का राशन एक साथ उपलब्ध कराया गया है। कहा कि ये राशन गरीबों के लिए है। इसमें डीलर वितरण समय पर करें और विभागीय निर्देशों का अनुपालन करें। बैठक में एम ओ नित्यानंद चौधरी, एजीएम बंसत कुमार सहित कई डीलर भी मौजूद थे। इस बैठक के बाद पंचायत समिति सदस्यों को पंचायत वार राशन वितरण पर नजर रखने को कहा गया।डीलरो ने आश्वस्त किया कि इस बार गरीबों के अनाज को गरीबों तक पहुंचाने में कोई कोर कसर उनके द्वारा नहीं छोड़ी जाएगी।

# जमुआः नौवाडीह में स्मार्ट क्लासेस कोचिंग का उद्घाटन

● बच्चों को एक बेहतर माहौल में शिक्षा मिले इसकी कोशिश रहेगी: रोहित कुमार ● इस संस्थान में सैनिक स्कूल व नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा की तैयारी करवायी जाएगी: आदित्य कुमार

● कोचिंग संस्थान में स्मार्ट क्लासेस की सुविधा, अनुभवी शिक्षक द्वारा संपूर्ण विषयों का अध्यापन कार्य, कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान, नियमित साप्ताहिक जांच परीक्षा आदि सुविधा उपलब्ध



**जमुआ, प्रतिनिधि।** जमुआ प्रखंड अंतर्गत तारा-चुंगलो रोड़ दलोरीटांड नौवाडीह में स्मार्ट क्लासेस कोचिंग का उद्घाटन किया गया। कोचिंग का उद्घाटन स्मार्ट क्लासेस के शिक्षक रोहित कुमार एवं आदित्य कुमार ने विधिवत पूजा अर्चना कर संयुक्त रूप से किया। इस कोचिंग संस्थान में प्रथम कक्षा से दसवीं तक और इंटर आर्ट्स के लिए अनुभवी शिक्षक के द्वारा संपूर्ण विषयों को पढ़ाया जाएगा। इस कोचिंग संस्थान में स्मार्ट क्लासेस की सुविधा, पढ़ने के लिए बड़े क्लास रूम की व्यवस्था, सभी बच्चों को बैठने के लिए बैंच की सुविधा, शांत वातावरण, अनुभवी शिक्षक द्वारा संपूर्ण विषयों का अध्यापन कार्य, कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान, नियमित साप्ताहिक जांच परीक्षा आदि सुविधा उपलब्ध हैं। इस संस्थान के खुल जाने से नौवाडीह, करहाडीह, छतमका केंदुआ, मांझीझार, सैनअहरी, सलैया, चुंगलो आदि गांवों के छात्र-छात्रों को सुविधा होगी।

**बच्चों को एक बेहतर माहौल में शिक्षा मिले इसकी कोशिश रहेगी: रोहित कुमार**

मौके पर कोचिंग के संचालक रोहित कुमार और आदित्य कुमार ने कहा कि शिक्षण संस्थान खुलने से बच्चों की अच्छी शिक्षा मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का संस्थान खुलने से गरीब बच्चों को शिक्षा हासिल करने के लिए अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा। कहा कि किसी भी समाज की उन्नति में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि बच्चों को एक बेहतर माहौल में शिक्षा मिले इसकी कोशिश रहेगी। बताया कि यहां कक्षा प्रथम से दसवीं तक के बच्चों को पढ़ाया जाएगा। बताया कि इस संस्थान में सैनिक स्कूल व नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा की तैयारी करवायी जाएगी। कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा दिया जाएगा।

**इनकी रही मौजूदगी**

मौके पर शिक्षक अनिल यादव, राधे श्याम वर्मा, सुमन कुमारी, अनुप्रिया, अर्चना, सुप्रिया, सीमा, सफरीना प्रवीण,सुमबुल फातमा, स्मिता भारती, सुषमा कुमारी, सोनाली, प्रिया, काजल, सुजल, तनीषा यादव, रनीता कुमारी, मिथलेश, विशाल, श्रीकांत, निरंजन, विवेक, सुजल, गणेश, आकाश, आनंद आदि छात्र- छात्रा मौजूद थे।

## डीटीओ ऑफिस में लंबे समय से जमे कर्मियों को हटाने की मांग

● एक ही कुर्सी पकड़ कर भ्रष्टाचार को दे रहे बढ़ावा: राजेश यादव



**शुभम सौरभ**

**गिरिडीह,विशेष प्रतिनिधि।** गिरिडीह डीटीओ ऑफिस में लंबे समय से एक ही पद पर जमे स्थाई अथवा अनुबंधकर्मियों को हटाना जरूरी है, ताकि एक ही कुर्सी पर रहकर खुलेआम भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने पर रोक लग सके। उक्त बातें पूर्व जिप सदस्य सह फॉरवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव ने एक प्रेस बयान जारी कर कही। उन्होंने कहा कि, इस ऑफिस की कार्यशैली से परेशान कई लोगों ने उनके पास शिकायतें की हैं। लोगों से मिली जानकारी के अनुसार वहां जो भी कर्मी लंबे समय से जमे हैं, उनकी भूमिका इसमें कहीं ज्यादा मालूम पड़ती है। ऐसे में अधिक समय से एक ही जगह जमे लोगों को हटाना जरूरी है, भले ही वे स्थाई कर्मी हों या अनुबंधकर्मी। कहा कि, उन्होंने आरटीआई के तहत इस विभाग से कार्यरत कर्मियों सहित कई अन्य जानकारियां मांगी है, जो अभी तक अप्राप्त है। फॉरवर्ड ब्लॉक नेता ने कहा कि, अज्ञात वाहनों की चपेट में आकर मौत का शिकार होने वाले परिवार के आश्रितों को हिट एंड रन के तहत मुआवजे का प्रावधान है, जिसका प्रोसेस डीटीओ ऑफिस से होता है। लेकिन ऐसे कई मामलों को इस विभाग के जिम्मेवार लोगों द्वारा सिर्फ इसलिए लटका कर रखा गया है, ताकि लोग परेशान होकर इन्हें रिश्वत देने को बाध्य हो जाएं। श्री यादव ने जिला प्रशासन से इसका संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कि, वे शीघ्र ही इस मामले को लिखित रूप से जिला उपायुक्त सहित अन्य उच्चाधिकारियों को देंगे और आंदोलन भी करेंगे।

# गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार लगाया, पहुंचे दर्जनों फरियादी, प्राप्त शिकायतों पर जांचोपरांत यथोचित कारवाई का मिला आश्वासन

● जनता दरबार के माध्यम से उपायुक्त रामनिवास यादव ने सुनी आमजनों की समस्याएं, प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार लगाया। आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए दर्जनों लोगों से उपायुक्त रामनिवास यादव ने मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि, दाखिल खारिज, राजस्व, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, राशन, पेयजल, शिक्षा, कल्याण, छात्रवृति आदि से संबंधित विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों पर आवश्यक कारवाई हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अग्रसारित किया गया तथा जल्द से जल्द शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए।



## संक्षिप्त समाचार

### महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने किया आरा स्टेशन का निरीक्षण



संवाददाता द्वारा

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह के द्वारा आरा स्टेशन का निरीक्षण किया गया तथा आरा कोचिंग डिपो में एआई तकनीक पर आधारित स्मार्ट कोच का अवलोकन किया गया।

भारतीय रेल हमेशा आधुनिक तकनीक को अपनाते हुए नए जमाने के साथ कदम से कदम मिलाकर चलती है। इसी कड़ी में एआई तकनीक पर आधारित सेंसर के माध्यम से एक स्मार्ट कोच का निर्माण किया गया है जिसमें ऐसे सेंसर लगे हुए हैं जो कोच में कई तरह की सुरक्षा पहलुओं को वेरीफाई करता है तथा कमी का पता लगाकर उसे अविलंब ठीक करने हेतु लाईव सूचना देता है। इन सेंसर के द्वारा कोच में पानी की कमी का पता लगाया जा सकता है। ट्रेनों में कोच के हॉट एक्सेल की पहचान करके इसका तुरंत निवारण किया जा सकता है। ट्रेन के कोच में बाथरूम के बुरे स्मेल को देखते हुए उसका निदान किया जा सकता है। एसीपी यानी अलार्म चेन पुलिंग के केस में भी सेंसर के द्वारा यह बता दिया जाएगा कि किस कोच में एसीपी की गई है जिससे जांच की व्यवस्था में लगने वाले समय में कमी आएगी।

इसी के साथ महाप्रबंधक ने दानापुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में नवीनीकृत सम्मेलन कक्ष का एवं मंडल रेल अस्पताल में नए अल्ट्रासाउंड मशीन एवं एक्सरे मशीन का उद्घाटन किया।इस अवसर पर दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री जयंत कुमार चौधरी सहित मुख्यालय एवं दानापुर मंडल के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### संत जेवियर्स महाविद्यालय रांची व लोयला ट्रेनिंग सेंटर के बीच हुआ करार




संवाददाता द्वारा

**रांची।** संत जेवियर्स महाविद्यालय रांची व लोयला ट्रेनिंग सेंटर के बीच शुक्रवार 30 मई 2025 को महाविद्यालय में करार हुआ। इस दौरान अगले पांच साल के लिए कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे व लोयला ट्रेनिंग सेंटर के निदेशक फादर मार्क मुकुल लकड़ा, एसजे ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

एमओयू के तहत दोनों संस्थानों का मुख्य उद्देश्य कौशल प्रशिक्षण को और सशक्त करना होगा। अब दोनों संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थी को प्रशिक्षण संबंधित बहुउद्देशीय ज्ञानार्जन कर सकेंगे।

हस्ताक्षर के दौरान उप प्राचार्य डॉ फादर अजय अरुण मिंज, एसजे, डीएसडबल्यू डॉ संजय सिन्हा, आइक्यूएसी संयोजक डॉ शिव कुमार, प्रो गौतम रूद्रा उपस्थित थे।

### भारतीय सेना के पराक्रम के आगे गिड़गिड़ाना पड़ा पाकिस्तान को : मोदी



**कानपुर/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओं के पराक्रम की सराहना करते हुए शुक्रवार को कहा कि इसी के चलते पाकिस्तान को युद्ध रोकने के लिए गिड़गिड़ाना पड़ा। उन्होंने दोहराया कि भारत अब आतंकवादियों और उनकी की सहायता करने वाली सरकार को एक जैसा ही मानती है। श्री मोदी यहां कानपुर में विकास की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज उत्तम प्रदेश बनने की दिशा में तेज गति से अग्रसर है। प्रधानमंत्री नेऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि इसे केवल स्थगित किया गया है और यह अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो दुश्मन गिड़गिड़ा रहा था, वो किसी धोखे में न रहे। यह ऑपरेशन अभी खत्म नहीं हुआ है।''

श्री मोदी ने कहा, 'हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम किया कि पाकिस्तानी सेना को गिड़गिड़ा कर युद्ध रोकने की मांग करने पर मजबूर होना पड़ा।÷ उन्होंने कहा कि वह स्वतंत्रता संग्राम की धरती कानपुर से भारतीय सशत्र बलों के इस शौर्य को बार-बार सैल्यूट करते हैं।

श्री मोदी ने कहा कि भारत ने आतंक के खिलाफ अपनी लड़ाई में तीन सूत्र स्पष्ट रूप से तय किए हैं, ''भारत हर आतंकी हमले का करारा जवाब देगा, उसका समय, तरीका और शर्तें हमारी सेनाएं खुद तय करेंगी। भारत अब एटम बम की गीदड़भभकी से नहीं डरेगा और न ही उसके आधार पर कोई फैसला लेगा। आतंक के आका और आतंक की सरपरस्त सरकार को भारत एक ही नजर से देखेगा।÷ उन्होंने कहा, ''पाकिस्तान का स्टेट (सरकार)और नॉन स्टेट ( सरकार से बाहर के ) एक्टर का खेल अब चलने वाला नहीं है।

अगर मैं सीधे-सीधे कानपुरिया में कहूं कि दुश्मन कहीं भी हो, होंक दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा, ' हमारे भारतीय हथियारों ने और ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मन के घर में घुसकर तबाही मचाई है। यह ताकत हमें आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से मिली है। एक समय था, जब भारत सैन्य जरूरतों के लिए, अपनी रक्षा के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था। हमने उन हालातों को बदलने की शुरुआत की है।

# इन्दिरा आईवीएफ ने नासिक रोड में फर्टिलिटी सेंटर का किया भव्य उद्घाटन

## महाराष्ट्र में फर्टिलिटी सेवाओं का हुआ विस्तार

**नासिक, (आरएनएस)।** इन्दिरा आईवीएफ ने नासिक रोड में अपने नये फर्टिलिटी क्लिनिक का उद्घाटन किया है, जिससे महाराष्ट्र में ग्रुप का विस्तार और उपस्थिति अधिक मजबूत हुई है। यह नया सेंटर फर्स्ट फ्लोर, स्टार प्लस मॉल, एनएमसी ऑफिस के सामने, दुर्गा गार्डन के पास, बिटको पॉइंट, नासिक रोड, महाराष्ट्र में स्थित है। नासिक रोड महाराष्ट्र में इन्दिरा आईवीएफ का 30वां क्लिनिक है, जो इस बढ़ते क्षेत्र की आबादी को रिप्रोडक्टिव हेल्थकेयर सेवाएं प्रदान करेगा। उद्घाटन समारोह में पुलिस कमीश्नर संदीप कार्णिक, सिविल सर्जन डॉ. चारुदत्त शिंदे, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तानाजी



चव्हाण, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जितेंद्र धनेश्वर, स्टेट आईएमए वाइस प्रेसिडेंट डॉ. मंगेश थेटे, बिटको हॉस्पिटल के कन्सल्टेंट गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. प्रशांत शेटे, आईएमए नासिक प्रेसिडेंट डॉ. नीलेश निकम, नासिक रोड प्रेसिडेंट डॉ. कंचन लोकवानी और एनओजीएस अध्यक्ष डॉ. नेहा लाड का सानिध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर संदीप कार्णिक ने कहा कि इन्दिरा आईवीएफ का नासिक रोड क्लिनिक हमारे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण योगदान है। इससे स्पेशलाइज्ड रिप्रोडक्टिव स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ेगी और स्थानीय लोगों को रिप्रोडक्टिव उपचार प्राप्त होगा, जो सम्पूर्ण कम्युनिटी हेल्थ को सुदृढ़ करेगा।

डॉ. चारुदत्त शिंदे ने कहा कि यह नया क्लिनिक रिप्रोडक्टिव हेल्थ समस्याओं का समाधान करने की क्षमता को और मजबूती देगा। इन्दिरा आईवीएफ की एक्सपर्टिज और मरीज - केंद्रित दृष्टिकोण नासिक में बेहतर उपचार परिणाम और इसके प्रति जागरूकता को बढ़ावा देगा। इन्दिरा आईवीएफ के मैनेजिंग डायरेक्टर नितिज मुर्डिया ने कहा कि इन्दिरा आईवीएफ का उद्देश्य देश के हर कोने तक एडवांस फर्टिलिटी उपचार और केयर पहुँचाना है। हमारे नासिक रोड क्लिनिक का शुभारंभ महाराष्ट्र में लोगों को अत्याधुनिक तकनीक और सहयोग के साथ, रोगी-केंद्रित देखभाल प्रदान करने की हमारी निरंतर प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हमारा मानना है कि हर व्यक्ति को माता-पिता बनने के अपने सपने को साकार करने का अवसर मिलना चाहिए, और यह केंद्र उस सपने को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन्दिरा आईवीएफ नासिक की चीफ आईवीएफ स्पेशलिस्ट व सीनियर एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, सेंटर हेड डॉ. प्रियंका कासलीवाल ने कहा हम व्यक्तिगत और एविडेंस बेस्ड फर्टिलिटी केयर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा उद्देश्य प्रत्येक मरीज को उनके संपूर्ण उपचार यात्रा में मदद और सही मार्गदर्शन प्रदान करना है। डॉ. पूनम अतुल पाटील, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर व आईवीएफ स्पेशलिस्ट, सेंटर हेड नासिक रोड, बिटको ने कहा कि इस क्लिनिक के शुभारंभ से हम नासिक और आसपास के क्षेत्रों में फर्टिलिटी केयर की पहुंच के अंतर को समाप्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठा रहे हैं। हम समय पर जांच और उपचार, जनजागरूकता और क्वालिटी केयर सेवाओं पर जोर देते हैं जिससे लोगों को संतान सुख प्राप्त करने के सपने को साकार करने में मदद मिले।

## कंचन देवी हत्याकांड के नामजद अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार, प्रेस विज्ञप्ति कर दी गई जानकारी

**बांका फुल्लीडुमर से कामेश्वर साह की रिपोर्ट**

फुल्लीडुमर प्रखंड क्षेत्र के खेसर थाना क्षेत्र अंतर्गत 24 मई की रात्रि एक लाख रुपये लेनदेन के मामले में थाना क्षेत्र के लंबा मैदान गांव के पप्पू यादव की 42 वर्षीया पत्नी कंचन देवी की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई थी। मामले में मृतका की पुत्री काजल कुमारी के द्वारा आवेदन देकर खेसर थाने में एक प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी दर्ज होते ही पुलिस हरकत में आई एवं नामजद अभियुक्त को गिरफ्तारी कर लिया गया। बांका पुलिस द्वारा शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गठित छापेमारी दल में शामिल अनुमंडल पुलिस



पदाधिकारी बेलहर राज किशोर प्रसाद, तकनीकी शाखा के पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार, थाना अध्यक्ष बलवीर विलक्षण, खेसर थाना के पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार यादव ,सहायक अवर निरीक्षक राजीव रंजन कुमार एवं अन्य पुलिस जवान शामिल थे। गठित छापेमारी दल द्वारा कांड के अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु रामसरिया मोड के पास छापेमारी की गई। जहां छापेमारी के दौरान पुलिस ने कांड संख्या 42 / 25 के नामजद प्राथमिकी अभियुक्त रामरंजन कुमार पिता कमलेश्वरी राणा, ग्राम जोगिया, थाना शंभूगंज, जिला बांका को रामसरिया मोड़ के पास से विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं पुलिस ने सभी कागजी प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए उसे पुलिस अभिरक्षा में न्यायिक विरासत में बांका भेज दिया गया। वहीं इस संबंध में खेसर थाना अध्यक्ष किसी भी प्रकार कि जानकारी देने से बचते नजर आए।

## पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने किया सामलेश्वर महादेव मंदिर का रुद्राभिषेक

**फूल शंकर डामोर**

**उदयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने किया सामलेश्वर महादेव मंदिर की प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में की शिरकत वसुंधरा राजे सिंधिया ने आज मसारो की ओबरी गांव में पूर्व उदयपुर सांसद अर्जुन लाल मीणा के निवास सामला फला के सामलेश्वर महादेव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा रुद्रा अभिषेक कार्यक्रम में पहुंच कर मंदिर के पहली भक्त के रुप मे दर्शन किया और इस मौके पर पूर्व सांसद अर्जुन लाल मीणा की धर्म पत्नी मिनाक्षी मसार के साथ परिवार संग पूजा अर्चन की ओर अमन सेन की दुआ की । पूजा के बाद हवन यज्ञ में बैठ कर आहूति दी । पूर्व मुख्यमंत्री




वसुंधरा राजे सिंधिया का पूर्व सांसद अर्जुन लाल मीणा के साथ मिनाक्षी मसार ने सुंदड़ी साफा ओडाकर सामलेश्वर महादेव की प्रतिमा प्रतीक चिन्ह भेंट किया इस अवसर वसुंधरा राजे जिंदाबाद से पांडाल गूंज उठा इसके बाद आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज मुझे लंबे समय के बाद आप लोगों के बीच आने का सौभाग्य मिला इस मौके पर भगवान महादेव का आप सभी भक्तों का आशीर्वाद आप पर बना रहे। वरना आज सोशल मीडिया से वीडियो कॉम्प्रेस से ही काम हो रहे है। पूर्व सांसद अर्जुन लाल मीणा ने कहा कि मुझे आज दूसरा जन्म मिला है वो भगवान शिव जी के आशीर्वाद से ही में आज आप लोगों के बीच हु। आदिवासी समाज के आस पास के भक्तों को पूजा अर्चना के लिए 10 किलोमीटर दूर नहीं जाना होगा । सभा में पूर्व सांसद रघुवीर सिंह मीणा पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी पूर्व विधायक नाना लाल आहारी पूर्व प्रधान गिर्वा तख्त सिंह शक्तावत सुंदर लाल भानावत देहात भाजपा के पूर्व अध्यक्ष चन्द्रगुप्त सिंह पूर्व सरपंच कालु लाल मीणा सहित सर्जनों भाजपा नेताओं ने सामलेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन किए।

## आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते, खून और पानी भी एक साथ नहीं बह सकतेः शाह

**जम्मू।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को फिर से परिभाषित किया है कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते तथा पानी और और खून भी एक साथ नहीं बह सकते।

पुंछ में गोलाबारी से प्रभावित परिवारों से मिलने पहुंचे श्री शाह ने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि नागरिकों पर किसी भी हमले को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसका अधिक



प्रभावी और सटीक तरीके से जवाब दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्री मोदी के प्रधानमंत्री बनने के तुरंत बाद सीमावर्ती इलाकों में बंकर बनाने का फैसला लिया गया था। अब तक 9,500 से अधिक बंकर बनाए गए हैं और इन बंकरों के कारण सीमावर्ती इलाके में ज्यादा जनहानि नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सरकार सीमावर्ती इलाकों में और बंकर बनाएगी।

पुंछ में गोलाबारी से प्रभावित परिवारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, ÷हम समझते हैं कि राहत और नौकरियां आपके द्वारा झेले गए दर्द और क्षति की भरपाई नहीं कर सकती हैं। आपने अपने प्रियजनों को खो दिया है।

### असम के विश्वनाथ जिले में उपस्थित असम लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष देबराज उपाध्याय

- **उपाध्याय ने जिला प्रशासन के उच्च स्तरीय अधिकारियों के साथ किया समीक्षा बैठक**




**पंकज नाथ, असम**

असम के विश्वनाथ जिले में असम लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष देवराज उपाध्याय कल गुरुवार को उपस्थित होकर जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में भाग लिया । आगामी 8 जून, रविवार को विश्वनाथ जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में होने वाली असम लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 की तैयारियों को लेकर यह बैठक विश्वनाथ के नए आवर्त भवन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी एवं असम लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष देवराज उपाध्याय ने जिले में होने वाली इस परीक्षा की तैयारियों की जानकारी ली और सुरक्षा तथा कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने परीक्षा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन को सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। विश्वनाथ जिला प्रशासन ने भी परीक्षा को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित करने के लिए सभी संभव उपाय किए हैं। इस समीक्षा बैठक में जिला आयुक्त मुनिंद्र नाथ नाटे, पुलिस अधीक्षक शुभाशीष बरुआ, अतिरिक्त जिला आयुक्त राकेश डेका और असीम बरगोहाई, विश्वनाथ के सर्कल अधिकारी माधुर्य पराशर, सर्कल अधिकारी (संलग्न) मुनचुन बरकाकती, सहायक आयुक्त पुष्पांकर पाटीर, दीक्षित दास समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।गौरतलब है कि परीक्षा को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आज भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (ब्रहस्स), 2023 की धारा 163 के तहत जिला दंडाधिकारी मुनिंद्र नाथ नाटे ने कुछ निषेधाज्ञाएँ लागू की हैं। जारी आदेश के अनुसार परीक्षा केंद्र से 100 मीटर के दायरे में–परीक्षा में शामिल होने वाले प्रमाणपत्रधारी अभ्यर्थी, परीक्षा से जुड़े पर्यवेक्षक, कर्मचारी और परीक्षा दल, कानून-व्यवस्था एवं आवश्यक सेवाओं के रखरखाव से जुड़े सरकारी अधिकारी-कर्मचारी और परीक्षा संचालन में लगे किसी भी सरकारी अधिकारी-कर्मचारी के अलावा अन्य किसी व्यक्ति की उपस्थिति पर रोक लगाई गई है।

### न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री से मिले राहुल, द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को यहां न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स से मुलाकात की, जिस दौरान दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने, साझा लोकतांत्रित मूल्यों तथा वैश्विक सहयोग से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। इस मुलाकात के दौरान लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई भी मौजूद थे। राहुल गांधी ने इस मुलाकात की तस्वीरें फेसबुक पर पोस्ट करते हुए कहा, ''न्यूज़ीलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री से मिलना सुखद रहा। दोनों देशों के बीच के संबंधों को मजबूत करने, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और तेजी से जटिल होती दुनिया में वैश्विक सहयोग के महत्व पर गर्मजोशी भरी बातचीत हुई।'' न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री इन दिनों भारत के दौरे पर हैं।

## प्रेस स्वतंत्रता पर खतरा : वरिष्ठ पत्रकार राकेश कुमार ने एमपी में पत्रकारों पर हमले के खिलाफ प्रेस क्लब के साहसिक रुख की सराहना की

**नई दिल्ली, (आरएनएस)।** दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा स्वराज एक्सप्रेस के भिंड ब्यूरो प्रमुख अमरकांत सिंह चौहान को पुलिस सुरक्षा प्रदान करने के हालिया आदेश के बाद, वरिष्ठ पत्रकार राकेश कुमार ने मध्य प्रदेश में डराने-धमकाने और हिंसा का सामना कर रहे पत्रकारों के पक्ष में प्रेस क्लब ऑफ इंडिया की निर्णायक भूमिका की सराहना की है। भारतीय पत्रकारिता में तीन दशकों से अधिक अनुभव रखने वाले राकेश कुमार ने असहज सच



उजागर करने वाले पत्रकारों के खिलाफ बढ़ते उत्पीड़न के पैटर्न पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा, ÷इन गंभीर घटनाओं पर राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित करने में प्रेस क्लब की भूमिका अहम रही है। चौहान और अन्य पत्रकारों को मिली उनकी त्वरित सहायता यह साबित करती है कि पत्रकारिता जगत अन्याय के खिलाफ चुप नहीं बैठेगा।÷ राकेश कुमार ने कहा कि ÷मध्य प्रदेश में जो कुछ हो रहा है वह अत्यंत चिंताजनक है। पत्रकारों को बुलाना, पीटना, कपड़े उतरवाना और झूठे बयान दर्ज करने को मजबूर करना–यह कानून का पालन नहीं, बल्कि सत्ता का दुरुपयोग है। ऐसे शत्रुतापूर्ण माहौल में प्रेस क्लब का समर्थन न केवल इन पत्रकारों के लिए नैतिक संबल है, बल्कि यह भी याद दिलाता है कि प्रेस की एकजुटता ही हमारी सबसे बड़ी ढाल है।

दिल्ली हाई कोर्ट का यह हस्तक्षेप तब सामने आया है जब अमरकांत सिंह चौहान ने अवैध रेत खनन और पुलिस की मिलीभगत की रिपोर्टिंग के कारण अपनी जान को खतरा बताते हुए मध्य प्रदेश छोड़ दिया। धर्मेंद्र ओझा (न्यूज़ 24), शशिकांत गोयल (बेजोड़ रत्न) और प्रीतम सिंह (एनटीवी भारत) जैसे कई अन्य पत्रकार भी ऐसे ही डराने-धमकाने और शारीरिक हमले जैसी घटनाओं का शिकार हुए हैं, जिनमें जबरन बयान वापसी भी शामिल है। राकेश कुमार ने पत्रकारिता जगत से एकजुट और सतर्क रहने की अपील की÷ ÷हमें जवाबदेही की मांग करनी चाहिए और एक व्यापक पत्रकार सुरक्षा कानून जैसी संस्थागत सुरक्षा की दिशा में दबाव बनाना चाहिए। यह सिर्फ एक पत्रकार या एक राज्य की बात नहीं है–यह लोकतंत्र की बुनियाद को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने मीडिया संगठनों, नागरिक समाज और संवैधानिक संस्थाओं से आग्रह किया कि वे मध्य प्रदेश की घटनाओं पर करीबी नजर रखें और जो लोग अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं, उन्हें जवाबदेह ठहराया जाए।

## सिंगापुर ओपन 2025: सात्विक-चिराग क्वार्टरफाइनल में, सिंधु, प्रणय और ट्रिसा-गायत्री बाहर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने सिंगापुर ओपन 2025 (बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 750 इवेंट) के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। खेले गए प्री-क्वार्टर मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने इंडोनेशिया के साबर करयामन गुटामा और मुहम्मद रेजा पहलवी इस्फहानी को एक घंटे 14 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 19-21, 21-16, 21-18 से हराया। हालांकि, पुरुष सिंगल्स में भारत के एच.एस. प्रणय को फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ सीधे गेमों में हार का सामना करना पड़ा। वह 42 मिनट चले मैच में 16-21, 14-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। महिला सिंगल्स में पी.वी. सिंधु भी अपने प्री-क्वार्टर मुकाबले में चीन की चेन यू फेई से हार गईं। तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में सिंधु 9-21, 21-18, 16-21 से पराजित हुईं। महिला युगल में ट्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी को चीन की जिया यी फैन और झांग शूशियान के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में 8-21, 10-21 से हार मिली। मिक्स्ड डबल्स में भारत की रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गड्डे की जोड़ी हांगकांग के तांग चुन मैन और त्से यिंग सुट से 10-21, 16-21 से हारकर बाहर हो गई।

## सितंबर में भारत दौरे पर आएगी ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम, चेन्नई में खेले जाएंगे तीन वनडे मुकाबले

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम सितंबर में भारत का दौरा करेगी, जहां दोनों टीमें तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेंगी। यह मुकाबले चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में 14, 17 और 20 सितंबर को खेले जाएंगे। यह श्रृंखला दोनों टीमों के लिए भारत में होने वाले आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप की अहम तैयारी मानी जा रही है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उक्त घोषणा की।

**ऑस्ट्रेलिया ए और साउथ अफ्रीका ए की पुरुष टीमें भी भारत दौरे पर आएंगी**

महिला सीरीज के अलावा ऑस्ट्रेलिया ए की पुरुष टीम भी भारत दौरे पर आएगी, जहां वह दो अनौपचारिक टेस्ट और तीन वनडे मैच खेलेगी। दोनों चार दिवसीय टेस्ट मुकाबले लखनऊ में 16-19 और 23-26 सितंबर के बीच खेले जाएंगे। इसके बाद तीन एकदिवसीय मुकाबले 30 सितंबर, 3 अक्टूबर और 5 अक्टूबर को कानपुर में होंगे। दक्षिण अफ्रीका ए की पुरुष टीम का दौरा अक्टूबर-नवंबर में होगा और उनके सभी मुकाबले बेंगलुरु में आयोजित किए जाएंगे। दो अनौपचारिक टेस्ट मैच बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में 30 अक्टूबर से 2 नवंबर और 6-9 नवंबर के बीच खेले जाएंगे।

## राज्य स्तरीय योग ओलम्पियाड में चमकी मुरादाबाद की छात्रा रोनी और छात्र नैतिक

**मुरादाबाद।** राज्य स्तरीय योग ओलम्पियाड में मुरादाबाद के राजकीय कन्या इंटर कालेज की छात्रा रोनी और जीजी हिंदू इंटर कॉलेज के छात्र नैतिक ने शानदार प्रदर्शन कर पीतलनगरी मुरादाबाद का मान बढ़ाया है। दोनों खिलाड़ियों का अपने-अपने कालेज पहुंचने पर स्वागत अभिनंदन किया गया। मंडलीय क्रीड़ा सचिव वंश बहादुर लखनऊ में खेली गई प्रतियोगिता में रोनी ने सभी प्रतिभागियों को चित्त करते हुए पहला स्थान हासिल किया है। वहीं नैतिक ने चौथा स्थान हासिल किया है। दोनों खिलाड़ी तमिलनाडु में होने वाले राष्ट्रीय योग ओलम्पियाड में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। रोनी और नैतिक की इस उपलब्धि पर संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय और मंडलीय क्रीड़ा सचिव वंश बहादुर ने उनकी सराहना की। साथ ही राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## वूमेन अंडर-15, 19, 23 व वूमेन सीनियर वर्ग के हुए प्रारम्भिक चयन ट्रायल

**मुरादाबाद।** पूर्व रणजी खिलाड़ी एवं डिस्ट्रिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन (डीएसए) के सचिव विजय गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की वूमेन अंडर-15, 19, 23 व सीनियर वर्ग के चयन ट्रायल डीएसए द्वारा स्प्रिंगफील्ड क्रिकेट अकैडमी के खेल के मैदान पर आज हुआ। इसमें मुरादाबाद, अमरोहा एवं संभल जिले की पंजीकृत वूमेन खिलाड़ियों के प्रारम्भिक चयन ट्रायल समस्त खेल सुविधाओं के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। विजय गुप्ता ने आगे बताया कि ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों ने पूरे कौशल के साथ अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें चयनकर्ताओं द्वारा कई प्रतिभावान खिलाड़ियों को भी चिन्हित किया गया। जिसमें कई कम आयु के बालिकाओं ने अपने खेल से सभी को प्रभावित किया। डी एस ए मुरादाबाद द्वारा नामित चयन समिति में मुजफ्फरनगर से आए वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी मयंक गौतम, पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता, वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी प्रदीप टंडन द्वारा खिलाड़ियों की प्रतिभा को देखा गया व परखा गया और अधिक से अधिक खिलाड़ियों का चयन किया गया। मौहम्मद हसीन, चमन सिंह, मिर्जा दानिश, बाकर जैदी, सोनू कुमार कोच व अन्य अभिभावक मौजूद रहे।

# इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप: धवन के तूफान से उड़ा स्ट्राइकर्स का खेमा, वॉरियर्स की लगातार दूसरी जीत

एजेंसी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चल रहे इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स लीग के तीसरे दिन का पहला मुकाबला पूरी तरह से धवन के वॉरियर्स के नाम रहा। दोपहर 3:30 बजे से शुरू हुए इस मुकाबले को इंडियन वॉरियर्स ने 6 विकेट से जीतकर लीग में लगातार दूसरी जीत दर्ज की।टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे अमेरिकन स्ट्राइकर्स की शुरुआत कुछ खास नहीं रही और चौथे ओवर तक उन्होंने अपने दोनों ही सलामी बल्लेबाज गौरव तोमर (16) और शोएब खान (4) के विकेट गंवा दिए। हालांकि दूसरे छोर से लगातार विकेट गिरने के बावजूद अयान खान ने पारी को संभालते हुए 26 गेंदों में 6 चौकों और 2 छक्कों की मदद से महत्वपूर्ण 48 रन बनाए। जिसके बाद टीम को पार लगाने का जिम्मा उठाया कप्तान



प्रदीप सांगवान ने, उन्होंने मलिंडा पुष्पकुमारा (35) के साथ मिलकर 3 छक्कों और 5 चौकों की मदद से नाबाद 54 रनों की पारी खेलते हुए टीम को 8 विकेट के नुकसान पर 180 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया, हालांकि उनकी मेहनत टीम को जीत न दिला सकी। लक्ष्य का पीछा करते उतरे इंडियन वॉरियर्स के सलामी बल्लेबाजों शिखर धवन और प्रियंक पंचाल ने धमाकेदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 110 रन जोड़े। शिखर ने अपनी पारी के दौरान 210 के स्ट्राइक रेट से 7 छक्कों और 5 चौकों की मदद से 39 गेंदों में 82 रन बनाए, जबकि पंचाल अर्धशतक बनाने से चूक गए और 43 रनों के निजी स्कोर पर पुष्पकुमारा का शिकार बने। उसके बाद केदार देवधर नाबाद (19) और अरुण छपराना (15) ने टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। छपराना ने गेंदबाजी में भी सहयोगी गेंदबाजों रंजीत माली और सुमित सिंह का साथ निभाते हुए क्रमशः 2-2 विकेट झटके।ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के लिए शिखर को मैन ऑफ मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। इस जीत के साथ इंडियन वॉरियर्स पॉइंट्स टेबल में 4 अंकों के साथ पहले पायदान पर पहुंच गई है।

## इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप: अफ्रीकन लायंस ने जीता अपना पहला मुकाबला

एजेंसी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चल रहे इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स लीग में गुरुवार रात अफ्रीकन लायंस ने एशियन किंग्स को 6 विकेट से हराकर आसान जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एशियन किंग्स को तीसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज परवेज अजीज (8) के रूप में पहला झटका लगा। हालांकि एक छोर पूर्व श्रीलंकाई बल्लेबाज और लायंस के कप्तान तिलकरत्ने दिलशान ने संभाले रखा, पर दूसरी तरफ से लगातार विकेट गिरते रहे। उमंग शर्मा (31) ने उनका साथ निभाने की कोशिश जरूर करी, लेकिन दबाव के चलते छठे ओवर में दिलशान को भी 26 रन के निजी स्कोर पर पवेलियन लौटना पड़ा। जिसके बाद पूरी टीम धराशाई हो गई, अंत में इम्तियाज ने बहुमूल्य 35 रन बनाकर टीम को 138 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। पूर्व अफ्रीकाई दिग्गज हर्षेल गिब्स की कप्तानी में लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफ्रीकन लायंस के



सलामी बल्लेबाज राहुल यादव ने 54 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेलते हुए मैच को शुरुआत में ही एकतरफा कर दिया। जिसके बाद शेखर सिरोही (22), शिवम शर्मा (21) और अंत में अली मुर्तजा ने 5 गेंद में 18 रन बनाकर टीम को 16.4 ओवर में 6 विकेट से आसान सी जीत दिला दी। 4 ओवर में 27 रन देकर 3 विकेट लेने के लिए क्रिस मोफू को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया।

## न्यूजीलैंड के पूर्व कोच डेविड ट्रिस्ट का निधन, 77 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कोच डेविड ट्रिस्ट का 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने सोशल मीडिया के जरिए उक्त जानकारी दी। ट्रिस्ट ने न्यूजीलैंड को साल 2000 में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी (अब चैंपियंस ट्रॉफी) जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। यह न्यूजीलैंड पुरुष टीम का पहला वैश्विक खिताब था।

**14 साल तक खेले घरेलू क्रिकेट, फिर बने सफल कोच**

डेविड ट्रिस्ट ने अपने करियर में 14 वर्षों तक कैंटरबरी के लिए तेज गेंदबाज के रूप में क्रिकेट खेला। इसके बाद उन्होंने कोचिंग की दुनिया में कदम रखा। उन्होंने कैंटरबरी के अलावा दक्षिण अफ्रीका, हांगकांग और नीदरलैंड्स की टीमों के साथ भी काम किया। साल 1999 में उन्होंने स्टीव रिक्सन की जगह न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय टीम के कोच का पद संभाला।

**2000 में भारत को हराकर दिलाई खिताबी जीत**

डेविड ट्रिस्ट के कार्यकाल में न्यूजीलैंड ने नैरोबी में खेले गए फाइनल में भारत को चार विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया था।



इस मुकाबले में क्रिस केयर्न्स ने नाबाद शतक जड़ा था और टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी। ट्रिस्ट का कार्यकाल भले ही केवल दो साल का रहा, लेकिन उन्होंने टीम को पहली बार वैश्विक स्तर पर विजयी बनाया।

**कोचिंग के बाद भी जुड़े रहे क्रिकेट से**

न्यूजीलैंड टीम से विदा लेने के बाद ट्रिस्ट क्राइस्टचर्च के ओल्ड कोलेजियंस क्रिकेट क्लब के कोचिंग डायरेक्टर बने। इसके अलावा उन्होंने भारत और इंग्लैंड में भी कोचिंग के क्षेत्र में काम किया।

**न्यूजीलैंड क्रिकेट ने दी श्रद्धांजलि**

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी करते हुए कहा, न्यूजीलैंड क्रिकेट को यह पुष्टि करते हुए गहरा दुख हो रहा है कि पूर्व ब्लैककैप्स कोच डेविड ट्रिस्ट का क्राइस्टचर्च में निधन हो गया है। वह 77 वर्ष के थे। न्यूजीलैंड क्रिकेट, डेविड के परिवार और मित्रों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है।

## एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप : भारत ने मारी ज़ोरदार छलांग, पदक तालिका में पहुंचा दूसरे स्थान पर

एजेंसी

**गुमी (दक्षिण कोरिया)।** एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारत ने तीसरे दिन दमदार प्रदर्शन करते हुए पदक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। अविनाश साबले, ज्योति याराजी और महिलाओं की 4×400 मीटर रिले टीम की स्वर्णिम जीत ने भारत को यह बड़ी उपलब्धि दिलाई।

**तीन गोल्ड से बदली तस्वीर, जापान को छोड़ा पीछे**

तीसरे दिन भारत ने तीन गोल्ड मेडल जीतकर पदक तालिका में बड़ा उलटफेर कर दिया। अविनाश साबले ने पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज में अपनी श्रेष्ठता साबित की, वहीं ज्योति याराजी ने महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में शानदार फिनिश करते हुए गोल्ड अपने नाम किया। इसके अलावा, महिलाओं की 4×400 मीटर रिले टीम ने देश को तीसरा स्वर्ण पदक दिलाकर सभी को गर्व से भर दिया।

**चीन शीर्ष पर, भारत ने बनाई कड़ी चुनौती**

अब तक के आंकड़ों के अनुसार चीन 21 पदकों (12 स्वर्ण, 6 रजत, 3 कांस्य) के साथ पदक तालिका में पहले स्थान पर बना हुआ है। भारत 5 स्वर्ण, 6 रजत



और 3 कांस्य पदकों के साथ कुल 14 मेडल जीतकर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। जापान भी चीन जितने ही (21) पदक जीत चुका है, लेकिन उसके पास केवल 4 स्वर्ण हैं, इसी वजह से वह तीसरे स्थान पर है।

**कतर और ईरान भी दौड़ में शामिल**

चौथे स्थान पर कतर है, जिसने अब तक 2 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक अपने नाम किए हैं। ईरान 2 स्वर्ण पदकों के साथ पांचवें स्थान पर है, हालांकि उसके खाते में अभी तक कोई रजत या कांस्य पदक नहीं आया।

**अब सबकी निगाहें 31 मई पर:** एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का समापन 31 मई को होगा और उम्मीद की जा रही है कि भारत अपनी पदकों की संख्या में और इज़ाफ़ा कर सकेगा। मौजूदा प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया है कि भारतीय एथलीट अब एशिया में शीर्ष स्थान के लिए सशक्त दावेदार बन चुके हैं।

## आईपीएल 2025 के फाइनल में पहुंचने पर कप्तान पाटीदार ने कहा-हम अपनी योजनाओं को लेकर स्पष्ट थे

एजेंसी

**मुल्लांपुर।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने पंजाब किंग्स को आठ विकेट से हराकर आईपीएल 2025 के फाइनल में जगह बना ली है। यह चौथा मौका है जब बैंगलोर की टीम फाइनल में पहुंची है। इस जीत के बाद कप्तान रजत पाटीदार ने प्रशंसकों का आभार जताते हुए कहा कि टीम जहां खेलती है, ऐसा लगता है जैसे अपने होम ग्राउंड पर हों। कृपया ऐसे ही समर्थन करते रहिए।मैच के बाद कप्तान रजत पाटीदार ने गेंदबाजों की तारीफ करते हुए कहा,हम अपनी योजनाओं को लेकर स्पष्ट थे, खासकर गेंदबाजी में। तेज गेंदबाजों ने पिच का अच्छे से इस्तेमाल किया। सुयश ने भी बहुत अच्छी लाइन-लेंथ में गेंदबाजी की। मैं उसके रोल को लेकर हमेशा स्पष्ट



रहता हूं - उसे सिर्फ स्टंप्स पर निशाना लगाना होता है। उसकी गूगली पढ़ना बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं होता। मैं उसे ज्यादा निर्देश नहीं देता, ताकि वह कंफ्यूज न हो। पाटीदार ने आगे कहा, फिल सॉल्ट जिस अंदाज़ में शुरुआत देते हैं, वह देखने लायक होता है। मैं उनका बहुत बड़ा फैन हूं। आरसीबी फैंस का हमेशा शुक्रगुज़ार हूं - हम जहां भी खेलते हैं, ऐसा लगता है जैसे अपने होम ग्राउंड पर खेल रहे हों। कृपया इसी तरह हमारा समर्थन करते रहिए। 56 रन की नाबाद पारी खेलने वाले फिल सॉल्ट ने कहा,बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। गेंद थोड़ी मूव हो रही थी, लेकिन ये इस सीजन की सबसे खराब पिच नहीं थी। मेरे दिमाग में एक ही बात चल रही थी - %अर्शदीप से आउट मत होना%। वह लीग स्टेज में दो बार मुझे अलग-अलग तरीके से आउट कर चुका है, इसलिए बस बॉल पर रिएक्ट करने पर ध्यान था। उन्होंने आगे कहा, मैंने मैच से पहले कोच एंडी फ्लावर से कहा था कि सफर और ब्रेक शायद हमारे लिए फायदे का सौदा बनें।

## बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में हुए रोमांचक मुकाबले

एजेंसी

**गुना।** संजय गांधी खेल परिसर बास्केटबॉल मैदान पर तीन दिवसीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में 13 वर्ष से कम आयु एवं 13 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 14 टीम बालिकाओं की शामिल है। जिसमें प्रत्येक टीम में 6 - 6 सदस्य शामिल हैं एवं बालक वर्ग में 9 टीम है। जिनमें 6 - 6 सदस्य शामिल हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। जिनमें खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान मौजूद दर्शन भी ताली बजाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे। खेल और युवा कल्याण विभाग के एनआईएस बास्केटबॉल प्रशिक्षक दुर्गेश सक्सेना ने बताया कि प्रथम दिन 13 वर्ष से कम आयु में फ्रेंड्स क्लब विरुद्ध गेम्स क्लब के मध्य मैच खेला गया। जिसमें फ्रेंड्स क्लब विजयी रही, वहीं इसी वर्ग में टाइगर क्लब विरुद्ध जुपिटर क्लब के मध्य मैच खेला गया । जिसमें टाइगर क्लब ने विजय प्राप्त की । इसके साथ ही बॉस्केटबॉल स्टार्स ने फ्रेंड्स क्लब को हराया। बालिका 13 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में गुना बास्केटबॉल टीम ने एक रोमांचक मैच में थंडर को हराया। इसी क्रम में अगले मैच बास्केटबॉल हापर्स विरुद्ध स्पार्टन के बीच हुआ। इस मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। हालांकि जीत बास्केटबॉल हापर्स को मिली।

# प्रज्ञान ओझा बने 'द लेजेनजी टी 10' के लीग कमिश्नर

एजेंसी

**जयपुर।** जयपुर में 25 जून से शुरू हो रही टेनिस बॉल क्रिकेट लीग 'द लेजेनजी टी 10' के लिए पूर्व भारतीय स्पिनर प्रज्ञान ओझा को कमिश्नर नियुक्त किया गया है। 24 टेस्ट, 18 वनडे और 6 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके प्रज्ञान लीग के संचालन की देखरेख और इस नए तरह की प्रतियोगिता की सफलता व विकास को सुनिश्चित करेंगे। द लेजेनजी टी 10 का विज़न भारत के स्ट्रीट क्रिकेटर्स को मंच प्रदान करना है। 'गली से टीवी तक' के नारे पर केंद्रित यह लीग जुनून को पहचान में बदलने का अवसर देती है। लीग के बारे में बात करते हुए लीग कमिश्नर प्रज्ञान ओझा ने एक आधिकारिक बयान में कहा, द लेजेनजी टी10 का हिस्सा बनकर मैं बेहद उत्साहित हूं। यह ऐसा मंच है जो ग्रासरूट क्रिकेट को बड़ी पहचान से जोड़ता है। मैं भी ऐसे जुनूनी खिलाड़ियों के साथ काम करने और कुछ खास बनाने को लेकर बहुत उत्सुक हूं।द लेजेनजी टी 10 के



चेयरमैन वेंकटेश प्रसाद ने कहा, हमने अपने स्थानीय पार्कों और गलियों में बहुत सारी असाधारण प्रतिभाएं देखी हैं। द लेजेनजी टी 10 का मंच ऐसी ही युवा प्रतिभाओं के लिए है, जिनमें अद्भुत कौशल और प्रदर्शन की भूख है। हमारा लक्ष्य एक ऐसा मंच तैयार करना है जो टेनिस बॉल क्रिकेट को हमेशा के लिए बदल कर रख देगा।÷ लीग में चार चांद लगाने के लिए पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी इरफान पठान भी इससे जुड़े रहेंगे, जो न ही सिर्फ खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे, बल्कि मैदान पर उनके साथ खेलते भी नजर आएंगे। इच्छुक खिलाड़ी अपना 6 गेंदों का वीडियो और नामांकन शुल्क जमा कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन कराने वाले हर खिलाड़ी को द लेजेनजी टी10 क्रिकेट बैट स्मृति चिन्ह के रूप में दिया जाएगा। इनमें से शीर्ष 5,000 खिलाड़ियों को चयनित करके उन्हें सिल्वर टिकट दिया जाएगा, जिसके तहत वे दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु और इंदौर में आयोजित होने वाले ट्रायल्स में भाग ले सकेंगे। इन खिलाड़ियों को एक साल की ऑनलाइन क्रिकेट ट्रेनिंग मॉड्यूल तक विशेष पहुंच भी दी जाएगी। ट्रायल्स से चुने गए सर्वश्रेष्ठ 150 खिलाड़ियों को गोल्डन टिकट मिलेगा, जिनमें से 72 खिलाड़ी ऑक्शन के माध्यम से डायमंड टिकट प्राप्त करेंगे और द लेजेनजी टी10 लीग में खेलेंगे। बाकी 78 खिलाड़ी गोल्डन टिकट बनाए रखेंगे और अगले सीज़न में सीधे खेलने का मौका पाएंगे।

## पीएसी पश्चिमी जोन हॉकी प्रतियोगिता दूसरे दिन भी जारी रहा

**मुरादाबाद।** 24वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद में आयोजित हो रही 28वीं अंतर्वाहिनी पीएसी पश्चिमी जोन हॉकी प्रतियोगिता दूसरे दिन भी जारी रही। आज विभिन्न जोन की टीमों के बीच क्वार्टर फाइनल तथा सेमीफाइनल मैच खेले गए। आयोजन सचिव सेना नायक रमेश प्रसाद गुप्ता ने बताया कि पहले क्वार्टर फाइनल मैच में 43वीं वाहिनी एटा ने 8वीं वाहिनी बरेली को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में 28वीं वाहिनी इटावा और 49वीं वाहिनी गौतमबुद्धनगर के मध्य दूसरा क्वार्टर फाइनल खेला गया जिसमें 28वीं वाहिनी ने 49वीं वाहिनी को पेनाल्टी शूटआउट में 2-0 से हराकर मैच अपने नाम किया। उसके उपरांत तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच मेजबान 24वीं वाहिनी मुरादाबाद और 38वीं वाहिनी अलीगढ़ के मध्य खेला गया।

## आईपीएल 2025: पंजाब को हराकर फाइनल में पहुंची आरसीबी

एजेंसी

**मुल्लांपुर।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पंजाब किंग्स को क्वालिफायर 1 मुकाबले में आठ विकेट से हराकर आईपीएल 2025 के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। मुल्लांपुर के यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में खेले गए मैच में आरसीबी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और पंजाब किंग्स की टीम को 14.1 ओवर में महज 101 रनों पर ही ऑलआउट कर दिया। आरसीबी की टीम ने इस आसान लक्ष्य को केवल 10 ओवर में ही हासिल कर लिया। उल्लेखनीय है कि पंजाब की टीम के पास हार के बावजूद खिताबी मुकाबले में प्रवेश करने के लिए एक मौका है। ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के कारण पंजाब को एक अतिरिक्त मौका मिलेगा। पंजाब का सामना



क्वालिफायर-2 में रविवार को गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले एलिमिनेटर की विजेता टीम से होगा। अगर पंजाब वो मुकाबला जीतने में सफल रही तो फाइनल में पहुंच जाएगी जहां उसका सामना तीन जून को अहमदाबाद में आरसीबी से होगा।

# छठे एनएमपीए इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के लिए देश के शीर्ष सर्फर तैयार

एजेंसी

**मंगलुरु।** भारत की सर्फिंग दुनिया की नजरें एक बार फिर कर्नाटक के तटीय शहर मंगलुरु पर टिकी हैं, जहां तन्निरभवी इको बीच पर छठा एनएमपीए इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग (एनएमपीए आईओएस) शुरू होने जा रहा है। यह प्रतियोगिता 30 मई से 1 जून 2025 तक आयोजित की जाएगी और 2025 नेशनल सर्फिंग चैंपियनशिप सीरीज़ का दूसरा पड़ाव होगी। सर्फिंग स्वामी फाउंडेशन की ओर से आयोजित और मंतर सर्फ क्लब की मेजबानी में इस प्रतियोगिता को सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) का समर्थन प्राप्त है। यह संस्करण न केवल नेशनल चैंपियनशिप सीरीज़ का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, बल्कि देश के सर्वश्रेष्ठ सर्फरों के लिए कीमती रैंकिंग अंक अर्जित करने का भी अवसर है।तीन दिन की प्रतियोगिता में 50 से अधिक शीर्ष सर्फर हिस्सा लेंगे, जो चार श्रेणियों में मुकाबला करेंगे-मेन्स ओपन, विमेन्स ओपन, अंडर-16 (लड़के) और अंडर-16 (लड़कियां)। इस बार की मुख्य झलकियों में से एक है डिफेंडिंग नेशनल चैंपियन रमेश बुडिहाल और किशोर कुमार की वापसी, जो पिछले संस्करण से चूक गए थे, लेकिन इस बार पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरेंगे। वे हरीश मुथु, कमली पी, अजीश अली, श्रीकांत डी और संजय सेल्वमणि जैसे शीर्ष सर्फरों के साथ मैदान में उतरेंगे, जिन्होंने 2024 में एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप और मरहबा कप जैसे प्रतिष्ठित इवेंट्स में शानदार प्रदर्शन किया था। इन खिलाड़ियों के योगदान से भारत ने पिछले साल एशिया में 5वां स्थान हासिल किया और एची-नागोया 2026 एशियन गेम्स के लिए दो कोटा भी सुनिश्चित किए। इस वर्ष की प्रतियोगिता को और रोमांचक बनाता है लहरों का पूर्वानुमान, जिसमें 10 से 12 फीट ऊंची लहरों की संभावना जताई गई है। ये विशाल लहरें सर्फरों की तकनीक, सहनशक्ति और रणनीति की कड़ी परीक्षा लेंगी। अरब सागर में चक्रवाती गतिविधि और अस्थिर मौसम के चलते समुद्र की स्थिति अनिश्चित बनी हुई है, जिससे कार्यक्रम की समय-सारणी भी प्रभावित हो सकती है। बढ़ती चुनौती का असर राष्ट्रीय रैंकिंग पर भी पड़ेगा, खासकर जब एशियन सर्फ चैंपियनशिप 2025 निकट है, जो 2026 एशियन गेम्स के लिए क्वालिफायर भी है। इस साल की प्रतियोगिता मूल रूप से ससिहितलु बीच पर आयोजित की जानी थी, लेकिन मौसम और लहरों की अनुकूल स्थिति न होने के कारण इसे टन्नीर्भावी इको बीच स्थानांतरित कर दिया गया। वर्षों से इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग का पर्याय बन चुका ससीहितलु इस बार मेज़बान नहीं रहेगा, लेकिन नया स्थल समान लहर गुणवत्ता के साथ-साथ खिलाड़ियों और दर्शकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देता है।सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष और मंत्रा सर्फ क्लब के निदेशक राममोहन परांजपे ने कहा, हम मंगलुरु के तट पर छठा एनएमपीए इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग लेकर आने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। 10-12 फीट की लहरों और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की उपस्थिति इस प्रतियोगिता को बेहद रोमांचक और प्रतिस्पर्धी बनाएगी। इस आयोजन से पहले, स्थानीय स्तर पर ग्रोम सर्फ पहल के अंतर्गत कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनका उद्देश्य क्षेत्र की अगली पीढ़ी की सर्फिंग प्रतिभाओं को उभारना है।

# एशियाई विकास बैंक के अध्यक्ष से मिलीं वित्त मंत्री, ग्रामीण समृद्धि पर समर्थन मांगा

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मसातो कांडा से मुलाकात की। उन्होंने इस मुलाकात के दौरान रोजगार सृजन सहित एकीकृत ग्रामीण समृद्धि पहल के लिए अधिक समर्थन मांगा। वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट में बताया है कि वित्त मंत्री ने एडीबी अध्यक्ष मसातो कांडा से मुलाकात की। इस दौरान हुई चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत विजन के अनुरूप भारत-एडीबी साझेदारी को आकार देने पर केंद्रित थी। चर्चा के दौरान भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने भारत के 'सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन' दृष्टिकोण के साथ प्रणालीगत परिवर्तन लाने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 'बजट प्लस' और 'वित्त प्लस'



दृष्टिकोण पर जोर दिया। केंद्रीय वित्त मंत्री ने चर्चा के दौरान कहा कि 'अंत्योदय' सिद्धांत का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। उन्होंने एडीबी से एकीकृत ग्रामीण समृद्धि उपायों का समर्थन करने को कहा। सीतारमण ने विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप प्रणालीगत शहरी शासन सुधार, पारगमन उन्मुख विकास, नगर निगम वित्त सुदृढ़ीकरण को प्राप्त करने के लिए बुनियादी ढांचे से आगे बढ़ने पर भी जोर दिया। एशियाई विकास बैंक के अध्यक्ष मसातो कांडा ने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के भारत के दृष्टिकोण को समर्थन देने का आश्वासन दिया। उन्होंने भारत के विकास एजेंडे के लिए एडीबी के निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया, जिसमें बैंक के अंतरराष्?ट्रीय अनुभव का लाभ उठाना और सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाना शामिल है। इसके अलावा उन्होंने कौशल विकास, बुनियादी ढांचे, खाद्य प्रणालियों के परिवर्तन और निजी पूंजी का लाभ उठाने सहित भारत के लिए निरंतर समर्थन की प्रतिबद्धता जताई।

# इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और नेशनल सेमीकंडक्टर मिशन सही दिशा में उठाए गए कदम : सुनील मित्तल

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** भारती एंटरप्राइजेज के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने उद्योग जगत से बड़े लक्ष्यों की आकांक्षा रखने का आग्रह किया। साथ ही, उन्होंने देश के विकास में सभी हितधारकों के साथ विश्वास स्थापित करने की बात कही। राष्ट्रीय राजधानी में सीआईआई 'एनुअल बिजनेस समिट' में उन्होंने देश की क्षमता का निर्माण करने के लिए चार प्रमुख स्तंभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने 5जी डिप्लॉयमेंट में भारत की सफलता का उदाहरण भी दिया। मित्तल ने कहा कि राष्ट्र को जनसांख्यिकीय लाभांश को पहचानना चाहिए। उन्होंने कहा, 'भारत का युवा और ऊर्जावान वर्कफोर्स विकसित दुनिया के लिए एक परिसंपत्ति हो सकता है, लेकिन उद्योग और सरकार को इस टैलेंट पूल को भविष्य में नौकरी के लिए तैयार करने की दिशा में काम करना चाहिए। सुनील मित्तल ने कहा, भारत में वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) का तेजी से विकास इसका एक स्पष्ट संकेत है। रिसर्च और डेवलपमेंट फ्रंट पर देश को इनोवेशन के साथ-साथ डीप साइंटिफिक रिसर्च में अपने निवेश को बढ़ाने की आवश्यकता है तथा उद्योग को इसमें अग्रणी भूमिका निभाने की जरूरत है। मित्तल ने कहा कि आरएंडडी में सार्वजनिक-निजी भागीदारी भारत में मल्टीप्लायर इफेक्ट पैदा कर रही है। उन्होंने कहा, हमें उद्देश्य-संचालित उत्पाद और सेवाएं बनाने तथा अधिक वैल्यू एडिशन के साथ निर्यात पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। अगले 10 वर्षों में, सही निवेश के साथ, हम एक बड़ा परिवर्तन देख सकते हैं, विशेष रूप से सेमीकंडक्टर में, जो रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं।

# भारत अगले 30 वर्ष तक सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा: पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत अगले 30 वर्षों तक दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। राजधानी में उद्योग मंडल सीआईआई के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2025 में भारत की आर्थिक प्रगति पर चर्चा करते हुए श्री गोयल ने कहा कि देश ने छह-सात प्रतिशत की निरंतर वृद्धि को बनाए रखा है और स्थिर मूल्यों पर इसे आठ प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय उथल-पुथल के बीच भी, हम बेहतर प्रदर्शन करने वाले उभरते बाजारों में से हैं। आज, भारत के पास दुनिया का चौथा सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार है, जो लगभग 690 अरब डॉलर है। पिछले तीन महीनों से हमारी मुद्रास्फीति चार प्रतिशत से नीचे बनी हुई है। रिजर्व बैंक ने तरलता और मुद्रा प्रबंधन के बीच संतुलन बनाने का सराहनीय काम किया है। श्री गोयल ने भारत को निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बताते हुए कहा पिछले 20-25 वर्षों में, भारतीय कंपनियों ने साल दर साल लगभग 20 प्रतिशत का प्रतिफल दिया है, जिससे भारत एक आकर्षक निवेश गंतव्य बन गया है। एफडीआई प्रवाह लगातार रिकॉर्ड तोड़ रहा है। उन्होंने कहा,हम अंतरराष्ट्रीय व्यापार संबंधों के माध्यम से विकास पथ पर वापस आ गए हैं।उन्होंने विभिन्न मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर प्रगति का हवाला दिया, जिसमें यूएई, ऑस्ट्रेलिया, यूके, चार ईएफटीए देश (आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विटजरलैंड) और अमेरिका के साथ चल रहे द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता शामिल हैं।

# मध्य आय के जाल से बचने के लिए विश्वास, विनियमन और पारस्परिकता महत्वपूर्ण हैं :नागेश्वरन

**नयी दिल्ली।** भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने आज कहा कि विश्वास, विनियमन और पारस्परिकता मध्य आय के जाल से बचने और दीर्घकालिक आर्थिक समृद्धि प्राप्त करने की नींव हैं। श्री नागेश्वरन ने यहां आयोजित सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में प्रतिस्पर्धी होना: भारत के लिए नीतिगत अनिवार्यताएँ विषय पर सत्र को संबोधित करते हुए भारत की आर्थिक वृद्धि को प्रभावित करने वाली कई अनूठी चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रम-समृद्ध अर्थव्यवस्था वैश्विक पूंजी-गहन विकास मॉडल के विपरीत है, जो विनिर्माण और औद्योगीकरण को जटिल बनाती है। ऊर्जा परिवर्तन के लिए पर्याप्त निवेश की आवश्यकता होती है, जो पूंजी-आधारित विकास के लिए बाधाएँ खड़ी करता है। घरेलू आय और बचत में स्थिर वृद्धि महत्वपूर्ण है, लेकिन एआई और रोबोटिक्स नौकरी की स्थिरता को खतरे में डालते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की रिश्तेदारी आधारित सामाजिक संरचना व्यवसाय के विस्तार और अनुबंध प्रवर्तन में बाधा डालती है, जिससे आर्थिक प्रगति जटिल हो जाती है। सीईए ने सतत विकास और आर्थिक वृद्धि के लिए भारत की शीर्ष नीति प्राथमिकताओं पर जोर दिया जिसमें प्रमुख क्षेत्रों में ऊर्जा क्षेत्र सुधारों के माध्यम से ऊर्जा संक्रमण के साथ ऊर्जा सामर्थ्य और सुरक्षा को संतुलित करना।

# जियो ने अप्रैल में जोड़े रिकॉर्ड 26.4 लाख नए मोबाइल ग्राहक, फिक्स्ड ब्रॉडबैंड में भी बना दबदबा

**नई दिल्ली।** उद्योगपति मुकेश अंबानी की दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी रिलायंस जियो ने एक बार फिर दूरसंचार क्षेत्र में अपना दबदबा कायम रखते हुए इस वर्ष अप्रैल में 26 लाख 44 हजार से अधिक नए मोबाइल ग्राहक जोड़े, जिससे उसके कुल ग्राहकों की संख्या 47.24 करोड़ तक पहुंच गई। दूरसंचार नियामक ट्राई की जारी अप्रैल 2025 के आंकड़ों के अनुसार, जियो ने इस माह 26 लाख 44 हजार से अधिक नए मोबाइल ग्राहक जोड़े, जिससे उसके कुल ग्राहकों की संख्या 47.24 करोड़ तक पहुंच गई। जियो भारत की सबसे बड़ी मोबाइल सेवा प्रदाता बनी हुई है, जिसके पास कुल 40.76 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है। वहीं दूसरी ओर, एयरटेल ने अप्रैल में केवल 1.7 लाख ग्राहक जोड़े और अब उसके कुल ग्राहक 39 करोड़ हैं। इसी अवधि वोडाफोन-आइडिया को सबसे बड़ा झटका लगा है, जिसने 6.5 लाख से अधिक ग्राहक गंवाए हैं, जिससे उसका ग्राहक आधार 20.47 करोड़ रह गया है। देशभर में कुल मोबाइल कनेक्शनों की संख्या अब 115.89 करोड़ हो गई है।

# पंप एंड डंप मामले में फंसे अरशद वारसी, सेबी ने स्टॉक मार्केट में एंट्री पर 1 साल के लिए लगाया बैन

**नई दिल्ली।** मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने बॉलीवुड अभिनेता अरशद वारसी, उनकी पत्नी मारिया गोरेट और उनके भाई पर पंप एंड डंप मामले में कार्रवाई करते हुए उनपर 1 साल के लिए सिक्योरिटी मार्केट में कारोबार करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। मार्केट रेगुलेटर ने इन लोगों पर पांच-पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इसके साथ ही कुल मिलाकर इनसे 1.05 करोड़ रुपये की गलत तरीके से की गई काली कमाई को जब्त करने का भी आदेश दिया है। मार्केट रेगुलेटर सेबी ने ये कार्रवाई साधना ब्रॉडकास्ट लिमिटेड (एसबीएल) के शेयरों के भाव को गलत तरीके अपना कर बढ़ाने और फिर उन्हें ऊंचे दाम पर बेचने के मामले (पंप एंड डंप) में की है।

# केंद्र ने सीएसएस और सीएस के मूल्यांकन और अनुमोदन की 5 वर्षीय प्रक्रिया शुरू की

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) और केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं (सीएस) के मूल्यांकन और अनुमोदन की पांच साल की प्रक्रिया शुरू की है। वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों के साथ एक आधे दिन की कार्यशाला आयोजित की और अगले पांच वर्षों में जारी रखने के लिए 'केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) और केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं (सीएस) के मूल्यांकन और अनुमोदन' के लिए एक विस्तृत अभ्यास शुरू किया। नया 5 वर्षीय चक्र 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होगा और 16वें वित्त आयोग (एफसी) चक्र के साथ संरेखित है। मंत्रालय के मुताबिक इस कार्यशाला की अध्यक्षता कैबिनेट सचिव डॉ. टी.वी. सोमनाथन ने की। कार्यशाला में वित्त सचिव और आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ, व्यय विभाग के सचिव वुमलुनमंग वुलनाम और भारत सरकार के



विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिव शामिल हुए। विभिन्न मंत्रालयों के वित्तीय सलाहकार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी कार्यशाला में मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि सरकार की घोषित नीति के अनुसार नीति आयोग में विकास निगरानी मूल्यांकन संगठन (डीएमईओ) सीएसएस का मूल्यांकन कर रहा है, जबकि सीएस का मूल्यांकन संबंधित मंत्रालयों द्वारा चयनित तीसरे पक्ष की एजेंसियों द्वारा किया जा रहा है।

# रक्षा क्षेत्र के तीन डीपीएसयू को मिलेगा मिनी रत्न का दर्जा, रक्षा मंत्री ने दी मंजूरी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** देश की म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड (एमआईएल), आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड (एवीएनएल) और इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड (आईओएल) को 'मिनी रत्न' का दर्जा दिया जाएगा। तीन साल की अवधि में सरकारी संगठन से लाभ कमाने वाली कॉर्पोरेट इकाई में तब्दील होने के लिए इन डीपीएसयू को रक्षा मंत्री ने श्रेणी-ढ्ढ का दर्जा देने की मंजूरी दे दी है। उन्होंने टर्नओवर बढ़ाने, स्वदेशीकरण में सहयोग करने और अन्य मापदंडों को पूरा करने के लिए तीनों कंपनियों के प्रबंधन की भूमिका को सराहा। रक्षा मंत्रालय के अनुसार म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड ने अपनी स्थापना के बाद से ही कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसमें 2021-22 में 3314 करोड़ रुपये से लेकर वित्त वर्ष 2024-25 में 8214 करोड़ रुपये (अनंतिम) तक की बिक्री में 200 फीसदी से अधिक की शानदार वृद्धि शामिल है। निर्यात के मोर्चे पर एमआईएल ने वित्त वर्ष 2021-22 में 22.55




करोड़ रुपये से लेकर वित्त वर्ष 2024-25 में 3081 करोड़ रुपये तक की वृद्धि हासिल की है। एमआईएल के प्रमुख उत्पादों में छोटे, मध्यम और उच्च कैलिबर के गोला-बारूद, मोर्टार, रॉकेट, हैंड ग्रेनेड आदि शामिल हैं। बख्तरबंद वाहन निगम लिमिटेड ने 2021-22 में 2569.26 करोड़ रुपये से लेकर वित्त वर्ष 2024-25 में 4946 करोड़ रुपये (अनंतिम) तक की बिक्री में लगभग 190 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि देखी है। एवीएनएल ने सभी 3 प्लेटफार्मों यानी टी-72, टी-90 और बीएमपी-ढ्ढ के लिए इंजनों का 100 फीसदी स्वदेशीकरण भी हासिल किया है। इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड ने पिछले तीन वर्षों में अपनी बिक्री को 2021-22 में 562.12 करोड़ रुपये से बढ़ाकर वित्त वर्ष 2024-25 में 1541.38 करोड़ रुपये (अनंतिम) कर दिया है, जो 250 फीसदी से अधिक की वृद्धि है। मंत्रालय के अनुसार मिनी रत्न का दर्जा दिए जाने से ये कंपनियां रक्षा उत्पादन और निर्यात में तेजी से विकास और नई ऊंचाइयों को हासिल करने में सक्षम होंगी।

# आरबीआई के पास मौजूद सोने का मूल्य 57.12 फीसदी बढ़कर 4.32 लाख करोड़ रुपये

**एजेंसी**
**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की परिसंपत्ति के रूप में रखे गए सोने (स्वर्ण जमा सहित) का मूल्य 31 मार्च, 2025 तक 57.12 फीसदी बढ़कर 4,31,624.8 करोड़ रुपये हो गया है। इसकी वजह सोने की मात्रा में 54.13 टन की वृद्धि और इसकी कीमतों में बढ़ोतरी रही है। बैंकिंग विभाग की परिसंपत्ति के रूप में रखे गए सोने का मूल्य 31 मार्च, 2024 तक 2,74,714.27 करोड़ रुपये था। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जारी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में बताया कि 31 मार्च, 2025 तक केंद्रीय बैंक के पास कुल सोना 879.58 टन था, जबकि 31 मार्च, 2024 तक यह 822.10




टन था। यह इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में सोने की मात्रा में 57.48 टन की वृद्धि को दर्शाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 31 मार्च, 2025 तक 879.58 टन में से 311.38 टन सोना निर्गम विभाग की परिसंपत्ति के रूप में रखा गया, जबकि 31 मार्च, 2024 तक निर्गम विभाग के पास 308.03 टन सोना रखा गया था। रिपोर्ट के मुताबिक बैंकिंग विभाग की परिसंपत्ति के रूप में 31 मार्च, 2025 तक शेष 568.20 टन सोना रखा गया, जबकि 31 मार्च, 2024 तक यह 514.07 टन था। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट कहती है कि बैंकिंग विभाग की परिसंपत्ति के रूप में रखे गए सोने (स्वर्ण जमा सहित) का मूल्य 57.12 फीसदी बढ़कर 31 मार्च, 2025 तक 4,31,624.80 करोड़ रुपये हो गया। यह 31 मार्च, 2024 तक 2,74,714.27 करोड़ रुपये था। रिपोर्ट में कहा गया कि सोने की मात्रा में 54.13 टन की वृद्धिज्सोने की कीमत में तेजी और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये के मूल्यह्रास की वजह से हुई है। इसके अलावा केंद्रीय बैंक ने जारी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि वित्त वर्ष 2024-25 में बैंक नोटों की छपाई के खर्च में एक-चौथाई वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में बैंक नोट की छपाई पर होने वाला खर्च सालाना आधार पर करीब 25 फीसदी बढ़कर 6,372.8 करोड़ रुपये हो गया है।

# विकसित भारत के लिए देश में बढ़ानी होगी श्रम उत्पादकता : सुमन बेरी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।**नीति आयोग के वाइस चेयरमैन सुमन बेरी ने कहा कि श्रम उत्पादकता में निरंतर वृद्धि विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए जरूरी है। राष्ट्रीय राजधानी में सीआईआई एनुअल बिजनेस समिट में अपने संबोधन में बेरी ने कहा कि श्रम उत्पादकता बढ़ने से अप्रयुक्त क्षमता का लाभ उठाकर और श्रम गतिविधि को बढ़ाकर उच्च मूल्य संवर्धन होगा। इससे आय बढ़ाने, देश के जीवन स्तर को ऊपर उठाने और बेजोड़ जनसांख्यिकी की क्षमता का फायदा उठाने में मदद मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि भारत में श्रम उत्पादकता में अपेक्षित गति से सुधार नहीं हो रहा है। क्रय शक्ति समता में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार अमेरिका के आकार का आधा है, जबकि श्रम शक्ति का आकार अमेरिका के आकार का तीन गुना है।हमारा उद्देश्य अर्थव्यवस्था के विकास को उच्च स्तर पर ले जाने के लिए श्रम शक्ति का लाभ उठाना और बेहतर रोजगार पैदा करना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पादकता में ठहराव की समस्या का सामना यूके और कनाडा जैसे देशों को करना पड़ रहा है, जबकि भारत में उत्पादकता बढ़ रही है, हालांकि, यह चीन और आसियान की तुलना में कम है। बेरी ने कहा, भारत को प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए आत्मनिर्भरता और वैश्विक जुड़ाव का मिश्रण अपनाना चाहिए। हमें जर्मनी जैसे देशों की तरह भारत के लघु और मध्यम उद्योगों पर अधिक ध्यान देना चाहिए। भारतीय उद्योगों ने 1991 के सुधारों को सफलतापूर्वक पार कर लिया है और दुनिया में सर्वश्रेष्ठ उद्योगों के साथ प्रभावी रूप से प्रतिस्पर्धा करने का आत्मविश्वास हासिल कर लिया है।

# अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में दीव एक राष्ट्रीय उदाहरण : प्रल्हाद जोशी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि दीव अक्षय ऊर्जा अपनाने में एक राष्ट्रीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यहां दिन के समय बिजली की पूरी मांग सौर ऊर्जा से पूरी की जाती है। केंद्रीय मंत्री ने दीव में सौर ऊर्जा प्रगति की समीक्षा की और पीएम-सूर्य घर योजना के तेजी से कार्यान्वयन का आह्वान किया। प्रल्हाद जोशी ने दीव का दौरा किया और सौर ऊर्जा को अपनाने में इसकी महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने 'एम-सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना' के कार्यान्वयन का आकलन किया। केंद्रीय मंत्री ने दीव की इस असाधारण उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह भारत का पहला जिला है, जिसने बिजली की अपनी पूरी मांग सौर ऊर्जा से पूरी की और इसने 11.88 मेगावाट (9 मेगावाट जमीन पर स्थापित +2.88 मेगावाट छत पर) क्षमता हासिल की है।



केंद्रीय मंत्री ने दीव में प्रमुख सौर ऊर्जा सुविधाओं का दौरा किया, जिसमें फुदम स्थित 9 मेगावाट का सौर पार्क भी शामिल है। सौर पार्क दीव के सतत परिवर्तन का प्रतीक है और क्षेत्र की स्वच्छ ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जोशी ने कहा कि फुदम सौर पार्क ने पारेषण और वितरण (टीएंडडी) घाटे को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और बिजली दरों में संशोधन को सक्षम बनाया है, जिससे उपभोक्ताओं के लिए उन्हें अधिक किफायती बनाया जा सके। उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश प्रशासक प्रफुल पटेल के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके सकारात?मक दृष्टिकोण और दूरदर्शिता ने इस स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अक्षय ऊर्जा के दीर्घकालिक प्रभाव के बारे में चर्चा करते हुए प्रल्हाद जोशी ने कहा कि पिछले दशक में दीव में अक्षय ऊर्जा के बुनियादी ढांचे में किए गए पूंजी निवेश की भरपाई सौर ऊर्जा की आपूर्ति और बिक्री के जरिए पहले ही हो चुकी है। उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश के निवासियों के लिए इसके लाभों को अधिकतम करने और कुल घरेलू संपूर्णता को प्राप्त करने के लिए पीएम-सूर्य घर योजना को और भी तेज एवं अधिक प्रभावी कार्यान्वयन का आह्वान किया। जोशी ने कहा कि इस यात्रा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के प्रत्येक भाग में स्वच्छ ऊर्जा के इस्तेमाल में तेजी लाने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# केंद्र ने तय की गेहूं की स्टॉक सीमा, व्यापारियों को 15 दिन में घटाना होगा स्टॉक

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जमाखोरी रोकने और बाजार में कीमत को स्थिर रखने के लिए थोक व्यापारियों और खुदरा विक्रेताओं के लिए गेहूं की स्टॉक सीमा लागू कर दी है। थोक व्यापारी, खुदरा विक्रेताओं, व्यापारियों, स्टॉकिस्टों और प्रोसेसरों पर गेहूं की स्टॉक सीमा 31 मार्च, 2026 तक लागू रहेगी। खाद्य मंत्रालय की ओर से जारी निर्दिष्ट खाद्य पदार्थों पर लाइसेंसिंग आवश्यकताओं, स्टॉक सीमाओं और आवागमन प्रतिबंधों को हटाने (संशोधन) आदेश 27 मई को जारी किया गया है, जो सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगा। इस आदेश के तहत प्रत्येक श्रेणी के लिए विशिष्ट मात्रा निर्धारित की गई है, जबकि उन्हें अगले 15 दिनों के भीतर निर्धारित सीमा से अधिक मात्रा में गेहूं का निपटान करने के लिए कहा गया है। आदेश के मुताबिक अब थोक



व्यापारी 3 हजार मीट्रिक टन गेहूं रख सकते हैं, जबकि खुदरा विक्रेता के लिए स्टॉक की सीमा 10 मीट्रिक टन रखी गई है। मंत्रालय की ओर से जारी आदेश के मुताबिक स्टॉक की जानकारी सभी गेहूं भंडारण संस्थाओं को प्रत्येक शुक्रवार को गेहूं स्टॉक पोर्टल https://evegoils.nic.in/wsp/login पर देना है, जिसे समय के साथ https://foodstock.dfpd.gov.in पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। गेहूं की स्टॉक की स्थिति घोषित करना आवश्यक है। यदि कोई भी संस्था पोर्टल पर पंजीकृत नहीं पाई गई या स्टॉक सीमा का उल्लंघन करती पाई गई, तो उसके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 6 और 7 के तहत उचित दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# भारतीयों की छुट्टियों का ट्रेंड बदलाः अनुभवात्मक यात्रा और ज्यादा खर्च की ओर रुझान

एजेंसी
नई दिल्ली। व्यक्तिगत विकास, पारिवारिक जुड़ाव और सांस्कृतिक अनुभव का साधन बन चुकी भारतीयों की यात्रा का ट्रेंड लगातार बदल रहा है और पर्यटक अब गहराई से अनुभव करने के इरादे से यात्रा कर रहे हैं। थॉमस कुक (इंडिया) लिमटेड और उसकी ग्रुप कंपनी एसओटीसी ट्रैवल की जारी इंडिया हॉलिडे रिपोर्ट 2025 से स्पष्ट होता है कि भारतीय यात्री अब सिर्फ़ घूमने नहीं, बल्कि गहराई से अनुभव करने के इरादे से यात्रा कर रहे हैं। 2500 से अधिक उत्तरदाताओं पर आधारित इस सर्वे में भारतीयों की बदलती यात्रा आदतों, प्राथमिकताओं और खर्च की प्रवृत्तियों की गहन झलक मिलती है। रिपोर्ट इस ओर इशारा करती है कि अब यात्रा भारतीय जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। सर्वेक्षण में भाग लेने वाले 85 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि वे वर्ष 2025 में अपनी छुट्टियों की आवृत्ति बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। वहीं, 84 प्रतिशत लोग अपने यात्रा बजट को 20 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का इरादा रखते हैं। दिलचस्प बात यह है कि अब छोटी छुट्टियों के साथ-साथ लंबी छुट्टियों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। 54 प्रतिशत उत्तरदाता 5-10 दिनों की लंबी छुट्टियों की योजना बना रहे हैं।

# वित्त वर्ष 2026 में भारत के लिए रियल जीडीपी वृद्धि 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान : आरबीआई

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत के लिए रियल जीडीपी वृद्धि 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिसमें जोखिम समान रूप से संतुलित हैं। आरबीआई ने अपनी '2024-2025 वार्षिक रिपोर्ट' में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अपने मजबूत आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों, वित्तीय क्षेत्र और सस्टेनेबल विकास के प्रति प्रतिबद्धता के साथ वित्त वर्ष 2026 में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। वैश्विक वित्तीय बाजार में अस्थिरता, भू-राजनीतिक और व्यापार तनाव, सप्लाई चेन व्यवधान, जलवायु से जुड़ी अनिश्चितताओं के बावजूद यह वृद्धि बनी रहेगी। सभी कारक 'ग्रोथ आउटलुक' के लिए डाउनसाइड और 'मुद्रास्फीति आउटलुक' के लिए ऊपर की ओर जोखिम पैदा करते हैं।

भारत का आउटलुक 2025-2026 के लिए आशाजनक बना हुआ है। इस आउटलुक को उपभोक्ता मांग में सुधार, बैंकों और कॉरपोरेट्स की हेल्दी बैलेंस शीट, आसान वित्तीय स्थिति, सेवा क्षेत्र की निरंतर मजबूती और उपभोक्ता-व्यावसायिक आशावाद से मजबूती मिलेगी। साथ ही राजकोषीय कंसोलिडेशन के मार्ग पर चलते हुए




पूंजीगत व्यय पर सरकार का निरंतर जोर भी इस मजबूत आउटलुक को समर्थन देगा। आरबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है,'सामान्य से बेहतर दक्षिण-पश्चिम मानसून और उत्पादकता बढ़ाने वाली कई सरकारी नीतियों की वजह से 2025-26 में कृषि क्षेत्र के लिए संभावनाएं अनुकूल दिख रही हैं। साथ ही केंद्रीय बजट 2025-26 में कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई नई पहलों की घोषणा की गई है।' इसके अलावा, घरेलू मांग में सुधार, उपयोग की उच्च क्षमता, कॉरपोरेट-बैंकों की हेल्दी बैलेंस शीट और उपभोक्ता-व्यावसायिक आशावाद से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को 2025-26 में और गति मिलने की उम्मीद है। आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, सरकार का ध्यान पीएलआई योजना और नेशनल मैन्युफैक्चरिंग मिशन घोषणा के साथ मैन्युफैक्चरिंग के बेस को बढ़ाने पर है, जिसे 'मेक इन इंडिया' पहल से और अधिक बढ़ावा मिलेगा। मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर को लेकर आशावाद, आरबीआई के फॉर्वर्ड लुकिंग सर्वे में भी दिखाई देता है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने भू-राजनीतिक तनावों के बीच वित्त वर्ष 2025 में मजबूत बुनियादों और सक्रिय नीति उपायों के साथ बेहतर प्रदर्शन किया था। आरबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है, 'कई वैश्विक चुनौतियों के बीच भारतीय वित्तीय बाजारों ने मजबूत और व्यवस्थित चाल दर्ज की है।

केंद्र सरकार ने अपने राजकोषीय कंसोलिडेशन प्रयासों को बनाए रखा, जिसे कर राजस्व में उछाल और विवेकपूर्ण व्यय प्रबंधन से सपोर्ट मिला। वहीं, एक्सटर्नल फ्रंट पर, मजबूत सेवा निर्यात और स्थिर प्रेषण प्रवाह ने ट्रेड डेफिसिट की भरपाई की, जिससे करंट अकाउंट डेफिसिट एक स्थायी स्तर पर रहा।'



खूबसूरत दिखना हर कोई चाहता है। लोगों की यही चाहत ऐसे बहुत से रोजगार पैदा कर जाती है, जिसकी आमतौर पर सामान्य छात्र कल्पना नहीं करता। कॉस्मेटोलॉजी ऐसा ही क्षेत्र है। इसमें अनेक शाखाएं हैं, जहां भविष्य की संभावनाएं तलाशी जा सकती हैं। आप हेयर स्टाइलिस्ट, शैम्पू टेक्नीशियन, नख प्रसाधक, इस्थेटिशियन, ब्यूटी थेरेपिस्ट, नेल टेक्नीशियन और इलेक्ट्रोलॉजिस्ट तक बन सकते हैं और जॉब के रूप में हजारों तथा खुद का काम करके लाखों कमा सकते हैं।



# सौन्दर्य के संसार में खूबसूरत करियर

सुन्दर दिखने की चाहत और उसके लिए तरह–तरह के नुस्खों की आजमाइश जोरों पर है। इसके लिए बाजार में सौन्दर्य प्रसाधनों व लाइफ स्टाइल के उत्पादों की बाढ़ सी आ गई है। शेविंग क्रीम हो या टूथ पेस्ट, फेस क्रीम, स्क्रीन क्रीम या फिर शैम्पू, साबुन और तेल–ये सभी आम जीवन की जरूरतों में शामिल हैं। बाजार में रोजमर्रा की मांग ने इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी खूब पैदा किए हैं। कॉस्मेटोलॉजी का कोर्स इन अवसरों के बीच ही ले जाता है। इसकी मांग को देखते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय में भी इस कोर्स को करवाया जा रहा है।

## कॉस्मेटोलॉजी के रंग

इस कोर्स में छात्रों को पहले कॉस्मेटोलॉजी की विभिन्न ब्रांच और उसके विविध रूपों की जानकारी दी जाती है। ये ब्रांच हैं हेयर स्टाइलिस्ट, शैम्पू टेक्नीशियन, नख प्रसाधक, इस्थेटिशियन, ब्यूटी थेरेपिस्ट, नेल टेक्नीशियन और इलेक्ट्रोलॉजिस्ट। इसके बाद इन क्षेत्रों में काम आने वाले विभिन्न प्रोडक्ट्स के निर्माण के बारे में बताया जाता है। मसलन शेविंग क्रीम, टूथ ब्रश, पेस्ट, फेस क्रीम, सन्सक्रीम, नेल पॉलिश आदि। कोर्स से जुड़े विशेषज्ञों की मानें तो लाइफ स्टाइल और सौन्दर्य प्रसाधन से जुड़े जितने भी प्रोडक्ट प्रचलन में हैं, चाहे वे त्वचा संबंधी हों या आंख, नाक, कान, बाल, मुंह या शरीर के किसी और अंग से, इन सबके बारे में इस कोर्स में बताया जाता है। हेयर स्टाइलिस्ट को बालों के विभिन्न रूप, उनकी कटिंग और उनमें काम आने वाले कैमिकल्स की जानकारी दी जाती है। बालों को सुंदर बनाने की कला से भी रूबरू कराया जाता है।



शैम्पू टेक्नीशियन को आमतौर पर शैम्पू बनाने की विधियां, उसमें इस्तेमाल होने वाले रसायन और उसके इस्तेमाल की तरकीबें बताई जाती हैं। नख प्रसाधन के क्षेत्र में हाथ और पैर को सुन्दर बनाने वाली पॉलिश और क्रीम आदि के बारे में बताया जाता है। साथ ही देखभाल के बारे में जानकारी दी जाती है।

इस्थेटिशियन को आमतौर पर त्वचा की देखभाल की कला सिखाई जाती है। उसे नई तकनीक के इस्तेमाल से अंग लेपन, फेशियल मसाज आदि से अवगत कराया जाता है। इसमें दक्ष इस्थेटिशियन चाहे तो स्वतंत्र रूप से सैलून या स्पा में काम कर सकता है। वह चाहे तो किसी डॉक्टर को इस क्षेत्र की प्रैक्टिस में सहायता भी प्रदान कर सकता है। इस्थेटिशियन को त्वचा की देखभाल संबंधी उत्पाद की जानकारी के साथ–साथ उसके नफे–नुकसान के बारे में बताया जाता है। त्वचा की पूरी तरह से देखभाल के कारण इसे स्किन केयर थेरेपिस्ट भी कहा जाता है।

ब्यूटी थेरेपिस्ट को मशीन द्वारा बालों को हटाना, आंखों की पुतलियां सजाना, ठीक करना जैसी चीजों के बारे में दक्ष बनाया जाता है। इलेक्ट्रोलॉजिस्ट को इलेक्ट्रोलिसिस का इस्तेमाल करना सिखाया जाता है। विद्युत तरंगों से लैस मशीन से बाल को उखाड़ना या उसे उगाना जैसे काम इसमें बखूबी किए जाते हैं। कोर्स में छात्रों को सामान्य मेडिसिन की जानकारी भी दी जाती है। हालांकि डॉक्टर की तरह इलाज करना उसका काम नहीं होता। उसे सौन्दर्य प्रसाधन से जुड़े प्रोडक्ट्स का क्या–क्या असर होगा, यह भी पढ़ाया जाता है। मोटापा बढ़ने पर वजन कम करने और आकर्षक लुक व सुडौल शरीर कैसे बने, इसका भी ज्ञान दिया जाता है। यही नहीं, उसे मानव साइकोलॉजी का भी पाठ पढ़ाया जाता है। कोर्स में एनेलिटिकल कैमिस्ट्री का भी पाठ शामिल है।

## दाखिले की प्रक्रिया

दाखिले के लिए कहीं 12वीं पास तो कहीं बीएससी या स्नातक की मांग की जाती है। कैमिस्ट्री की पढ़ाई करने वालों के लिए यह और फायदेमंद हो जाता है। यह कोर्स सरकारी और गैर–सरकारी, दोनों तरह के संस्थानों में चल रहे हैं।



## रोजगार कहां

कोर्स को करने के बाद छात्र चाहे तो खुद बॉडी केयर सेंटर खोल सकते हैं। दिल्ली जैसे शहर में इस तरह के सेंटर से लोग प्रति माह हजारों रुपए कमा रहे हैं। आप ब्यूटीशियन के लिए बतौर कंसलटेंट काम कर सकते हैं। कॉस्मेटिक प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनियों में भी काफी अवसर हैं। छात्र चाहे तो कॉस्मेटिक निर्माण की यूनिट भी लगा सकता है। जहां तक आय का सवाल है, कोई चाहे तो किसी के यहां काम करके 20 से 30 हजार रुपए भी कमा सकता है और स्वरोजगार में लाख, दो लाख रुपए महीना भी।




